जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर
Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 32 संख्याः 108 प्रभात उदयपुर, बुधवार 19 फरवरी, 2025 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

# क्या अपने कूटनीतिक फायदे के लिए अमेरिका, यूक्रेन वॉर खत्म करना चाहता है

## और इसके लिए रूस की शर्त मानने और किसी भी हद तक जाने को तैयार है

- **रूस की पहली शर्त है कि यूक्रेन संबंधी वार्ता में ब्रिटेन व यूरोपियन यूनियन को शामिल नहीं किया जाए, क्योंकि वे रूस विरोधी मानसिकता से ग्रस्त हैं। रूस की यह शर्त मान ली गई है, क्योंकि सऊदी अरब में हो रही यूक्रेन वार्ता में सिर्फ रूस व अमेरिका ही बैठेंगे। यहाँ तक कि यूक्रेन को भी अलग रखा गया है।**
- **रूस की एक और शर्त है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति ज़ैलेंस्की इस्तीफा दें तथा युद्ध के खत्म होने के बाद यूक्रेन से दूर हो जाए। यही नहीं, रूस ने यूक्रेन के जिन चार क्षेत्रों की 75 प्रतिशत जमीन पर कब्जा कर लिया है, वे यूक्रेन के क्षेत्र पूरी तरह से रूस को सौंप दिए जाएं।**
- **रूस की एक अन्य शर्त यह है कि यूक्रेन का निशस्त्रीकरण किया जाए और उसे नाटो में शामिल न किया जाए।**
- **ज्ञातव्य है कि इनमें से कोई भी शर्त यूरोपियन यूनियन व ब्रिटेन को स्वीकार नहीं है। क्योंकि अगर इन शर्तों के आधार पर युद्ध समाप्त हुआ तो इससे ''जिसकी लाठी उसकी भैंस'' कहावत की पुष्टि होगी।**

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 फरवरी। रूसी राष्ट्रपति, व्लादिमीर पुतिन, पहले ही अपनी कूटनीति से एक बहुत बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर चुके हैं और वह है यूरोप को संयुक्त राज्य अमेरिका से अलग करना।

अपनी घोषित मंशा के तहत अमेरिका, यूक्रेन युद्ध को तुरंत समाप्त करने के लिए, रूस के साथ अकेले वार्ता करने जा रहा है, यूरोपीय देशों को शामिल किए बिना। इससे यूरोपीय देशों को झटका लगा है।

यदि युद्ध दोनों प्रमुख वार्ताकारी वर्तमान वार्ता की स्थिति के आधार पर समाप्त होता है, तो यह एक पूरी तरह से नई वैश्विक व्यवस्था की शुरुआत करेगा। यह जिसकी ''लाठी उसकी भैंस'' कहावत को चरितार्थ करेगा। जबकि पूर्व वैश्विक व्यवस्था कानून के शासन और देशों की संप्रभुता का सम्मान करती थी।

जबकि यूक्रेन का भविष्य सऊदी अरब में आयोजित वार्ताओं में तय किया जा रहा है, पर यूक्रेन इसमें शामिल नहीं है और किसी भी वार्ता से बहुत दूर है। चूँकि, नए अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के पुनरारंभ पर यूक्रेन युद्ध को तुरंत समाप्त करने का वादा किया था, इसलिए रूस वार्ता में अपनी बात मनवाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के उच्च स्तरीय प्रतिनिधि सऊदी अरब की राजधानी में युद्ध को समाप्त करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए मीटिंग कर रहे हैं। हालांकि, यूएन में रूस के राजदूत वासिली नेबेंजिया ने ऐसी शर्तें रखी हैं जो यूक्रेन के लिए स्पष्ट रूप से अस्वीकार्य हैं।

उनकी पहली शर्त यह है कि यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम की यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की वार्ता में कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। रूस के राजदूत ने कहा कि यूरोपीय संघ और यूके के पास शुरु से ही रूसी विरोधी भावना से ग्रस्त हैं और इसलिए वे किसी भी वार्ता का हिस्सा नहीं हो सकते।

नेबेंजिया ने यह भी कहा कि यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जैलेन्स्की को इस्तीफा देना होगा और युद्ध समाप्त होने के बाद या वार्ताओं में यूक्रेन से संबंधित किसी भी मामले में उनकी कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए।

तीसरी शर्त यह है यूक्रेन रूस को उन क्षेत्रों का और ज्यादा भाग सौंपेगा जो पहले से रूस के अधीन है, इनमें वे चार क्षेत्र हैं, जिनका 75 प्रतिशत से ज्यादा भाग रूस के कब्जे में है।

अंत में, रूस ने यह आग्रह किया है कि यूक्रेन का निशस्त्रीकरण किया जाना चाहिए और उसे नाटो गठबंधन का हिस्सा नहीं बनाया जाना चाहिए। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। ऐसी किसी भी शर्त को स्वीकार करना यूक्रेन या उसके वर्तमान सहयोगियों, अर्थात् यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम के लिए

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# तेज रफ्तार डंपर ने लोडिंग ऑटो को टक्कर मारी, 6 की मौत

भिंड, 18 फरवरी। मध्यप्रदेश के भिंड जिले में भिंड-इटावा मार्ग पर जवाहरपुरा गांव के पास आज सुबह डंपर की टक्कर से लोडिंग वाहन सवार छह लोगों की मौत हो गयी और बीस अन्य घायल हो गए।

पुलिस सूत्रों के अनुसार लोडिंग ऑटो में सवार एक दर्जन से अधिक लोग विवाह समारोह के बाद जवाहरपुरा गांव से भवानीपुरा गांव लौट रहे थे, तभी जवाहरपुरा गांव के पास यह हादसा हुआ। तेज रफ्तार डंपर ने सड़क किनारे खड़े लोडिंग ऑटो को टक्कर मार दी। दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर मौत हो गयी,

- **विवाह समारोह में भाग लेकर अपने गाँव लौटने के लिये लोग लोडिंग ऑटो में बैठ रहे थे, जब यह टक्कर हुई।**

जबकि एक की ग्वालियर में इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। हादसे में घायल हुए 20 लोगों का इलाज किया जा रहा है। दुर्घटना के बाद डंपर चालक मौके से भाग निकला। हादसे के बाद ग्रामीणों ने जाम लगा दिया और हाइवे को सिक्सलेन बनाने की मांग करते हुए कलेक्टर, एसपी और सांसद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की। पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि जवाहरपुरा निवासी राकेश जाटव के बेटे की शादी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 4340 करोड़ रूपए की घोषित आय के साथ भाजपा सब से अमीर पार्टी

## भाजपा की कुल आय 5 राष्ट्रीय दलों की संयुक्त इन्कम से भी ज्यादा है

- **एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने एक रिपोर्ट में विभिन्न राजनैतिक दलों के वित्त वर्ष 23-24 के आय-व्यय का ब्यौरा दिया।**
- **रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा ने अपनी कुल आय का 50.96 प्रतिशत, यानि 2,211.698 करोड़ रूपए खर्च किए।**
- **रिपोर्ट कहती है, कांग्रेस की कुल आय 1225.119 करोड़ रूपए रही, वहीं पार्टी ने इसका 83.65 प्रतिशत, यानि की 1024.248 प्रतिशत खर्च किया।**

-श्रीनन्द झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 फरवरी। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान, 4340.473 करोड़ रूपए की घोषित आय के साथ, भाजपा ने आय के मामले में अन्य राजनैतिक पार्टियों को बहुत पीछे छोड़ दिया है। विस्मित कर देने वाली भाजपा की आय पाँच राष्ट्रीय दलों की कुल आय की तीन गुना से भी अधिक है। जहाँ भाजपा का यह वित्तीय प्रभुत्व चन्दा प्राप्त करने की उसकी अद्‌भुत क्षमता पर प्रकाश डालता है, वहीं, यह भारत की राजनैतिक निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न भी खड़े करता है।

वित्त वर्ष 2023-24 में, भाजपा ने अपनी कुल आय का केवल 50.96 प्रतिशत ही खर्च किया है। ''इलैक्शन वॉचडॉग,'' एसोसिएशन फॉर डैमोक्रेटिव रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार, भाजपा ने 2,211.698 करोड़ रूपए खर्च किये हैं।

रिपोर्ट कहती है कि इसी अवधि के दौरान, कांग्रेस की कुल आय 1,225.119 करोड़ रूपए रही तथा उसने 1025.248 करोड़ रूपए खर्च किये। इस प्रकार, कांग्रेस का खर्च उसकी कुल आय का 83.69 प्रतिशत था।

भाजपा और कांग्रेस के अलावा, अन्य चार राष्ट्रीय दल इस प्रकार हैं- बहुजन समाज पार्टी, मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी, आम आदमी पार्टी तथा नैशनल पीपुल्स पार्टी। एडीआर रिपोर्ट, आय-व्यय की उस विवरणिका पर आधारित होती है, जिसकी घोषणा राजनैतिक दल अपनी उन वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट्स में करते हैं, जो भारत के चुनाव आयोग में पेश की जाती हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, जहाँ बसपा, एनपीईपी तथा आप अपनी ऑडिट रिपोर्ट गत वर्ष 31 अक्टूबर, जो रिपोर्ट पेश करने की अंतिम तिथि थी, से पहले ही पेश कर दी थीं, माकपा (सी.पी.एम.), कांग्रेस तथा भाजपा ने अपनी रिपोर्ट क्रमशः 12 दिन, 53 दिन तथा 66 दिन के विलम्ब से पेश की थीं।

वित्त वर्ष 2023-24 में, माकपा की कुल घोषित आय 167.636 करोड़ रूपए थी, जिसमें से पार्टी ने 127.283 करोड़ रूपए खर्च किये थे, जो कुल आय का लगभग 75 प्रतिशत थे। बसपा की कुल आय 64.7798 करोड़ रूपए थी तथा इसका खर्च 43.189 करोड़ रूपए था, जो उसकी आय का लगभग 66 प्रतिशत था।

वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 के बीच, भाजपा की आय

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'मुस्लिम कर्मचारी रमज़ान में चार बजे घर जा सकेंगे'

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री रैवन्त रेड्डी के इस आदेश ने कांग्रेस को मुश्किल में डाला

- **तेलंगाना सरकार के इस आदेश पर भाजपा ने कांग्रेस को घेरा और कहा, यह ही है कांग्रेस का असली चेहरा, मुस्लिम तुष्टिकरण।**
- **भाजपा नेताओं व कई हिंदू संगठनों ने इस निर्णय की आलोचना की और कहा कि ऐसी छूट हिंदू त्योहारों पर क्यों नहीं दी जाती।**

-लक्ष्मण वैंकट कुची-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 फरवरी। क्या तेलंगाना में कांग्रेस के मुख्यमंत्री अपने शासन करने के तरीके से पार्टी की मदद कर रहे है या पार्टी का नुकसान कर रहे हैं।

देश की कुछेक कांग्रेस सरकारों में से एक तेलंगाना सरकार ने तो बजट पेश किया था वो सिर्फ बजट नहीं बल्कि गवर्नेंस का मॉडल था, जिसे कांग्रेस बतौर उदाहरण पेश कर सकती थी, खासकर भाजपा की आलोचना के जवाब में लेकिन उसी तेलंगाना सरकार ने पार्टी पर अल्पसंख्यक तुष्टिकरण करने वाली पार्टी का ठप्पा लगा दिया। तेलंगाना सरकार ने भाजपा को खुद ऐसा मुद्दा थमा दिया है जिसका वह कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल कर सकती है।

तेलंगाना सरकार ने आदेश निकाला है कि राज्य सरकार के व सरकारी निकायो व पी.एस.यू. के मुस्लिम कर्मचारी रमज़ान के महीने में शाम को एक घंटा पहले घर जा सकते हैं। इस आदेश ने भारी विवाद खड़ा कर दिया है। अन्य धर्मों के लोगों का सोशल मीडिया पर कहना है कि उन्हें भी अपने त्यौहारों पर ऐसी छूट चाहिए।

सरकार के आदेश में लिखा है कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोग 2 मार्च से 31 मार्च के बीच 4 बजे ऑफिस छोड़ सकते हैं। स्पष्ट रुप से इस कदम का लक्ष्य है कि मुसलमानों को रमजान के महीने में नमाज के लिए छुट्टी देना है।

पर अब भाजपा ने इस मुद्दे को लपक लिया है और कांग्रेस के खिलाफ अपने पुराने मसले को और तेज बनाकर प्रयुक्त कर रही है भाजपा का कहना है कि कांग्रेस हिंदुओं की कीमत पर मुसलमानों का तुष्टिकरण कर रही है।

भाजपा विधायक राजा सिंह ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि कांग्रेस ने ऐसे कदम और कुछ नहीं बल्कि उसकी तुष्टिकरण राजनीति का चरम है। राजा सिंह ने पूर्व में आरोप लगाया था कि कांग्रेस मुसलमान वोटों को तवज्जो देने के कारण जीती हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# एचएआई अतिक्रमण हटाने की दैनिक रिपोर्ट 25 को पेश करे

जयपुर, 18 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट ने अजमेर हाईवे पर अतिक्रमण से जुड़े मामले में एनएचएआई की ओर से अतिक्रमण हटाने की धीमी कार्रवाई को लेकर नाराज़गी जताई है। अदालत ने कहा, यह बड़े आश्चर्य की बात है कि एनएचएआई ने 90 दिन में 90 अतिक्रमण ही हटाए हैं। इसके साथ ही, अदालत ने एनएचएआई को कहा कि वे मौके से हटाए जाने वाले अतिक्रमण की दैनिक आधार पर रिपोर्ट तैयार करें और

- **हाईकोर्ट ने आश्चर्य व्यक्त किया, अजमेर हाईवे पर एनचनआई ने 90 दिन में केवल 90 अतिक्रमण हटाये।**

आगामी 25 फरवरी को अदालत में पेश करें। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह और जस्टिस मनीष शर्मा ने ये आदेश रायचंद चौधरी की ओर से दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान जेडीए की ओर से कहा गया कि हाईवे और सर्विस लेन की जमीन को एनएचएआई को सुपुर्द किया जा चुका है। ऐसे में जो भी अतिक्रमण है, वह एनएचएआई की

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'महाकुंभ, मृत्युकुंभ में बदल गया है,' ममता बनर्जी ने कहा

## भाजपा ने कहा, हिंदू विरोधी हैं, प.बंगाल की मुख्यमंत्री

- **ममता बनर्जी ने प.बंगाल विधानसभा में प्रयागराज में हुई भगदड़ और उसमें हुई मौतों को मुद्दा बनाया व कहा कि सरकार ने सैंकड़ों शव छिपा लिए ताकि मौतों की संख्या कम दिखाई जा सके। भाजपा सरकार की अव्यवस्था ने महाकुंभ को मृत्युकुंभ में बदल दिया।**
- **ममता बनर्जी की इन टिप्पणियों पर विपक्षी दल भाजपा ने भारी नारेबाजी की और उन्हें हिंदू विरोधी मुख्यमंत्री करार देते हुए कहा कि ''महाकुंभ'' जैसे पवित्र अवसर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।**

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 फरवरी। अगले वर्ष होने वाले पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों को लेकर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच लड़ाई जोर पकड़ती दिखाई देने लगी है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज कहा कि भगदड़ की घटनाओं के कारण, महाकुंभ ने ''मृत्युकुंभ'' का रूप ले लिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस धार्मिक आयोजन के दौरान, मरने वालों की वास्तविक संख्या अधिकारियों द्वारा दबा दी गई है।

भाजपा ने बनर्जी के इस बयान पर तत्काल पलटवार किया। पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायकों ने मंगलवार को तृणमूल प्रमुख ममता बनर्जी के विरूद्ध विरोध प्रदर्शन किया तथा इस समय चल रहे महाकुंभ मेले के बारे में उनकी ''मृत्युकुंभ'' वाली टिप्पणी को लेकर उन्हें ''हिन्दू-विरोधी मुख्यमंत्री'' की संज्ञा दी।

पिछले माह, उत्तर प्रदेश के महाकुंभ नगर प्रयागराज में कम से कम 30 लोग मर गये थे तथा 60 लोग घायल हो गये थे। इसके अलावा, अभी हाल ही में, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जमा भारी भीड़ में भगदड़ के कारण 18 लोगों की मृत्यु हो गई थी।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर हमला बोलते हुये, ममता बनर्जी ने कहा, ''महाकुंभ ने ''मृत्युकुंभ'' का रूप ले लिया है। मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूँ। मैं गंगा माँ का सम्मान करती हूँ। लेकिन (इस अवसर पर) योजना जैसी कोई चीज नहीं है। ....... धनवान लोगों तथा वीआईपी लोगों के लिये एक लाख रूपए तक के कैम्प प्राप्त करने की व्यवस्था है। गरीबों के लिये कुंभ में कोई इंतजाम नहीं है....... किसी भी ''मेला'' में भगदड़ की स्थिति एक सामान्य बात है। लेकिन व्यवस्था करना जरूरी एवं महत्वपूर्ण होता है। आपने क्या योजना बनाई थी?''

राज्य विधानसभा में अपने संबोधन के दौरान बनर्जी ने कहा, ''मरने वालों की संख्या कम दिखाने के लिये सैकड़ों लाशें छिपा दी गई हैं। भाजपा शासन में, महाकुंभ ''मृत्युकुंभ'' में तब्दील हो गया है।''

बनर्जी ने महाकुंभ में हुई भगदड़ को ''अत्यन्त हृदय-विदारक'' बताया तथा जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बड़ी धार्मिक भीड़ वाले अवसरों पर बेहतर योजना एवं प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा, ''जब लोगों की सुरक्षा की बात आती है तो ऐसी घटनाओं के दौरान हुईं दुखद मृत्यु सोच-समझ कर बनाई गई योजनाओं की महत्ता दर्शाती हैं।

ममता बनर्जी ने उत्तर प्रदेश सरकार की इस बात के लिये भी आलोचना की कि सरकार ने ''उचित व्यवस्थाएं किये बिना'' महाकुंभ को लेकर अति प्रचार-प्रसार पर ज्यादा ध्यान दिया।

उन्होंने कहा, ''महाकुंभ में हुई

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# गुजरात निकाय चुनावों में भाजपा की भारी जीत

अहमदाबाद, 18 फरवरी। दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव में क्लीन स्वीप किया था। छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव में भाजपा ने सभी 10 नगर निगम जीते थे। अब गुजरात के निकाय चुनाव में भी भाजपा का डंका बजा है। मंगलवार को आए नतीजों ने बीजेपी को गदगद कर

- **68 में 60 नगर पालिकाओं पर भाजपा ने जीत हासिल की, कांग्रेस से बेहतर प्रदर्शन सपा का रहा, उसने 2 नगर पालिकाएं जीतीं।**

दिया। गुजरात की 68 नगर पालिकाओं में से 60 पर भाजपा ने जीत हासिल करते हुए पूर्ण बहुमत प्राप्त किया है। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बधाई संदेश लिखते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को बधाई दी। साथ ही

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# यूक्रेन वॉर पर यूरोप की एकता में दरार डाल रहा है अमेरिका

## यूरोपियन यूनियन और ब्रिटेन के बिना रूस से समझौता की वार्ता कर रहे हैं राष्ट्रपति ट्रम्प

- **विशेषज्ञों का कहना है, ट्रम्प का यह कदम क्षेत्रीय विवाद निपटाने में सैन्य बल के इस्तेमाल को बढ़ावा देगा। यूरोपियन यूनियन को आशंका है कि ट्रम्प के इस रुख से रूस को अन्य देशों के खिलाफ सैन्य बल प्रयुक्त करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।**
- **यूरोपियन यूनियन के नेताओं ने कहा कि ट्रम्प का निर्णय लेने का तरीका नाटो को भी विघटित कर सकता है, जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद बना था तथा रूस के विरूद्ध हमेशा खड़ा रहा था।**

-सुकुमार साह-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 18 फरवरी। यूक्रेन युद्ध के प्रति यूरोपियन प्रतिक्रिया को एकजुट रखने वाला अमेरिका अब उस एकता को तोड़ता हुआ नजर आ रहा है। एक तरफ डॉनल्ड ट्रंप युद्ध को समाप्त करने का प्रयास कर रहे हैं, वहीं यूरोपीय नेता और नीति निर्माता चिंतित हैं कि वाशिंगटन की ताज़ा रणनीतियाँ महाद्वीप को विभाजित कर रही हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे.डी. वैंस और अन्य शीर्ष अधिकारियों ने पिछले हफ्ते यूरोप की अपनी पहली यात्रा में मित्र व सहयोगी राष्ट्रों के बीच मतभेद की विवादास्पद स्थिति पैदा कर दी। उन्होंने खुले तौर पर अतिवादी दक्षिणपंथी नेताओं को गले लगाया, यूरोप के खनिज संसाधनों तक पहुंच की मांग की, और ऐसी सहानुभूतियाँ व्यक्त कीं, जो रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के दृष्टिकोण के साथ मेल खाती थीं। सप्ताह के अंत तक, यूरोपीय नेता रूस के साथ शांति वार्ता से बाहर किए जाने की चिंताजनक संभावना का सामना कर रहे थे। इसके अलावा, उन्हें वाशिंगटन के साथ ट्रेड वॉर का खतरा और यूक्रेन में युद्धविराम लागू करने के लिए अतिरिक्त सैनिकों को भेजने के दबाव का सामना भी करना पड़ा, जबकि, युद्ध विराम के निर्णय में यूरोपीय नेताओं की कोई भागीदारी नहीं थी।

ट्रंप की नीति ने उन लोगों में भारी चिंता पैदा कर दी है, जो लंबे समय से अमेरिका-यूरोप गठबंधन के समर्थक रहे हैं। दशकों तक, द्वितीय युद्ध के बाद, वाशिंगटन ने यूरोप के पुनर्निर्माण में मदद की और राष्ट्रों के बीच आपसी संघर्षों को रोकने के लिए यूरोपीय संघ को प्रोत्साहित किया। आलोचकों का कहना है कि ट्रंप के कदम अब इन प्रयासों को नष्ट कर रहे हैं, क्रैमलिन को प्रोत्साहित कर रहे हैं, और सैन्य बल द्वारा क्षेत्रीय विवादों को निपटाने के खतरे फिर से बढ़ा रहे हैं।

इसके अलावा, यूक्रेन या यूरोपियन नेताओं से परामर्श किए बिना पुतिन के साथ ट्रंप की सीधे, 90 मिनट की बातचीत ने चिंता को और बढ़ा दिया। बातचीत के बाद, उनके द्वारा दिए गए बयान से आभास हुआ कि वे रुस के इस दावे को वैध ठहरा रहे हैं कि नाटो का एक्सपैंशन (विस्तार) यूक्रेन पर रुस के आक्रमण को सही ठहराता है, जो अमेरिका की वर्षों पुरानी नीति के खिलाफ है।

ट्रंप के सहयोगियों का कहना है कि उनकी रणनीति विभाजन पैदा करने के बारे में नहीं, बल्कि आवश्यक बदलावों को लेकर है। ट्रंप के विशेष दूत कीथ कैलॉग ने उनकी रणनीति की तुलना चिकित्सीय प्राथमिक उपचार से की: ''पहले, आप खून बहना रोकते हैं, फिर शॉक का इलाज करते हैं।'' उनका तर्क है कि इस संघर्ष को केवल यूरोपीय समस्या के रूप में नहीं, बल्कि वैश्विक लड़ाई के रूप में देखा जाना चाहिए।

तथापि, यूरोपीय अधिकारियों का कहना है कि मनमाने ढंग से ट्रंप का निर्णय लेने का तरीका, उन गठबंधनों को खत्म कर रहा है, जो बहुत मुश्किल से बने थे। जिन लोगों ने उनके प्रशासन के साथ संपर्क स्थापित करने की कोशिश की थी, उनका विश्वास भी कमज़ोर हुआ है। उदाहरण के लिए, यूक्रेन और रूस पर महीनों तक कैलॉग के साथ काम करने के बाद, यूरोपीय कूटनीतिज्ञों को यह जानकर हैरानी हुई कि ट्रंप ने उन्हें हटा कर अपने व्यक्तिगत मित्र स्टीव विटकॉफ को क्रैमलिन के साथ महत्वपूर्ण बातचीत के लिए नियुक्त कर दिया।

नीदरलैंड्स के रक्षा मंत्री रूबेन ब्रीकलमैन्स ने एकता की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, ''हमें तानाशाही के खतरों के खिलाफ एकजुट होना चाहिए, लोकतंत्र पर लड़ने के बजाय। हमारी ताकत एकता में है।''

डैनमार्क की प्रधानमंत्री मेता फ्रेदरिक्सन ने ट्रंप के रुख के व्यापक परिणामों के बारे में चिंता व्यक्त की। ''हम सक्रिय युद्ध में लिप्त नहीं हो सकते, लेकिन निश्चित रूप से यह शांति का समय नहीं है। यह एक वास्तविक खतरा है कि रूस को छूट देने का कोई भी समझौता उसे फिर से हथियारों के पुनः निर्माण और अपनी आक्रामकता जारी रखने की अनुमति देगा, चाहे वह यूक्रेन में हो या कहीं और।''

# सत्येन्द्र जैन पर मनी लॉन्डरिंग का केस चलेगा

नई दिल्ली, 18 फरवरी। दिल्ली में सत्ता गंवाने के बाद आज आम आदमी पार्टी को एक और झटका लगा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आप नेता सत्येन्द्र जैन पर मनी लॉन्ड्रिंग का केस चालने के लिए प्रवर्तन निदेशालय को अनुमति दे दी है। ईडी अब राष्ट्रपति की मंजूरी की जानकारी देते हुए एक नया पूरक आरोप

- **राष्ट्रपति मुर्मू ने आप सरकार के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ केस चलाने की प्रवर्तन निदेशालय को अनुमति दी।**

पत्र अदालत में दाखिल करेगा। बता दें कि गृह मंत्रालय ने दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 218 के तहत मंजूरी मांगी थी।

गृह मंत्रालय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच और पर्याप्त सबूतों के

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

संपदा को जोड़-जोड़ कर रखने वाले को भला क्या पता कि दान में कितनी मिठास है। –आचार्य श्रीराम शर्मा

# राज्य में सिनेमा निर्माण की चुनौतियां व सरकार से अपेक्षाएं

राजस्थान में सिनेमा निर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकारें फिल्म नीति में कुछ नया करने की कवायद बार-बार करती रहीं हैं। राज्य सरकार इस समय फिर इस कसरत में लगी है। अचंभे की बात यह है कि नीति पर सोच-विचार अमूमन विधानसभा में राज्य का सालाना बजट प्रस्तुत करने के थोड़े दिन पहले ही हर साल होता है। हर बार नीति पर विमर्श एक छोटे समूह में ही होता है जिसमें प्रशासनिक अधिकारियों का बोलबाला रहता है। वृहद फिल्म जगत में काम कर रहे लोगों के साथ खुली चर्चा करने का शासन में किसी को खयाल नहीं आता। फिल्म नीति शून्य में नहीं बनती। यह एक शुष्क और तकनीकी प्रक्रिया भी नहीं है। पिछले दो दशकों में आर्थिक वैश्वीकरण और तकनीकी विकास के कारण दुनिया भर के फिल्म उद्योगों में बड़े बदलाव हुए हैं। वैश्विक फिल्म बाजार में हॉलीवुड के सामने पूर्वी एशिया और भारतीय उपमहाद्वीप जैसे क्षेत्रीय सिने उद्योग' भी उभरे हैं। जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) में अंतर्राष्ट्रीय सिने जगत में आपसी सहयोग के नए रूप विकसित होते भी हमने देखे है। दक्षिण भारत्व का सिनेमा अपनी क्षेत्रीय सीमाओं को पार कर अखिल भारतीय हो रहा है और बॉलीवुड में बन रही फिल्मों को भी प्रभावित कर रहा है। बंगाली, मराठी, गुजराती और पंजाबी के साथ भोजपुरी सिनेमा ने अपनी देशव्यापी पहचान बनाई है। किन्तु 1942 में बनी पहली राजस्थानी फिल्म 'निज़राणो' और उसके दो दशक बाद 1961 में 'बाबासा री लाड़ली' के रिलीज़ होने के बाद अब तक राजस्थानी फिल्में गिरती-पड़ती बनती रही हैं मगर देश के सबसे बड़े प्रदेश होने का गौरव रखने वाले राजस्थान का क्षेत्रीय सिनेमा न अपनी पहचान बना पाया है और न कोई हैसियत। राजस्थान के निवेशकों और कलावंतों ने बॉलीवुड में तो अपना ऊंचा स्थान बनाया लेकिन राजस्थानी सिनेमा के प्रति उनकी कोई रुचि नहीं रही। हालांकि राजस्थानी सिनेमा को बढ़ावा देने के लिए शासन के मदद की मांग हमेशा उठती रही लेकिन राज में बैठे लोगों की प्राथमिकताओं में सिनेमा कोई जगह नहीं पा सका। नीति निर्माताओं ने राजस्थानी सिनेमा से अपने सरोकार का दिखावटी प्रदर्शन करते हुए बेतुकी नीतियों की घोषणाएं जरूर की। नीति निर्माताओं ने कभी यह समझने की कोशिश नहीं की कि फिल्म एक रचनात्मक उद्योग है उसे अपेक्षाकृत अमूर्त व्यावसायिक नज़रिये से नहीं देखा जा सकता। इसकी भी कभी खबर नहीं ली गई कि बनाई गई नीतियों का इस विशिष्ट उद्योग पर कोई प्रभाव पड़ा है या नहीं। यह भी किसी को कभी समझ में नहीं आया कि बजट से ठीक पहले ही फिल्म नीति का नया दस्तावेज ताबड़तोड़ बनाने की गरज क्यों पड़ती है? बाद में साल भर के दौरान हितधारकों के साथ गंभीर विमर्श कभी नहीं होता है। प्रशासन तंत्र को सिनेमा के जानकार लोगों के साथ बैठकर विस्तृत और खुला विमर्श करके यह जानने की फुरसत ही नहीं है कि फिल्म उद्योग कैसा एक जटिल उद्योग है, जिसमें रचनाशीलता और व्यवसाय का अनोखा बंधन होता है। अब जब नई डिजिटल तकनीक फिल्मों के निर्माण ही नहीं प्रदर्शन माध्यमों पर अपना जबरदस्त असर डाल रही है तब बदले समय में आर्थिक और सांस्कृतिक चुनौतियां भी सामने आ रही हैं जिनके कारण फिल्म नीति के उद्देश्यों की अवधारणा, परिभाषा और कार्यान्वयन के तरीके पर पुनर्विचार करने की जरूरत और बढ़ जाती है। पिछले दिनों राजस्थान के अनेकों प्रमुख फिल्मकार तथा फिल्म तथा संगीत जगत से जुड़े लोग जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (जिफ) की पहल पर जयपुर में मिले और राजस्थानी सिनेमा की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर गंभीरता से खुलकर चर्चा ही नहीं की बल्कि नई फिल्म नीति में शामिल किये जाने के लिए अपने व्यावहारिक सुझाव भी दिए जिन्हें एक ज्ञापन में सरकार को भेजा गया है।

फिल्म को ऐतिहासिक रूप से उद्योग, मनोरंजन और कुछ मामलों में, 'कला' के रूप में परिभाषित किया जाता रहा है। इसीलिए फिल्म नीतिमें कई तरह की औद्योगिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अनिवार्यताओं का प्रवेश अनिवार्य हो जाता है, जो राज्य की नीतियों में सिरे से नदारद मिलता है। अब तक की नीतियां वाणिज्यिक फिल्म उद्योग के समर्थन में मुख्य रूप से आर्थिक उपायों को देखती रही है, न कि सांस्कृतिक या कलात्मक गतिविधियों में निष्पक्ष हस्तक्षेप के रूप में। राजस्थानी फिल्म निर्माण में सहायता करने की ऊपरी इच्छा भी केवल आर्थिक विचारों तक सीमित रही है। क्षेत्रीय सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के विविध रूपों को बनाए रखने में नीति निर्माताओं की कोई रुचि कभी नज़र नहीं आई। इसीलिए फिल्मों को पर्यटन से जोड़ देने के अलावा और कोई समझ हमारे नीति निर्माताओं ने अब तक नहीं दिखाई है। कुल मिला कर बजट में मिलने वाली एक निश्चित राशि को कैसे बांटना है, यही फिल्म नीति का एकमात्र उद्देश्य बन कर रह जाता है। यह भी कोई नहीं पूछता कि राजस्थानी फिल्मों के लिए बजट में राशि का निर्धारण किस आधार पर किया जाता है। ऐसा लगता है सरकार फिल्म व्यवसाय को सिर्फ ग्लैमर के शीशे से देखती है और उसे हल्के में लेती है। इसी कारण कला और संस्कृति पीछे रह जाती है तथा पर्यटन हावी हो जाने पर फिल्मों को अजूबे की तरह पर्यटकों को परोसने का उद्यम होने लगता है। यह सही है कि फिल्म निर्माण निजी वाणिज्यिक हितों के लिए होता है मगर इसे अन्य सांस्कृतिक रूपों के समान कलात्मक और सांस्कृतिक दर्जा कैसे मिले इस पर नीति निर्माताओं ने न कभी सोचा और न कभी बात की। फिल्मों को अन्य मीडिया की तरह सार्वजनिक हित के रूप में नहीं देखा जाता है। जयपुर में जुटे फिल्म कला और व्यवसाय से जुड़े लोग चाहते थे कि इस बार 2022 की बुरी नीतियों की पुनरावृत्ति न हो, क्योंकि अनुभव बताता है कि वह नीति पूरी तरह जटिल, अव्यावहारिक और अप्रभावी सिद्ध हुईं, जिससे न पर्यटन को लाभ हुआ और न ही राजस्थान में फिल्म निर्माण को। फिल्म निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में सक्रिय लोगों ने एक सरल एवं प्रभावी नीति बनाई जाने की जरूरत बताते हुए उचित ही कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि नई नीति का उद्देश्य फिल्म निर्माण को बढ़ावा देना है, या उसके जरिए पर्यटन को बढ़ाना देना है अथवा दोनों के बीच संतुलन साधना है। चर्चा में शामिल फ़िल्मकारों ने सहमति जताई कि सरकार को शूटिंग लोकेशन शुल्क में छूट, आतिथ्य समर्थन, और राजस्थानी फिल्मों के लिए विशेष सिनेमा स्क्रीनिंग की सुविधाएं मुहैया करानी चाहिए। राजस्थानी फिल्म क्षेत्र से जुड़े लोग चाहते थे कि सरकारी अधिकारियों के बजाय राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त और अनुभवी फिल्म विशेषज्ञों की एक समिति बनाई जाए, जो राजस्थानी फिल्मों को अनुदान और अन्य मदद करने पर निर्णय ले ताकि सच्चे फ़िल्म निर्माताओं और गुणवत्तापूर्ण सिनेमा को वित्तीय सहयोग सुनिश्चित किया जा सके। ऐसा तभी संभव है जब अनुदान पाने की हकदार फिल्मों के चयन की व्यवस्था पारदर्शी हो। इस बारे में आए एक महत्वपूर्ण सुझाव पर सरकार को जरूर विचार करना चाहिए। अभी चयन समिति में प्रशासनिक अधिकारियों का बोलबाला होता है और उसमें केवल दो गैर-सरकारी सदस्य इसमें लिए जाते हैं। सिनेमा व्यवसाय से जुड़े लोगों का सुझाव था कि यह प्रतिनिधित्व उलटा होना चाहिए। इस समिति में केवल दो गैर सरकारी सदस्य और शेष विभिन्न सिने विधाओं के जानकार होने चाहिए। इस व्यवस्था के विकल्प में एक अच्छा सुझाव यह भी आया कि सरकार प्रतिवर्ष एक विशेष राजस्थानी फिल्म महोत्सव आयोजित करे जिसमें श्रेष्ठ फिल्मों के चयन के लिए राष्ट्रीय जूरी हो जिसके द्वारा दिए गये अंकों के आधार पर फिल्में पुरस्कार/अनुदान राशि की हकदार बने।

**हमने देखा है कि जब-जब फिल्म सिटी की बात उठती है तब-तब सिने जगत के बड़े नाम जिनकी राजस्थानी फिल्मों के निर्माण में रत्ती भर भी भूमिका नहीं रही वे व्यक्तिगत स्तर पर इसके नाम पर जमीनें पाने के उद्यम में लग जाते है। फिल्म सिटी के नाम पर जमीनें हथियाने के उपक्रम न हों इस पर निगरानी रखने की भी जरूरत है।**

राजस्थान में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक स्वायत्तशाषी 'फिल्म विकास निगम' की स्थापना का भी एक अच्छा सुझाव है। इस निगम का संचालन नौकरशाहों के हाथ में न होकर सिनेमा के अनुभवी और पेशेवर कलाकारों के हाथों में हो। अभी फिल्म की शूटिंग और पोस्ट प्रोडक्शन कामों के लिए उच्च स्तर के उपकरण महंगे किराये पर राज्य से बाहर से लाने पड़ते हैं। इस निगम के जरिए राजस्थान के फिल्म निर्माताओं को ऐसे संसाधन उचित दामों पर सुलभ कराए जा सकते हैं। अभी पर्यटन विभाग फिल्म नीति के क्रियान्वयन का काम देखता है जिसके पास उसकी कोई विशेषज्ञता नहीं है। जरूरी है कि नई नीति को अंतिम रूप देने से पहले राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस विषय पर विस्तार से चर्चा होनी चाहिए। चूंकि फिल्म और पर्यटन वैश्विक उद्योग हैं, इसलिए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की सलाह भी नीति बनाने में ली जा सकती है। यह भी देखा गया है कि राजस्थान में फिल्म उद्योग को स्थापित करने की पहल भी जयपुर में 'फिल्म सिटी' बनाने तक सीमित हो जाती है। हमने देखा है कि जब-जब फिल्म सिटी की बात उठती है तब-तब सिने जगत के बड़े नाम जिनकी राजस्थानी फिल्मों के निर्माण में रत्ती भर भी भूमिका नहीं रही वे व्यक्तिगत स्तर पर इसके नाम पर जमीनें पाने के उद्यम में लग जाते है। फिल्म सिटी के नाम पर जमीने हथियाने के उपक्रम न हों इस पर निगरानी रखने की भी जरूरत है। यह बात भी समझनी होगी कि बॉलीवुड की फिल्मों की आर्थिक ताकत के सामने पिद्दी सी राजस्थानी फिल्मों को केवल मामूली आर्थिक प्रोत्साहन की नीति के सहारे नहीं बचाया जा सकता। इसके लिए शासन से बड़ी पहल की उम्मीद की जाती है। यह पहल तभी हो सकती है जब शासन में बैठे जन प्रतिनिधि वृहद सिने समाज के लोगों के साथ बैठ कर विस्तार से निरंतर विमर्श करे।

**–अतिथि संपादक,**
**राजेन्द्र बोड़ा**
**( वरिष्ठ पत्रकार एवं विश्लेषक )**

# समृद्धि लाने वाला हो राजस्थान का बजट



रामपाल जाट

**खर्चे** से अधिक आय होना समृद्धि का प्रतीक है, अधिकतम जन की आय में बढ़ोतरी होना राज्य को समृद्धशाली बनाता है। बजट में यह दृष्टि होना शुभ दिशा का संकेत है। दिशा ही अच्छी दशा होने का सूचक है। राज्य को अपने खर्चों के लिए जनता से 'कर' के द्वारा धन संग्रह का अधिकार है- जैसे सूर्य पृथ्वी से पानी प्राप्त करता है, वह किसी को अखरता नहीं, वैसे ही राज्य के द्वारा करारोपण से कोई व्यथित नहीं होना चाहिए। जब इस पानी को सूर्य पृथ्वी को लौटाता है तो चारों ओर हर्ष का वातावरण होता है, वैसे ही सर्वजन सुखाय की भावना व्यक्त होनी चाहिए। इस मापदंड के लिए आवश्यक है कि कर उन लोगों से लिया जाए जिनके पास विलासिता के लिए संसाधन उपलब्ध है। जनसाधारण की आवश्यकता के उपयोग में आने वाले अनाज, चारा, पानी जैसे संसाधनों को कर से मुक्त रखा जाए। इसी के लिए राम राज्य की चर्चा होती है।

राजस्थान में 75.13 प्रतिशत जनसंख्या गाँव में रहती है। सामान्यतया गांव में उद्योगों की संख्या औसत रूप से दस थी, तब गांव आत्मनिर्भर इकाई के रूप में थे, उन्हें अपनी दैनिक आवश्यकता की सामग्री एवं जीवकोपार्जन का साधन गांव में उपलब्ध रहता था। यथा- खेती करने के लिए उपयोग में आने वाले हल, कुड़ी जैसे उपकरण एवं यंत्र तैयार करने वाले कारीगर गांव में ही थे। खेती में प्रयुक्त होने वाले खाद, बीज कीटनाशी जैसी दवाइयां घरों पर तैयार होती थी। ब्रिटिश राज में यह व्यवस्था में बिगाड़ हुआ। स्वतंत्रता के उपरांत इसी दिशा में आगे बढ़ा गया उसी का परिणाम है कि गांव के मोची को मार कर बाटा को और लोहार को मार कर टाटा को पनपाया गया। खेती को बाजार के अधीन कर दिया गया। बीज, खाद, कीटनाशक एवं ट्रैक्टर जैसे उपकरण बनाने वाली कंपनियां मालामाल हुई और खेती करने वाले को ऋण जाल में उलझकर आत्महत्या करने के लिए विवश होना पड़ा। इसे सही दिशा में मोड़ना चुनौती भरा कार्य है, तथापि यह कैंसर जैसी असाध्य बीमारी नहीं है, बल्कि साधारण फोड़े-फुंसी है, जिनका उपचार सरलता से किया जा सकता है।

भारतीय संविधान के अनुसार निवास स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता, तब भी स्वतंत्रता के 78 वर्ष बाद जयपुर जैसी सुविधाएं गांव में उपलब्ध नहीं हैं। गांव की प्रतिभा का शहर की ओर पलायन हो रहा है ! इससे गांव और शहर दोनों ही दुखी है ! इसका कारण भेदभाव जनित नीतियां रही है।

बजट की प्राथमिकता सिंचाई परियोजनाएं होने पर विस्मयकारी परिणाम आ सकते हैं। क्षेत्रफल में राजस्थान देश का सबसे बड़ा राज्य है। जहां उपलब्ध भूभाग संपूर्ण देश का 10 प्रतिशत से अधिक है तथा पानी की उपलब्धता लगभग एक प्रतिशत ही है। उपलब्ध पानी का उपयोग नहीं हो रहा है। सिंधु जल समझौते के उपरांत पानी पाकिस्तान में बहकर जा रहा है। यमुना जल समझौते को 30 वर्ष व्यतीत होने के बाद भी सीकर-झुंझुनू-चूरू के शेखावाटी क्षेत्र को एक बूंद भी पानी प्राप्त नहीं हुआ और भरतपुर में प्राप्त पानी की मात्रा 20 प्रतिशत से कम है। वर्ष 1966 में माही परियोजना के लिए हुए समझौते के अनुसार इस परियोजना का संपूर्ण पानी आज भी राजस्थान को प्राप्त नहीं हो रहा है, जबकि गुजरात के खेड़े जिले को नर्मदा का पानी वर्ष 2006 से ही प्राप्त हो रहा है। चंबल नदी में प्रतिवर्ष 20,000 घनलीटर से अधिक पानी बहकर व्यर्थ चला जाता है। इस पानी के उपयोग के लिए वर्ष 2017 में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना की डीपीआर तैयार हो गई थी। अभी तक नवनेरा बांध का ही काम पूरा हुआ है, ईसरदा बांध का काम पूरा होने की निर्धारित अवधि को तीन वर्ष का समय व्यतीत हो चुका है। वर्ष 2018 की प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुसार वर्ष 2019 में ही जल शक्ति मंत्रालय की कमान राजस्थान को सौंप दी गई थी जिनके हाथ में कमान आई, उन्होंने 5 वर्ष का समय परियोजना को अटकाने, लटकाने एवं भटकाने में व्यतीत कर दिया। इसलिए राजस्थान में नई सरकार बनने के एक वर्ष बाद भी इस कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं हो सकी। सिंचाई परियोजनाओं को प्राथमिकता दिए जाने पर पीने का पानी स्वतः उपलब्ध हो जाता है। पानी मिलने पर मिट्टी में सोना उपजने की संभावना बलवती हो सकती है, मर्यादित पानी सदा ही समृद्धि लेकर आता है।

प्रत्येक गांव में तालाब अथवा पोखर पानी के संग्रह के लिए उपलब्ध है। उन्हें बनाए रखना एवं छोटे बांधों का समुचित रखरखाव-पुनरुद्धार सिंचाई विभाग का दायित्व होना ही युक्ति संगत है। अनेक बांधों को ग्राम पंचायत को सौंपने का अनुभव अच्छा नहीं रहा, क्योकि उनके पास तकनीकी ज्ञान, संसाधन, एवं अनुभव नहीं है।

कृषि उपज के लाभकारी मूल्य उपलब्ध कराने की सरकार निरंतर घोषणा करती है। उसी के अनुक्रम में फसल तैयार होने के उपरांत लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए राजस्थान कृषि उपज मंडी अधिनियम 1961 की धारा 9(2)(XII) में घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य से कम दामों में क्रय विक्रय को रोकने का प्रावधान है, जो पुस्तक की शोभा ही बना हुआ है। इस अधिनियम के अनुसार कृषि उपज मंडियों में नीलामी बोली न्यूनतम समर्थन मूल्य से आरंभ किए जाने की घोषणा से अपेक्षित लाभ प्राप्त हो सकता है। न्यूनतम समर्थन मूल्य के संबंध में मध्य प्रदेश की ई उपार्जन प्रणाली ने गेहूं खरीद में पंजाब एवं हरियाणा को भी पछाड़ दिया था ! यह प्रणाली राजस्थान में लागू की जा सकती है। मंडियों में तोल, मोल एवं बोल में होने वाली अनियमितताओं को रोकने के लिए मंडियों के नियमित चुनाव पर विचार हो सकता है।

कृषि उपज मंडियों के अनुज्ञधारी व्यापारियों को कृषि उपज बेचने के उपरांत व्यापारी उसकी राशि को लेकर चम्पत हो जाते हैं, किसानों को उनका भुगतान नहीं करते, उसके लिए किसानों को उस राशि का भुगतान मंडी कोष से करने तथा उसकी वसूली बकायादार व्यापारी से सरकार के पीडीआर नियमों के अधीन करने से आय सुनिश्चित हो सकती है।

पशुपालन के क्षेत्र में दूध का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित किया जाना आवश्यक है, इससे पशुपालकों की आय में बढ़ोतरी हो सकती है। आज तो पानी की बोतल दूध से महंगी है। सरकार उत्पादकों को घोषित न्यूनतम मूल्य और उपभोक्ताओं के लिए अधिकतम मूल्य की सीमा निर्धारित कर सकती है। जिससे वर्तमान का ढर्रा सुधर सकता है। मूंग पैदा करने वाले को एक किलो के 50 रूपये प्राप्त होते हैं जबकि दाल खरीदने वाले उपभोक्ता को कम से कम 120 रुपए एक किलो के चुकाने पड़ते हैं ! यह स्थिति तो तब है जब मूंग की दाल बनाने में एक मूंग के दो टुकड़े करने का खर्च अधिकतम 5 रुपए प्रति किलो है।

सरकार जानती है कि किसानों के पास भंडारण की सुविधा एवं क्षमता नहीं होने से उन्हें अपनी उपज ओने पाने दामों में बेचनी पड़ती है । इससे मुक्ति दिलाने के लिए वेयरहाउस (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 2007 एवं उसके नियम 2010 में तैयार कर लिए गए। उसी के क्रियान्वयन की दिशा में राजस्थान में सहकार किसान कल्याण योजना वर्ष 2022-23 में तैयार की गई किंतु सरकार की इच्छा शक्ति के अभाव में किसानों को इसका लाभ प्राप्त नहीं हुआ।

ग्राम पंचायत में गोदाम का निर्माण तथा पंचायत समिति स्तर पर शीतगृहों का निर्माण अपरिहार्य है। इस हेतु से भारत सरकार ने वर्ष 2018 में 'छत्रक योजना' के रूप में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान आरंभ किया, जिसमें गोदाम बनाने के लिए राज्य सरकारों को व्यापक स्तर पर समयबद्ध कार्य करने के निर्देश भी है। मूल्य समर्थन योजना की मार्गदर्शिका 2014 में भी इसका उल्लेख है। उसके पूर्व भी भारत सरकार राज्यों से निरंतर आग्रह करती रही है। गोदाम का ग्राम पंचायत में आने वाली राशि से एक वर्ष में निर्माण हो सकता है क्योंकि 5 लाख टन के गोदाम का निर्माण 50 लाख रुपए की राशि से किया जा सकता है, सामान्यतः एक वर्ष में एक ग्राम पंचायत को प्राप्त होने वाली राशि उससे अधिक होती है।

प्राकृतिक आपदाओं से फसल खराब होने पर राज्य एवं केंद्र आपदा राहत कोष के नियम बनाए हुए हैं। उनके अंतर्गत पिछले 3 वर्षों की स्वीकृत राशि भी किसानों को प्राप्त नहीं हुई है। इस वर्ष खरीफ में उडद की खरीद आधा प्रतिशत से भी कम होने एवं जयपुर जिले की दूदू-मोजमाबाद जैसी तहसीलों में मूंग की खरीद नहीं होने के लिए शत प्रतिशत खराबे को आधार बनाया गया। इसके उपरांत भी मूंग एवं उडद पीड़ितों की क्षति की पूर्ति भी अभी तक नहीं की गयी। जबकि राजस्थान में ही वर्ष 2006 में प्राकृतिक आपदा की मार से फसले खराब होने पर प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी शासन सचिवों ने खेतों पर पहुंचकर क्षतिपूर्ति एक सप्ताह में ही कर दी थी, उसके बारे में बजट के प्रावधान की आवश्यकता है। फसल खराब होने पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना भी किसानों के लिए कारगर सिद्ध नहीं हुई क्योंकि उसमें पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व का अभाव है ! इसे भी राज्य सही कर सकता है ! प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में महाराष्ट्र की भांति किसानों से प्रीमियम राशि एक रूपये की जा सकती है ।

अर्थशास्त्र के सिद्धांत के अनुसार अधिकतम लोगों की जेब में पैसा आता है तो मांग उत्पन्न होती है, उससे नए-नए उद्योग धंधे आरंभ होते हैं, फिर उससे भी मांग उत्पन्न होती है, परिणामतः मांग आपूर्ति का चक्र गति पकड़ता है, यही आर्थिक सुदृढ़ता का संकेत है।

सातवां वेतन आयोग की घोषणा करते समय तत्कालीन वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली ने इसे युक्तिसंगत ठहराने के लिए अधिकतम उपभोक्ताओं की जेब में पैसा आने से मांग और आपूर्ति का चक्र गतिमान होने को ही आधार बनाया था। यह उल्लेखनीय है कि जब 1 प्रतिशत लोगों की जेब में पैसा आने से अर्थ चक्र गतिमान होता है, तो 75 प्रतिशत लोगों की जेब में पैसा आने से तो अर्थ चक्र के पंख लग जाएंगे।

उपरोक्त विवेचन के अनुसार ही आगामी बजट में प्रावधानों के प्रति राज्य की जनता आशान्वित है ।

**– रामपाल जाट,**
**राष्ट्रीय अध्यक्ष,**
**किसान महापंचायत**

# वर्ष 2022 से वन्यजीवों की सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रही जीव सेवा समिति

## पांच सदस्यों से शुरू हुए अभियान में अब तक 910 शहरवासी जुड़ चुके हैं, वन्यजीवों के उत्थान, संरक्षण, सुरक्षा एवं उनके संवर्द्धन के लिए प्रयत्नरत है समिति

**श्रीमाधोपुर,** (निसं)। अजीतगढ़ कस्बे की जीव सेवा समिति अध्यक्ष महेश दीवान, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह बड़गुर्जर, उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद शर्मा, सचिव मनोज कुमार शर्मा एवं सदस्य नीलकमल सिखवाल के कुशल दिशा-निर्देशन में अब तरक्की करती जा रही है। एक समय ऐसा था जब इनके इस काम को देखकर लोग खिल्ली उड़ाया करते थे लेकिन अब कारवां बढ़ता ही जा रहा है। वन्यजीवों के उत्थान, संरक्षण, सुरक्षा एवं उनके संवर्द्धन के लिए प्रयत्नरत यह समिति वन्यजीवों के अवैध शिकार, अवैध तस्करी एवं अवैध व्यापार के अंकुश में सहायक सिद्ध हुई है। वहीं वन्यजीवों के भोजन-पानी की व्यवस्था में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। सन् 2022 से अनवरत सेवा कार्य में जुटी यह टीम सन् 2023 में ब्लाक स्तरीय सम्मान समारोह में पुरस्कृत हो चुकी है।

जीव सेवा समिति की प्रतिदिन की सेवा:- बंदरों को रोजाना 10 किलोग्राम आटे की रोटियां,15 से 30 किलोग्राम केले, 200 रुपये से 300 रुपये तक की ब्रेड्स, 200 रुपये से लेकर 400 रुपये तक के भूंगड़े (भूने चने), गौशाला की गायों खातिर 300 रुपये से लेकर 500 रुपये तक का हरा चारा, हरी सब्जी, दलिया, गुड़, कबूतरों के चुग्गे के लिए लगभग 10 से 15 किलोग्राम ज्वार एवं वन्यजीवों के लिए पेयजल आपूर्ति सुविधा प्रमुख रहती है। ये सभी सेवाएं जीव सेवा समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन धाराजी श्री श्याम वाटिका में प्रदान की जाती है।




**अजीतगढ़ कस्बे की जीव सेवा समिति वन्यजीवों के भोजन-पानी की व्यवस्था में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है।**

गायत्री मंदिर अजीतगढ़ में प्रतिदिन 15 किलोग्राम ज्वार कबूतरों को दाना चुगने के लिए डाली जाती है वहीं रोजाना लगभग 1-2 किलोग्राम कीड़ी नंगरा चींटियों खातिर बिखेरा जाता है। खण्डेला विधायक सुभाष मील की अनुशंसा पर गणतंत्र दिवस जिला स्तरीय सम्मान समारोह में जीव सेवा समिति के अध्यक्ष महेश दीवान को जिला कलेक्टर डॉ. मुकुल शर्मा, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सांसद अमराराम, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती सहित अनेकानेक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में दिया गया। ग्रुप से जुड़े 910 सदस्यों एवं अन्य के यहां जन्मदिन, शादी की सालगिरह, मकान, दुकान या प्रतिष्ठान का मुहुर्त, किसी की पुण्यतिथि इत्यादि होती है तो वो सहर्ष जीव सेवा समिति से सम्पर्क कर अपना सहयोग या तो स्वयं या फिर समिति के सदस्यों के मार्फत देने को आतुर रहता है। सहयोग ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों ही तरीकों से मान्य है। हालात इतने व्यस्त हैं कि सहयोगकर्ताओं को दो-चार दिनों तक इंतजार करना पड़ता है क्योंकि एडवांस बुकिंग चलती रहती है। आंधी-तूफान - सर्दी- गर्मी कैसा भी मौसम हो जीव सेवा समिति का रोजाना का सेवा कार्यों का सिलसिला कभी विश्राम नहीं करता।

सभी सक्रिय पांचों कार्यकर्ता गर्मियों में प्रातः 6.30 से 9.30 बजे तक एवं सर्दियों में प्रातः 7.30 बजे से 10 बजे तक धाराजी श्री श्याम वाटिका में अपनी ड्यूटी देने के लिए तत्पर खड़े मिलते हैं। बहुमुखी प्रतिभा के धनी महेश दीवान, सेवानिवृत्त एएसआई रमेश प्रसाद शर्मा, सेवानिवृत्त रोड़वेजकर्मी देवेन्द्र सिंह बड़गुर्जर, आर्युवेद चिकित्सक नीलकमल सिखवाल एवं मनोज शर्मा की मेहनत रंग ला रही है। पांचों सदस्यों की एक आवाज पर वन्यजीव इतने प्रसन्निचत -प्रफ्फुलित हो जाते हैं जैसे उनका कोई रहनुमा हाजिर हो गया हो।

- **सभी सेवाएं जीव सेवा समिति के सदस्यों द्वारा प्रतिदिन धाराजी श्री श्याम वाटिका में प्रदान की जाती है**
- **वन्यजीवों के उत्थान, संरक्षण, सुरक्षा एवं उनके संवर्द्धन के लिए प्रयत्नरत यह समिति वन्यजीवों के अवैध शिकार, अवैध तस्करी एवं अवैध व्यापार के अंकुश में सहायक सिद्ध हुई है**
- **टीम सन् 2023 में ब्लाक स्तरीय सम्मान समारोह में पुरस्कृत हो चुकी है**

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**बुधवार 19 फरवरी, 2025**

फाल्गुन मास, कृष्ण पक्ष, षष्ठि तिथि, बुधवार, विक्रम संवत 2081, स्वाती नक्षत्र प्रातः 10:40 तक, वृद्धि योग दिन 10:48 तक, वणिज करण प्रातः 7:33 तक, चन्द्रमा गुरूवार प्रातः 6:50 से वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थितिः** सूर्य-कुम्भ, चन्द्रमा-तुला, मंगल-मिथुन, बुध-कुम्भ, गुरू-वृष, शुक्र-मीन, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज रवियोग दिन 10:40 तक, पुनः दिन 12:26 से आरम्भ होगा। भद्रा प्रातः 7:33 से रात्रि 8:41 तक रहेगी।

**श्रेष्ठ चौघड़ियाः** लाभ-अमृत सूर्योदय से 9:52 तक, शुभ 11:19 से 12:41 तक, चर 3:29 से 4:53 तक, लाभ 4:53 से सूर्यास्त तक।

**राहूकालः** 12:00 से 1:30 तक। सूर्योदय 6:17, सूर्यास्त 6:30

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

**वृष**
मित्रों/रिश्तेदारों से चल रहे आपसी मतभेद समाप्त होंगे। विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मिथुन**
व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आज आर्थिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क**
व्यावसायिक खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। नौकरीपेशा व्यक्तियों को बाहर जाना पड़ सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा।

**सिंह**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कन्या**
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। व्यावसायिक विवादों से राहत मिल सकती है।

**तुला**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। व्यावसायिक कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिजनों के व्यवहार के कारण मन खिन्न हो सकता है।

**वृश्चिक**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज मन में असंतोष बना रहेगा।

**धनु**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा।

**मकर**
व्यावसायिक मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कुंभ**
घर-परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है।

# सीवरेज कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा करें : के के गुप्ता

**बांसवाडा,** (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान के प्रदेश समन्वयक एवं जलदाय व सीवरेज कार्य से जुडे अधिकारियों की ली बैठक, दिए निर्देश नगर परिषद के न्याय मित्र के. के. गुप्ता ने मंगलवार को सर्किट हाउस में जलदाय विभाग व सीवरेज कार्य से जुडे अधिकारियों की बैठक ली और शहर की समस्याओं पर चर्चा कर उसके त्वरित समाधान करने के निर्देश दिये। गुप्ता ने स्वच्छता के संबंध में अधिकारियों से चर्चा करते हुए शहर में सीवरेज लाईन व उसके कार्य को लेकर संबंधी अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये और सीवरेज कार्य में पाई गई कमियों को तत्काल पूरा करते हुए सीवरेज कार्य को गुणवत्ता व समय के साथ शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिये।

■ जलदाय व सीवरेज कार्य से जुडे अधिकारियों की ली बैठक, निर्देश दिये



के.के.गुप्ता ने जलदाय व सीवरेज कार्य से जुड़े अधिकारियों की बैठक ली।

सीवरेज लाइन के समस्त अधिकारी एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ सर्किट हाउस में बैठक लेते हुए के के गुप्ता ने शहर में सीवरेज संबंधित किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अब पेंडिंग नहीं रखने और उस पर तत्काल कार्यवाही करते हुए उसका समाधान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा जिन होटलों का गंदा पानी नालियों में जा रहा है तथा जिन्होंने सीवरेज लाइन से अपनी होटल का कनेक्शन नहीं कराया है वह तत्काल 2060 रुपए नगर परिषद में जमा कर कर सात दिन में अपने होटल के गंदे पानी को सीवरेज लाइन से कनेक्शन करवाने अन्यथा उनके खिलाफ नगर परिषद करेगी सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

गुप्ता ने जलदाय विभाग द्वारा निर्धारित समय अवधि के अंदर-अंदर जिन टंकियां को साफ किए हुए 6 माह से ज्यादा हो गए हैं उन्हें तत्काल साफ करके तथा जिन घरों के अंदर नल नहीं लगे हुए हैं उनमें नल लगवानें तथा जिन घरों में पानी की टंकियां से पानी बह रहा है या जिन्होंने मोटर लगाकर पानी को अपने घर में ले जा रहे ह उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिये। एक सप्ताह के अंदर-अंदर इस कार्य को पूरा करने की जिम्मेदारी जलदाय विभाग प्रारंभ करेगी तथा इसकी सूचना समय-समय पर देकर अवगत कराने के लए पाबन्द किया गया। नगर परिषद सभी होटलों का सर्वे कर नोटिस देने की प्रक्रिया चालू करेगा।

## महाकुंभ के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना

**उदयपुर,** (निसं)। उदयपुर से महाकुंभ की ओर प्रस्थान करने वाली आईआरसीटीसी की स्पेशल ट्रेन को उदयपुर सिटी रेलवे स्टेशन से विफा के राष्ट्रीय महासचिव के के शर्मा ने फीता काटकर रवाना किया। इस विशेष अवसर पर विफा महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संरक्षक कुसुम शर्मा, पूर्व महासचिव लक्ष्मीकांत जोशी, शहर उपाध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महेश चंद्र नागदा, श्रीमती शशि नागदा, मोर्निंग योगा क्लब के संरक्षक सुधीर पोद्दार, भंवरलाल, देवीलाल चौधरी, रविकान्त पोद्दार, मंजु पोद्दार, हीरा देवी सहित सैकडो यात्रीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर के.के. शर्मा ने कहा कि महाकुंभ जैसे दिव्य आयोजन में सम्मिलित होना स्वयं में एक अद्भुत अनुभव है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भजन-कीर्तन किए और आध्यात्मिक वातावरण में खुद को संलग्न किया। ट्रेन के भीतर श्रद्धालु महाकुंभ की दिव्यता को महसूस कर रहे थे और संगम में पुण्य स्नान करने की भावना से भरे हुए थे। कई वरिष्ठ नागरिकों और महिला यात्रियों ने विशेष रूप से आईआरसीटीसी की व्यवस्थाओं की सराहना की और कहा कि इस तरह की सुविधाएं यात्रियों के सफर को अधिक सुखद और यादगार बनाती हैं। इस विशेष ट्रेन के माध्यम से श्रद्धालु न केवल महाकुंभ की ओर बढ़ रहे थे, बल्कि उनके भीतर अध्यात्म और भक्ति की भावना भी प्रबल हो रही थी।

# गीतांजली के डॉ. एस.के. लुहाडिया अतिथि व्याख्यान के लिए आमंत्रित




गीताजंली के डॉ. एस.के. लुहाडिया को अतिथि व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया।

**उदयपुर,** (निसं)। कोलम्बो श्रीलंका में आयोजित चेस्ट विशेषज्ञों के 15 वे राष्ट्रीय सम्मेलन में गीताजंली अस्पताल के प्रोफेसर एमिरेटस डा.एस.के.लुहाडिया को अतिथि व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होंने व्याख्यान में ब्रांकीयेक्टेसीस नामक रोग के ईलाज पर चर्चा में बताया कि इस बीमारी में बार बार या बहुत लम्बे समय तक एन्टीबायोटिक का उपयोग किया जाता है। इसलिए एन्टीबायोटिकस का उपयोग गाइडलाइन के अनुसार बीमारी की तीव्रता व कल्चर में आये बैक्टीरिया के अनुसार करना चाहिये जिससे कम से कम एन्टीबायोटिक्स से बीमारी की रोकथाम की जा सके।

## सार-समाचार

### सत्रांत वाकपीठ संपन्न

**उदयपुर,** (निसं)। शहर एवं गिरवा की दो दिवसीय बागपत का समापन पीएम श्री फतह महाराणा कुंभा सभा घर में संपन्न हुई। प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आ सोलिया ने बताया कि प्रारंभ देवाराम राजपुरोहित एवं भूपेंद्र शर्मा के योग एवं ध्यान सत्र से हुआ। तत्पश्चात प्रोफेसर बी पी शर्मा ने अपने उद्बोधन के माध्यम से देश के विकास में वैदिक परम्परा के महत्व को बताया। वार्ताकार जय माथुर ने पीएमइ ज्ञान पर प्रकाश डाला। हरीश पालीवाल ने विभागीय जांच पर वार्ता दी। वाक् पीठ कार्यकारिणी द्वारा हाल ही में नव पदोन्नत जिला शिक्षा अधिकारी रघुनाथ पालीवाल, प्रीति शर्मा,प्रतिभा गुप्ता का सम्मान किया ।साथ ही सेवानिवृत्त होने वाले प्रधानाचार्य शीला जैन का सम्मान किया। समापन सत्र के दौरान नवीन कार्यकारिणी का संरक्षक कुंज बिहारी भारद्वाज,चुनाव अधिकारी दिलीप जैन के निर्देशन में किया जिसमें मोहन मेघवाल काया अध्यक्ष, जगदीश चौबीसा उपाध्यक्ष, महेंद्र सिंह सचिव, नीलम भंडारी कोषाध्यक्ष एवं सदस्यों का मनोनयन किया। वाक् पीठ कार्यकारिणी द्वारा चेतन पानेरी प्राचार्य फतह स्कूल को संपूर्ण आयोजन हेतु धन्यवाद दिया। संयोजन मुकेश पंड्या ने किया।

### पशु आहार व पशु प्रबंधन पर चर्चा

**उदयपुर,** (निसं)। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान में पशुपालन एवं पशुकल्याण जागरूकता माह के अन्तर्गत "राज्य का सर्वांगीण विकास पशुपालन से ही संभव हैं" विषयक वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। पशुपालन प्रशिक्षण संस्थान के उपनिदेशक डॉ. सुरेन्द्र छंगाणी ने बताया कि पशुपालक उन्नत तकनीकी का उपयोग करते हुए पशु प्रबंधन कर पशुओं से समुचित लाभ अर्जित कर सकते है। संस्थान के डॉ. पदमा मील ने कहा कि स्वस्थ पशु ही स्वच्छ एवं पूर्ण उत्पादन देने में सक्षम होता है। पशुओं को निरोगी रखना, उनका कल्याण करना नितान्त आवश्यक है। पशुपालन डिप्लोमा के विद्यार्थी निष्ठा रावल एवं निखिल कुमार ने पक्ष में जबकि धीरज सिंह ने विपक्ष में अपने सराहनीय विचार रखे।

### लेक्रोज यूथ एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम रवाना

**उदयपुर,** (निसं)। ओकीनावा जापान में 20 से 23 फरवरी तक आयोजित होने वाली लेक्रोज यूथ एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम मंगलवार को रवाना हुई। टीम में राजस्थान से चयनित तीनों खिलाडिय़ों के टीशर्ट का विमोचन टीम प्रमोटर राजस्थान स्टेट माइन्स एंड मिनिरल्स लिमिटेड के निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने किया। कलाल ने भारतीय टीम में चयनित मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती व प्रणय त्रिपाठी को टीशर्ट सौंपकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनरल मैनेजर राजेंद्र राव, सेंट्रल मार्केटिंग हेड हनुमत सिंह, डिप्टी जनरल मैनेजर बी एस पत्राबत, अधिकारीगण प्रशिक्षक नीरज बत्रा आदि उपस्थित थे।

### आवेदन की अवधि बढाई

**उदयपुर,** (निसं)। जिले में अल्पसंख्यक विद्यार्थियों हेतु विभिन्न प्रोफेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों के लिए मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना के ऑनलाइन आवेदन की अवधि 23 फरवरी तक बढ़ा दी है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी श्रीमती खुशबू शर्मा ने बताया कि अभ्यर्थी स्वयं की एसएसओ आ डी से एसजेएमएस एसएमएस एप या ई-मित्र से 23 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। राजस्थान के अल्पसंख्यक वर्ग (मुस्लिम, जैन, सिख, बौद्ध, व पारसी) के मूल निवासी इस हेतु पात्र है। योजना के विस्तृत दिशा-निर्देश विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### रोजगार सहायता शिविर 21 को

**उदयपुर,** (निसं)। रोजगार कार्यालय की ओर से शुक्रवार को सुबह 9:30 बजे से बीएन कॉलेज परिसर में एक दिवसीय रोजगार सहायता शिविर का आयोजन किया जाएगा। विभाग के उपनिदेशक ने बताया कि रोजगार सहायता शिविर में एचआरएच ग्रुप ऑफ होटल्स, एस.आई.एस. सिक्योरिटी, पायरोटेक इले.प्रा.लि.,माही ग्रुप, मैक्स लाइफ इंश्योरेन्स, मेनकाइन्ड फार्मा पीआई इण्डस्ट्रीज आदि क्षेत्र की प्रमुख कम्पनियां द्वारा लगभग 2500 पदों के लिए मौके पर ही साक्षात्कार किए जाएंगे। इच्छुक आशार्थी अपने समस्त शैक्षणिक, अनुभव प्रमाण-पत्र एवं पासपोर्ट साईज के फोटो के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होकर लाभान्वित हो सकते है।

### वामपंथी दलों का प्रदर्शन

**उदयपुर,** (निसं)। केन्द्र सरकार की जनविरोधी नीतियों, बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य, मनरेगा, खाद्य सुरक्षा, अनुसूचित जाति जनजाति के विकास के लिए की गई कटौतियों के खिलाफ और जनता के पक्ष में वैकल्पिक नीतियों को आम जनता तक पहुंचाने के लिए वामपंथी दलों द्वारा 14 से 20 फरवरी तक चलाये जा रहे राष्ट्रव्यापी आव्हान के तहत वामपंथी दलों के कार्यकर्ता उदयपुर में 19 फरवरी सुबह 11.00 बजे जिला कलेक्ट्री कार्यालय पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन देंगे।

## कार्यालय नगरपालिका फतहनगर सनवाड़ जिला उदयपुर ( राज. )

क्रमांक:-न.पा.फ.स./2024-25/2464 दिनांक :-7/02/2025

**-:: ऊजरदारी सूचना ::-**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि निम्नांकित प्रार्थी ने आवेदन प्रस्तुत कर नगरपालिका क्षेत्र में स्थित स्वयं के "पुश्तैनी" एवं खरीदशुदा मकान/भूखण्ड निर्माण स्वीकृति चाही गयी है। इस बाबत् इनके मालिकाना हक संबंधी अगर किसी को कोई आपत्ति हो तो इस ऊजरदारी सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में अपनी आपत्ति मय दस्तावेज के नगरपालिका कार्यालय में दर्ज करा सकते है। बाद मियाद कोई आपत्ती स्वीकार नहीं होगी तथा निर्माण स्वीकृति जारी संबंधी अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. सं. | आवेदनकर्ता का नाम | पत्रावली संख्या | मूल पट्टाधारी/ योजना एवं भूखण्ड संख्या | स्थित मकान/भूखण्ड के पडौस | | | | क्षेत्रफल वर्गफीट में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण | |
| 1 | श्रीमती लक्ष्मी देवी सोनी पत्नि राजकुमार जी सोनी निवासी-आकोला तहसील-भूपालसागर, जिला-चित्तौड़गढ़ (राज.) | निर्माण स्वीकृति 24-25/ 201 | श्री नितिन सेठिया पिता श्री कुन्दनमल जी सेठिया,निवासी-सनवाड-योजना वार्ड नम्बर 18, सर्वऋतु विलास योजना, फतहनगर भूखण्ड संख्या L4 | आम रास्ता | अन्य की भूमि | भूखण्ड संख्या L5 | भूखण्ड संख्या L3 | 1134.25 |

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका फतहनगर सनवाड

# मैनेजमेन्ट साइम्युलेशन में पेसिफिक एमबीए के छात्रों का श्रेष्ठ प्रदर्शन

उदयपुर (निसं)। ऑल इण्डिया मैनेजमेंट एसोसिएशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित 28वें साइम्युलेशन मैनेजमेंट गेम्स में राष्ट्रीय स्तर पर पेसिफिक एमबीए के छात्रों ने उत्कर्ष्ट प्रदर्शन करते सेमी फाइनल्स के दो टीमों ने स्थान प्राप्त किया। डीन प्रो. दिपिन माथुर ने बताया कि मैनेजमेन्ट क्षेत्र की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में पेसिफिक फैकल्टी ऑफ मैनेजमेन्ट की पाँच टीमों ने भाग लिया एवं दो टीमों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। इन टीमों का नेतृत्व डा. नरेन्द्र सिंह चावडा ने किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली स्कुल ऑफ बिजनेस, नई दिल्ली में ऑल इण्डिया मैनेजमेन्ट एसोसिएशन (आईमा) नई दिल्ली के तत्वाधान में हुआ। जिसमें उत्तर भारत की ख्यातनाम मैनेजमेंट संस्थानों की कुल 48 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी हर्षित पंवार, जुलफिकार अली, याशु दिक्षित, राजदीप सिंह कि टीम तथा समीना बोहरा, अष्निका शर्मा जागृति पाण्डे, अक्षत जैन की टीम ने रिजनल प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर सेमीफाइनल में स्थान प्राप्त किया। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता में पॉच-चरणों में आयोजित हुई तथा विजेता का चयन सर्वाधिक लाभ अर्जित करने वाली टीम के अनुसार हुआ।

पेसिफिक सेन्टर ऑफ साइम्युलेशन के समन्वयक डा. नरेन्द्र सिंह चावडा ने बिजनेस साइम्युलेशन के बारे में जानकारी दी कि पेसिफिक सेन्टर ऑफ साइम्युलेशन अपनी तरह का देश में अनूठा केन्द्र है, जो छात्रों को परिकल्पित वातावरण में व्यापार सम्बन्धी निर्णय लेने में मदद करता है। प्रबन्ध साइम्युलेशन में प्रत्येक प्रबन्धकीय टीम एक परिकल्पित उपक्रम का प्रतिनिधित्व करती है। उन्हें एक परिकल्पित वातावरण में विभिन्न कार्यक्षेत्रों के विभिन्न प्रकार के निर्णय लेने होते हैं। उत्पादन, विपणन, वित्त, एवं मूल्य रीति-नीति सम्बन्धी लिए जाने वाले निर्णय ऑल इण्डिया मैनजमेन्ट एशोसियन के 'चाणक्य' नामक विशेष साफ्टवेयर में दर्ज किये जाते है। इसके फलस्वरूप कम्प्युटर सृजित अनेक विकल्प प्रतिभागी टीम के सम्मुख उपस्थित होते है। इन विकल्पों के सम्बन्ध में प्रत्येक टीम को एक वास्तविक उपक्रम की प्रबन्धकीय टीम की तरह एक श्रृंखलाबद्ध क्रम में अनेक निर्णय लेने होते है। इन सभी निर्णयों के आधार पर उस परिकल्पित व्यावसायिक उपक्रम के अन्तिम परिणाम कम्प्युटर साफ्टवेयर द्वारा प्रस्तुत किए जाते है। इन परिणामों के आधार पर विजेता और उपविजेता टीमों का निर्णय लिया जाता हैं।

## न्याय मित्र के.के. गुप्ता की अभिनव पहल

**बांसवाड़ा,** (निसं)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राजस्थान के प्रदेश समन्वयक एवं बांसवाड़ा नगर परिषद के न्याय मित्र के. के. गुप्ता ने बांसवाड़ा के बाशिन्दों से जिले को सम्पूर्ण स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए सामूहिक जिम्मेदारी और नागरिक दायित्वों के बेहतर निर्वहन का आव्हान किया है।

न्याय मित्र के.के. गुप्ता ने मंगलवार को बांसवाड़ा सर्किट हाऊस में शहर के विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों की बैठक में यह आव्हान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन की शत-प्रतिशत एवं आशातीत सफलता में प्रत्येक नागरिक की भूमिका अहम् है, इसे जानकर सभी को समर्पित भागीदारी के साथ आगे आना चाहिए। गुप्ता ने कहा कि हमारा लक्ष्य बांसवाड़ा जिले को स्वच्छ एवं सुन्दर स्वरूप प्रदान करने के साथ ही स्वस्थ रखना भी है। स्वच्छ, सुन्दर एवं स्वस्थ बांसवाड़ा के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए व्यक्तिगत एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के साथ समर्पित होने की आवश्यकता है।

# राजस्थान विद्यापीठ को इसरो से प्रशंसा पत्र

**उदयपुर,** (निसं)। जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) द्वारा भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के भारतीय सुदूर संवेदन संस्थान द्वारा संचालित अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी का अवलोकन ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। कुलपति प्रो. एस.एस. सारंगदेवोत ने सफल प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि इसरो द्वारा प्रस्तुत प्रशिक्षण अंतरिक्ष विज्ञान के विभिन्न पहलुओं, सौर मंडल की नवीनतम खोजों, अंतरिक्ष मिशनों और तकनीकी प्रगति पर केंद्रित रहा। इसरो के विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को ग्रहों, चंद्रमाओं और अन्य खगोलीय पिंडों की जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस तरह के पाठ्यक्रम विद्यार्थियों की वैज्ञानिक समझ को बढाने के साथ-साथ अंतरिक्ष अनुसंधान के प्रति उनकी रुचि को प्रोत्साहित करते हैं। समन्वयक डॉ. चंद्रेश कुमार छतलानी ने जानकारी दी कि इसरो स्टार्ट कार्यक्रम के अंतर्गत यह प्रशिक्षण मॉड्यूल 9 से 29 जनवरी तक आयोजित किया गया, जिसमें इसरो द्वारा ऑनलाइन प्रशिक्षण एवं ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई। यह राजस्थान विद्यापीठ द्वारा संचालित इसरो का तीसरा पाठ्यक्रम था। इससे पूर्व, विवि द्वारा अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी जागरूकता तथा सौर मंडल का अन्वेषण विषयों पर भी ऑनलाइन पाठ्यक्रमों का सफल संचालन किया जा चुका है। विवि को इसरो द्वारा इस उत्कृष्ट पहल के लिए प्रशंसा पत्र भी प्रदान किया गया है। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ. तरुण श्रीमाली, निजी सचिव कृष्णकांत कुमावत, हेमंत साहू, डॉ. यज्ञ आमेटा, डॉ. दिलीप चौधरी, जितेन्द्र सिंह चौहान, डॉ. ललित सालवी, विकास डांगी सहित विद्यापीठ के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अन्न भण्डारण योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा

**उदयपुर,** (निसं)। बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत अन्न भण्डारण योजना में गोदाम निर्माण के समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु गठित जिला स्तरीय पर्यवेक्षण एवं समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को सहकारी समितियां खण्ड उदयपुर की अतिरिक्त रजिस्ट्रार गुन्जन चौबे की अध्यक्षता में हुई। कमेटी अध्यक्ष चौबे ने विश्व की सबसे बडी अन्न भण्डारण योजना के अन्तर्गत बनने वाले 500 एमटी के गोदामो का निर्माण विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशो के अनुरूप करने के निर्देश दिए। उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अन्तर्गत केन्द्रीय सहकारी बैक के प्रतापनगर स्थित प्रधान कार्यालय भवन पर सहकारिता का ध्वज फहराया। इस अवसर पर'सहकार से समृद्धि' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में सहकारी समितियां के क्षेत्रीय अंकेक्षण अधिकारी आशुतोष भट्ट, केन्द्रीय सहकारी बैक उदयपुर के प्रबन्ध निदेशक अनिमेश पुरोहित, नाबार्ड जिला विकास प्रबन्धक उदयपुर नीरज यादव, सहकारी समितियां के उप रजिस्ट्रार लोकेश जोशी, बैक की अधिशाषी अधिकारी डॉ. मेहजबीन बानो सहित राजकुमार खाण्डिया, डॉ. प्रमोद कुमार, सहकारी समितियां के विशेष लेखा परीक्षक कौटिल्य भट्ट, अनिता शर्मा, विकास कुमार, के.एल.जैन, गणपत सोनी एवं मुकेश मोड आदि् उपस्थित रहे।

## विद्यापीठ में मीरा महोत्सव 21-22 को

**उदयपुर,** (निसं)। साहित्य अकादमी, नई दिल्ली और जनार्दन राय नागर विद्यापीठ विवि, उदयपुर के संयुक्त तत्त्वावधान में 21 और 22 फरवरी को मीरां महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह महोत्सव साहित्य, संस्कृति और भक्ति परंपरा को समर्पित एक महत्वपूर्ण आयोजन है, जिसमें देशभर से विद्वान, लेखक, समीक्षक और कलाकार भाग लेंगे। समन्वयक प्रो. प्रदीप त्रिखा ने बताया कि विद्यापीठ के आईटी सभागार में महोत्सव का शुभारंभ 21 फरवरी को पूर्वाह्न 11बजे उद्घाटन सत्र से होगा। महोत्सव का उद्घाटन जनार्दन राय नागर विद्यापीठ विवि, उदयपुर के कुलपति प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर स्वागत भाषण साहित्य अकादमी के उपसचिव देवेंद्र कुमार देवेश देंगे। आरंभिक वक्तव्य साहित्य अकादमी की सामान्य परिषद के सदस्य माधव हाडा प्रस्तुत करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक होंगे, जबकि अध्यक्षीय भाषण विद्यापीठ के कुलाधिपति भंवरलाल गुर्जर देंगे।

## कार्यालय उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर (राज.)

क्रमांक: F.7(12)PLAN/LANDUSE/2024-25/315 **आम सूचना** दिनांक : 18/2/2025

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के क्रम में सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद / व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या / ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री मनोज कुमार पिता श्री बद्रीलाल वर्मा | कालारोही (सीसारमा) | 1049, 4421 | 01 | 30918.00 वर्गफीट | बुझडा गांव को जाने वाली सडक से कालारोही गांव को जाने वाली प्रस्तावित 60 फीट सडक पर रणजीत कॉचिंग क्लासेस के समीप स्थित है। | आवासीय (ग्रुप हाउसिंग) उपयोग से होटल (पर्यटन इकाई) प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्राधिकरण कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

सचिव
उदयपुर विकास प्राधिकरण, उदयपुर

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

उदयपुर ( मुख्य ) शाखा, पोस्ट बॉक्स नं. 11, टाउन हॉल, उदयपुर-313001 ( राजस्थान ) फोन: 0294-2410226, 2422148, 2420671, 2421673, ई-मेल: udaipu@bankofbaroda.com

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणियों एवं जमानतदारों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अत: उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13( 2 ) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अन्तिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुन: लौटकर आ गए हैं। अत: उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| ऋणियों एवं जमानतदारों का नाम एवं पता | प्रतिभूत आस्तियों/ बंधक सम्पत्ति का विवरण | नोटिस 13( 2 ) की दिनांक | बकाया राशि ( नोटिस 13( 2 ) के अनुसार ) |
|---|---|---|---|
| **मैसर्स सृजन इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज** 13-14, नवकार कॉम्पलेक्स, यूनिवर्सिटी रोड़, उदयपुर, राजस्थान 313001 **पार्टनर्स एवं जमानतदार-** **श्री पंकज जैन पुत्र श्री बृज लाल जैन** 1, न्यू मर्यादा नगर, मर्यादा एनक्लेव कॉम्पलेक्स के सामने, मिकाडो किड्स स्कूल के पास, भुवाणा, उदयपुर, राजस्थान 313001 एवं 15, गोकुलपुरा, आयड़, उदयपुर, राजस्थान 313001 **श्रीमती सीमा जैन पत्नी श्री पंकज जैन** 1, न्यू मर्यादा नगर, मर्यादा एनक्लेव कॉम्पलेक्स के सामने, मिकाडो किड्स स्कूल के पास, भुवाणा, उदयपुर, राजस्थान 313001 एवं 15, गोकुलपुरा, आयड़, उदयपुर, राजस्थान 313001 **श्री रविन्द्र जैन पुत्र श्री अनिल कुमार जैन** 102, आदर्श नगर, ई-ब्लॉक, कालका माता रोड़, पहाड़ा, उदयपुर, राजस्थान 313001 **श्रीमती जेनिशा जैन पुत्री श्री निर्मल कुमार जैन** 188, टैगोर नगर, हिरण मगरी, सेक्टर-4, मनवा खेड़ा, ( ग्रामीण ), उदयपुर, राजस्थान 313002 | मैसर्स सृजन इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज के नाम साम्यिक बंधक दिनांक 26.05.2021 व्यावसायिक सम्पत्ति जो प्लॉट नं. सीपी-06, मेवाड इंडस्ट्रीयल एरिया एक्सटेंशन स्कीम, मादड़ी, उदयपुर, राजस्थान पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 970 वर्ग मीटर है। सीमाएं- पूर्व: रोड़ 12 मीटर चौड़ी, पश्चिम: रोड़ 30 मीटर चौड़ी, उत्तर: रोड़ 12 मीटर चौड़ी, दक्षिण: प्लॉट नं. सीपी-05 | 10.12.2024 गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक 29.11.2024 | दिनांक 08.12.2024 को बकाया राशि रू. 1,27,37,905.89 ( रूपये एक करोड़ सताइस लाख सैंतीस हजार नौ सौ पांच एवं पैसे नवासी मात्र ) ( दिनांक 08.12.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए ) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों एवं जमानतदारों के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं/जमानतदारों को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ ( 60 ) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ ( 60 ) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13( 4 ) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणियों एवं जमानतदारों को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13( 2 ) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें।

**कर्जदारों/जमानतदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13( 8 ) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

दिनांक: 18.02.2025
स्थान: उदयपुर

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी

## कार्यालय नगर विकास प्रन्यास, उदयपुर (राज.)

क्रमांक : F7(12)PLAN/LANDUSE/2023/1587-1588 दिनांक :-11.08.2023

**आम-सूचना**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य सरकार के द्वारा गुलाब कोठारी बनाम राजस्थान सरकार एवं अन्य सिविल रिट संख्या 1554/2004 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर के द्वारा पारित निर्णय के कम मे सरकार के विभागीय आदेश दिनांक 20-07-2017 के अनुसार एवं राज्य सरकार के द्वारा समय-समय पर वृहद/व्यापक जनहित के दृष्टिगत मास्टर प्लान में भू-उपयोग परिवर्तन अनुज्ञये किये जाने के संबंध मे प्रदत्त आदेशों/परिपत्रों की अनुपालना मे निम्नलिखित प्रकरण भू-उपयोग परिवर्तन बाबत् विचाराधीन है:-

| क्र. सं. | आवेदक का नाम | राजस्व ग्राम/ योजना | खसरा संख्या /ब्लॉक संख्या | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल | भूखण्ड/भूमि की स्थिति | भू-उपयोग परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री पारस राजघडिया पिता श्री विश्वनाथ एवं श्रीमती सुनिता राजघडिया पत्नी श्री पारस राजघडिया | बडगांव | 1139 से 1149 | 1-बी | 30775.00 वर्गफीट | निजी अनुमोदित योजना की 60 फीट सडक पर स्थित है। | फार्म हाउस उपयोग से आवासीय प्रयोजनार्थ |
| 2. | प्रभुलाल डांगी पिता श्री काना डांगी | मनवाखेडा | 1806/2431, 1806/2431/2509, 1808/2432, 1808/2510, 1809/2511, 1804 पार्ट | 01 | 19460.00 वर्गफीट | कृषि मण्डी से एकलिंगपुरा जाने वाली 150 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से मिश्रित प्रयोजनार्थ |
| 3. | श्रीमती चन्द्रकला कोठारी पत्नी स्व. श्री चन्द्रसिंह कोठारी, श्री संजय कोठारी पिता स्व. श्री चन्द्रसिंह कोठारी एवं श्री सुधीर कोठारी पिता स्व. श्री चन्द्रसिंह कोठारी | आयड | 2154, 2155, 2161, 2162 | उपविभाजित भूखण्ड 01 + 03 + 04 (पूर्वी भाग) | 15938.00 वर्गफीट | युनिवसिटी जाने वाली 100 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय/वाणिज्यिक उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |
| 4. | श्री भीकम्बर सिंह पिता श्री रामचन्द्र | सवीना खेडा | 913 मीन, 914 मीन, 916 मीन, 2081/913 | 04 | 1652.62 वर्गफीट | एकलिंगपुरा से बलीचा जाने वाले 200 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |
| 5. | श्रीमती उर्मिला पत्नी श्री भीकम्बर सिंह | सवीना खेडा | 913 मीन, 914 मीन, 916 मीन, 2081/913 | 01 | 3120.00 वर्गफीट | एकलिंगपुरा से बलीचा जाने वाले 200 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |
| 6. | श्री जयन्तीलाल जैन पिता श्री कपुरचन्द जैन, श्री मुकेश जैन व श्री संजय पिता श्री जयन्तीलाल जैन | न्यास की हिरण मगरी सेक्टर नम्बर-14 | ब्लॉक-ई | ब्लॉक-III | 4205.00 वर्गफीट | खेडा सर्कल से बलीचा बाईपास जाने वाली 100 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |
| 7. | श्री सर्वेश्वर एस. व्यास पिता श्री मदनलाल व्यास एवं श्रीमती मौली व्यास पत्नी श्री सर्वेश्वर एस. व्यास | न्यास की चित्रकुट नगर योजना | ब्लॉक-ए | 524 | 3486.30 वर्गफीट | खेडा सर्कल से बलीचा बाईपास जाने वाली 100 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |
| 8. | श्री मनोज कुमार पिता श्री बद्रीलाल वर्मा | कालारोही (सीसारमा) | 1049, 4421 | 01 | 30918.00 वर्गफीट | स्वीकृत निजी योजना की प्रस्तावित 60 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से होटल (पर्यटन ईकाई) प्रयोजनार्थ |
| 9. | श्री ऋषभ जैन पिता श्री लादुलाल जैन | भुवाणा | 3424, 3431 से 3433, 3436 से 3441, 3505, 3506, 3508 से 3520, 3522 से 3529, 3533 से 3335, 3563 से 3567, 3571, 3572, 4417/3563 | 73 | 4050.00 वर्गफीट | मीरा नगर योजना की 80 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |
| 10. | श्री अनील कुमार जैन पिता श्री सुमतीलाल जैन एवं श्री बाबुलाल जैन पिता श्री सुमतीलाल जैन | उदयपुर शहर | 1356, 1393, 1394 | 03-ए | 2272.50 वर्गफीट | माली कॉलोनी से हिरण मंगरी सेक्टर-3, 4 को जाने वाली 100 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |
| 11. | श्री दिपेश कुमार जैन पिता श्री सुमतीलाल जैन एवं श्री रमेश चन्द्र पंचोली पिता श्री सुमतीलाल पंचोली | उदयपुर शहर | 1356, 1393, 1394 | 03-बी | 2352.80 वर्गफीट | माली कॉलोनी से हिरण मंगरी सेक्टर-3, 4 को जाने वाली 100 फीट सडक पर स्थित है। | आवासीय उपयोग से वाणिज्यिक प्रयोजनार्थ |

उक्त प्रकरण के भू-उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो न्यास कार्यालय में इस सूचना जारी होने की तिथि से 15 दिवस में किसी भी कार्य दिवस में निम्नहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही होने पर भू-उपयोग परिवर्तन बाबत अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

राज.संवाद/सी/24/11861 सचिव

# महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार सड़क किनारे खड़े ट्रेलर से टकराई, पांच जनों की मौत

## तीन लोग गंभीर रुप से घायल, कार ड्राइवर को झपकी आने से हुआ हादसा

**दौसा,** (निसं)। जिले के जयपुर बाइपास पर मंगलवार सुबह प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार दौसा में खड़े ट्रेलर से टकरा गई। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर हाहाकार मच गया। आसपास के लोगों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला। हादसा कार चालक को झपकी आने से हुआ।

दौसा डीएसपी रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि कार में सवार आठ लोग मंगलवार सुबह प्रयागराज महाकुंभ से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान जयपुर बाइपास पर कार रोड किनारे खड़े ट्रेलर में घुस गई। मामले की सूचना मिलते ही दौसा डीएसपी रवि प्रकाश शर्मा सहित कोतवाली थानाधिकारी सुधीर उपाध्याय पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने कार में फंसे लोगों को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर दौसा जिला अस्पताल पहुंचाया।



जयपुर बाइपास पर हुये हादसे में इको कार के परखच्चे उड़ गये।

- रोड किनारे खड़े ट्रेलर को मैकेनिक ठीक करने में लगा हुआ था, जयपुर की तरफ जा रही इको कार पीछे से ट्रेलर में घुस गई थी
- पुलिस के अनुसार कार में सवार लोग एक ही परिवार के थे, मृतकों में दो दंपती है, जबकि एक कार का ड्राइवर है

**खराब ट्रेलर को ठीक कर रहा था मैकेनिक :** डीएसपी रवि शर्मा ने बताया कि ट्रेलर में तकनीकी खामी आ गई थी। इस दौरान हाइवे पर रोड किनारे खड़े ट्रेलर को मैकेनिक ठीक करने में लगा हुआ था। इस दौरान जयपुर की तरफ जा रही इको कार पीछे से ट्रेलर में घुस गई। डीएसपी ने बताया कि इको कार में सवार करीब करीब 8 लोग प्रयागराज महाकुंभ से लौट रहे थे। इस दौरान ड्राइवर को नींद की झपकी आने के कारण चालक गाड़ी से नियंत्रण खो बैठा और हाइवे किनारे खड़े ट्रेलर में कार घुसा दी। इसके चलते कार में सवार टोंक जिले के देवली निवासी मुकुट बिहारी चंद पुत्र कस्तूरी चंद, निधि पत्नी राकेश सोनी, राकेश पुत्र किशनलाल, गुड्डी देवी पत्नी मुकुट बिहारी और ड्राइवर नफीस की मौके पर ही मौत हो गई। कार सवार दीपेश परवानी गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस के अनुसार कार में सवार लोग एक ही परिवार के थे। मृतकों में दो दंपती है, जबकि एक कार का ड्राइवर है। मृतक ड्राइवर नफीस मलारना डूंगर सवाई माधोपुर का था। कार सवार लोग महाकुंभ से देवली लौट रहे थे।

# अज्ञात व्यक्ति ने आत्महत्या की

**उदयपुर।** गंगू कूंड में कूद कर आत्महत्या करने वाले का शव परिजनों को सौंपा।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 फरवरी को भुपालपुरा थाना क्षैत्र गंगू कूंण्ड में अज्ञात व्यक्ति ने कूदकर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी शिनाख्त ईश्वरसिंह ने अपने काका विजेसिंह पुत्र मावसिंह के रूप में शिनाख्त की। इस पर एएसआई हरिसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। विजेसिंह मजदूरी करता था एवं आत्महत्या करने के कारणों का पता नहीं चल पाया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड टोडाभीम**

क्रमाक-2808-2816 दिनांक-10.02.2025

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना संख्या-13/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से जिला करौली (खण्ड टोडाभीम) में सड़क मरम्मत एवं अन्य कार्य हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग, राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के यथोचित श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**UBN NO. PWD2425WSRC14886**

(के.के. मीना)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड टोडाभीम

DIPR/C/1880/2025



**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड भीनमाल**

क्रमाक-अअ/भीन/2024-25/1466 दिनांक-07.02.2025

**निविदा सूचना संख्या-08 वर्ष 2024-2025**

**NIB NO. PWD2425A4097**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से सडक मरम्मत कार्य हेतु उपयुक्त श्रणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकी लागत राशि रू. 80.00 लाख है के लिए ईटेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ऑनलाईन निविदा आवेदन डाउनलोड एवं अपलोड करने की तारीख | 10 फरवरी 2025, 9.30 बजे से 19 फरवरी 2025, सायं 06.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajsthan.gov.in व http://sppp.rajasthn.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। संपूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

**PWD2425WSOB14717, PWD2425WSOB14718, PWD2425WSOB14719, PWD2425WSOB14720, PWD2425WSOB14721, PWD2425WSOB14722, PWD2425WSOB14723**

(ओम प्रकाश)
अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड भीनमाल

DIPR/C/1802/2025


# सरकारी स्कूल में खेलते-खेलते टैंक में गिरी तीन छात्राएं, मौत

## अचानक से टैंक के ऊपर लगी पट्टियां टूट गई और तीनों छात्राएं 20 फीट गहरे टैंक में गिर गई

**नोखा,** (निसं)। सरकारी स्कूल में खेलते-खेलते तीन छात्राएं वाटर टैंक (टांका) में गिर गईं। आसपास खेल रहे बच्चों ने टीचर को इसकी जानकारी दी। पानी में तीनों छात्राएं बुरी तरह से मलबे के नीचे दब गई थी। आधे घंटे की मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला जा सका। इसके बाद उन्हें हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

- टैंक करीब 23 साल पुराना है, इसे ऊपर से पट्टी रखकर ढका गया था

जानकारी के अनुसार हादसा मंगलवार सुबह करीब 11 बजे बीकानेर के नोखा इलाके में हुआ। मंगलवार सुबह नोखा क्षेत्र के देवानाडा स्थित (केडली गांव) राजकीय प्राथमिक स्कूल में बच्चे खेल रहे थे। खेलते-खेलते प्रज्ञा (8) पुत्री रेखाराम जाट, भारती पुत्री ओमाराम जाट और रवीना पुत्री बागाराम स्कूल परिसर में ही बने वाटर टैंक के ऊपर चली गई। अचानक से टैंक के ऊपर लगीं पट्टियां टूट गईं और तीनों छात्राएं 20 फीट गहरे टैंक में गिर गईं। करीब 15 फीट तक इसमें पानी भरा था। हादसे की सूचना पर आस-पास के ग्रामीण पहुंचे। ट्रैक्टर बुलाकर मोटर की मदद से टैंक का पानी बाहर निकाला गया। इसी दौरान सीढ़ी लगाकर चार ग्रामीण टैंक में उतरे। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद मलबे के नीचे दबी छात्राओं को बाहर निकाला गया।

प्रिंसिपल संतोष ने 18 दिसंबर 2024 को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को जर्जर वाटर टैंक को लेकर लेटर भी लिखा है। उन्हें बताया गया था कि स्कूल में बना यह टैंक 5 इंच तक धंस गया है। कभी भी यह गिर सकता है। कोई बड़ा हादसा हो सकता है।इसके बाद भी टैंक की मरम्मत नहीं कराई गई। टैंक करीब 23 साल पुराना है। इसे ऊपर से पट्टी रखकर ढका गया था। घटना के समय टैंक में करीब 15 फीट पानी भरा था। हादसे की सूचना पर उपखंड अधिकारी गोपाल जांगिड़ और थानाधिकारी अमित स्वामी हॉस्पिटल पहुंचे। इधर हादसे के बाद नोखा अस्पताल की मॉर्च्युरी के बाहर ग्रामीण धरने पर बैठ गए। वे लापरवाह अधिकारियों और कर्मचारियों को निलंबित करने, पीड़ित परिवार को नियमानुसार मुआवजा देने की मांग पर अड़ गए। इस दौरान प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी भी की गई। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं होती और मुआवजे की मांग पूरी नहीं की जाती, तब तक शवों का पोस्टमॉर्टम नहीं कराया जाएगा। कलेक्टर नम्रता वृष्णी और एसपी कावेंद्र सिंह भी मौके पर पहुंचे।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

## सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ, एफएसएल टीम ने साक्ष्य लिये

**अजमेर,** (कासं)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के प्रताप नगर स्थित एक मकान में युवक ने अज्ञात परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। सूचना मिलने पर सिविल लाइन थाना पुलिस घटना स्थल पहुंचे और कमरे का दरवाजा तोड़ा तो युवक फंदे पर लटका हुआ था, पुलिस ने युवक का शव उतरवा कर राजकीय अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

- पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे का टीनशेड हटाकर दरवाजा खोला

सिविल लाइन थाने के सब इंस्पेक्टर गिरिराज कुमार ने बताया कि मृतक युवक प्रहलाद सिंह मजदूरी करता था और अपने जीजा के यहां रहता था। थाने पर टेलीफोन के जरिए सूचना मिली कि युवक कमरे का दरवाजा खटखटाने पर भी खोल नहीं रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और कमरे का टीनशेड हटाकर दरवाजा खोला। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर वीडियोग्राफी कराई। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है, जिससे आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सके। पुलिस ने मौके पर एफएसएल टीम को बुलाकर साक्ष्य उठाए हैं। युवक के शव को कब्जे में लेकर जेएलएन अस्पताल से पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द कर दिया।


**कार्यालय नगर परिषद् ब्यावर**

Tel No. 01462-258665, 257509 Email Add.- npbeawar@gmail.com

क्रमांक/निर्माण/24–25/12212 दिनांकः– 17.02.2025

**ई–निविदा सूचना संख्या 05/24–25**

नगर परिषद, ब्यावर द्वारा परिषद क्षैत्र में राज्य वित्त आयोग मद, 15वें वित आयोग (अनटाईड) तथा निजी आय मद के अन्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्य करवाया जाने हेतु परिषद के सम्बन्धित श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों एवं अन्य विभागों के "ए" एवं "एए" श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से E-Procurement प्रकिया के तहत केवल www.eproc.rajasthan.gov.in की ऑनलाईन निविदा के माध्यम से निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। दिनांक 11/03/2025 सांय 06:00 बजे तक निविदा भरी जा सकती है एवं ई–निविदा फार्म शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस की राशि नगर परिषद के Axis Bank के खाता संख्या 914010005810609 आई.एफ.सी. कोड UTIB0001825 में जमा कराकर रसीद की हार्डकॉपी तथा बोली धरोहर का डी.डी./बैंकर चैक एवं सक्षम पंजीकरण की कॉपी नगर परिषद, ब्यावर के निर्माण शाखा में दिनांक 12/03/2025 को प्रातः 11 बजे से पूर्व जमा कराना अनिवार्य कराना अनिवार्य है। कुल 01 निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 33.86 लाख रूपये है। ई–निविदा सूचना की समस्त शर्तें SPPP पोर्टल पर देखी जा सकती है।

जिसका **NIB Code DLB2425A5658** है एवं **UBN** नम्बर निम्नानुसार हैः–
**DLB2425WSOB17450**

राज.संवाद/सी/24/11901 प्रशासक आयुक्त



**कार्यालय-अधीक्षक, सामूहिक चिकित्सालय संघ, अजमेर**

**निविदा सूचना 158 दिनांक 07.02.2025**

| | |
|---|---|
| निविदा कार्य का विवरण | Modular OT for CTVS |
| निविदा का प्रारूप | द्वि-प्रक्रमी निविदा (तकनीकि एवं वित्तीय) Two Stage Tender E Tender |
| निविदा मूल्य | 150 लाख रू. |
| निविदा की कार्य अवधि | एक वर्ष |
| UBN | MCA2425GLRC00158 |
| निविदा शुल्क | |
| 1. निविदा शुल्क | 2000 रू. |
| 2 निविदा प्रोसेसिंग शुल्क | 2000 रू. |
| अमानत राशि | 300000 रू. |
| प्री बिड दिनांक एवं स्थान | दिनांक 13.02.2025 समय 11.30 ए.एम अधीक्षक कक्ष नम्बर 88 इस चिकित्सालय |
| निविदा आनलाईन Download and upload time दिनांक एवं समय | 08.02.2025 Form 10 AM to 28.02.2025 upto 3 Pm |
| भौतिक रूप से निविदा शुल्क/अमानत राशि/प्रोसेसिंग शुल्क जमा करने की दिनांक एवं समय | 14.02.2025 Form 10 AM to 28.02.2025 upto 3 Pm |
| तकनीकी निविदा ऑन लाइन Opening की दिनांक एवं समय | 09.03.2025 at 3.00 Pm |
| ई-पता | Supdtjlnhospitalajmer@gmail.com |

अधीक्षक
सामूहिक चिकित्सालय संघ, अजमेर

DIPR/C/1799/2025


# 'राज्यवृक्ष खेजड़ी की कटाई पर छूट देना अमृतादेवी बिश्नोई का अपमान'

**भीलवाड़ा,** (निसं)। पीपुल फॉर एनीमल्स के प्रदेश प्रभारी पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने राज्य सरकार द्वारा एक ओर वनों एवं वन्यजीवों के संरक्षण के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को अमृतादेवी बिश्नोई पुरस्कार देनें एवं दूसरी ओर खेजड़ी वृक्षों को काटने के लिए खुली छूट देना निंदनीय बताया है।

- खेजड़ी बचाने के लिए अमृतादेवी बिश्नोई सहित 363 लोगों ने दिये थे प्राण : जाजू
- पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने खेजड़ी वृक्षों को काटने के लिए खुली छूट देना निंदनीय बताया
- जाजू ने मुख्यमंत्री एवं वनमंत्री से खेजड़ी के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग की

जाजू ने कहा कि यह सरकार द्वारा खेजड़ी वृक्षों को बचाने हेतु 363 लोगों के साथ 294 वर्ष पूर्व प्राण देने वाली अमृतादेवी बिश्नोई का अपमान है। जाजू ने कहा कि यदि खेजड़ी वृक्ष को काटना ही है तो इसे राज्य वृक्ष घोषित करने की क्या आवश्यकता थी। जाजू ने मुख्यमंत्री एवं वन मंत्री से अविलम्ब खेजड़ी के पेड़ों की कटाई पर रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि ऐसे वनों का प्रतिशत नहीं बढ़ सकता है।

जाजू ने बताया कि प्रदेश में जंगल घटने के साथ ही तापमान निरंतर बढ़ता ही जा रहा है जिससे प्रदेशवासी परेशान है। वर्ष 1950 में राजस्थान प्रदेश में वनों का प्रतिशत 13.5 प्रतिशत था जो घटकर 9 प्रतिशत के लगभग ही रह गया है वहीं प्रदेश की जनसंख्या लगभग 1.5 करोड़ थी जो बढ़कर 7.5 करोड़ हो चुकी है। वनों की सघनता 0.8 थी जो घटकर 0.2 रह गई है। उल्लेखनीय है कि बिश्नोई समाज के प्रमुख लोग पिछले 6 माह से खेजड़ी वृक्ष को बचाने हेतु आन्दोलनरत है बावजूद उसके सरकार द्वारा खेजड़ी वृक्ष की कटाई पर रोक नहीं लगाना निंदनीय है।

# व्यापारी से साढ़े चार करोड़ की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

**अजमेर,** (कासं)। व्यापारी से 4 करोड़ 62 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में रामगंज थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस पूछताछ में जुटी है। पुलिस ने पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।।

- पुलिस ने पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था
- आरोपी से धोखाधड़ी में हड़पी गई राशि को लेकर पूछताछ की जा रही है

रामगंज थाना प्रभारी रवीश सामरिया ने बताया कि माकड़वाली रोड निवासी जयकुमार दायमा ने थाने पर मुकदमा दर्ज करवाया था। पीड़ित व्यापारी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि महाराष्ट्र निवासी हाजी इरशाद, मध्य प्रदेश निवासी अमजद कुरैशी और सोनू कुरैशी सहित बिलाल कुरेशी ने अगस्त 2021 से लेकर फरवरी 2022 तक बकरे भेड़ों का व्यापार किया, लेकिन आरोपियों ने विश्वास में लाकर भेड़ व बकरियों की बकाया राशि लगभग 4 करोड़ 62 लाख रुपए भुगतान नहीं करके धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने टीम का गठन किया और कार्रवाई के निर्देश थे।

थाना प्रभारी सामरिया ने बताया कि टीम के द्वारा पूर्व में आरोपी अमजद कुरैशी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया चुका है, लेकिन आरोपी सोनू पुत्र अमजद गिरफ्तारी के डर से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग जगह पर दबिश दी गई। इस बीच मुखबिर की सूचना पर मध्य प्रदेश निवासी सकलेन उर्फ सोनू पुत्र अमजद कुरैशी को गिरफ्तार किया है, जिससे धोखाधड़ी में हड़पी गई राशि को लेकर पूछताछ की जा रही है।

# राई के दाने से भी छोटी आईसीसी वर्ल्ड चैंपियन ट्रॉफी बनाई

**उदयपुर।** उदयपुर के सो विश्व रिकॉर्ड होल्डर स्वर्ण शिल्पी डॉक्टर इकबाल सक्का ने 19 फरवरी से दुबई में शुरू होने वाली आईसीसी वनडे चैंपियन वर्ल्ड कप की प्रतियोगिता के लिए लेंस से देखे जाने वाली राई के दाने से भी छोटी सूइ के छेद से निकल जाने वाली आईसीसी वर्ल्ड चैंपियन ट्रॉफी 2025 बनाई।

डॉक्टर सक्का ने बताया कि आईसीसी वर्ल्ड चैंपियन में जो भी विजेता टीम होगी उस विजेता टीम को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड भारत सरकार द्वारा भेंट करेंगे। इसके लिए डॉक्टर सक्का ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को व खेल मंत्रालय एवं भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष को पत्र लिखकर अवगत कराया है। डॉक्टर सक्का ने वनडे चैंपियन वर्ल्ड कप को क्रिकेट प्रेमियों के लिए शहर के पर्यटन स्थल दूध तलाई फतेहसागर सहेलियों की बाडी सुखाडिया सर्कल इत्यादि स्थानों पर प्रदर्शन किया, तो देश विदेश के लोगों ने विश्व की सबसे छोटी राई के दाने से भी छोटी कलाकृति को पसंद किया, और यह प्रार्थना की की आईसीसी चैंपियन 2025 ट्रॉफी भारत जीते ताकी यह कलाकृति हमारे देश की शोभा बने।


**जयपुर विकास प्राधिकरण**

इन्दिरा सर्किल, जवाहर लाल नेहरु मार्ग, जयपुर-302004

क्रमांकः जविप्रा/अधि.अभि.–10/2024–25/डी–612 दिनांकः 15.02.2025

**निविदा सूचना**

बिड सूचनाः जविप्रा/अधि.अभि.10/31/2024–25

जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा **"जोन–10 क्षेत्र में दिल्ली रोड (ट्रांसपोर्ट नगर से कुंडा चेक पोस्ट तक) के ब्लैक स्पॉट और वल्नरेबल स्पॉट्स पर यातायात सुधार कार्य"** जिसकी अनुमानित लागत राशि रू. 185.47 लाख के लिए ऑनलाईन बिड्स दिनांक 27.02.2025 को सायं 6:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा बोली का ऑनलाईन आवेदन व भुगतान जविप्रा पोर्टल पर करने की अन्तिम तिथि, 27.02.2025 को सायं 6:00 बजे तक है। निविदा बोली के दस्तावेजों का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in and www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

**(UBN No.- JDA2425WSOB00533)**

**निविदा में भाग लेने वालो को निम्न शर्तों की पूर्ति करनी होगी।**

1. निविदादाता जयपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट www.jda.urban.rajasthan.gov.in पर पंजीकृत हो एवं निविदा में भाग लेने के लिए बोलीदाता को आवेदन करने के लिए दस्तावेज शुल्क, अमानत राशि, आर.आई.एस.एल. प्रोसेसिंग शुल्क ऑनलाईन जमा करनी होगी।
2. ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदादाताओं का राजस्थान सरकार के ई–प्रोक्यूरमेंट पोर्टल www.eproc.rajasthan.gov.in पर पंजिकृत हो।

राज.संवाद/सी/24/11841 अधिशाषी अभियंता –10


# बुजुर्ग का अपहरण कर जानलेवा हमला किया

## 65 हजार नगद व सोने की मुरकी छीन कर फरार हुये बदमाश

**अजमेर,** (कासं)। अजमेर जिले के सराना थाना क्षेत्र के मोतीपुरा गांव में 65 वर्षीय बुजुर्ग के साथ मारपीट, लूटपाट और जान से मारने की कोशिश का मामला सामने आया है।

हमलावरों द्वारा बुजुर्ग का जबरन बोलेरो में बैठक अपहरण कर हत्या का प्रयास किया। हमलावर बुजर्ग के पास रखे 65 हजार रुपए व सोने की मुरकी लूट कर फरार हो गए। पीड़ित बुजुर्ग ने थाने में नामजद मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की
- अपहरण, लूट, मारपीट और हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया

जिले के सराना थाना क्षेत्र के मोतीपुरा निवासी छीतर खारोल (65) ने पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए छह लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया है।

दर्ज रिपोर्ट में बुजुर्ग खारोल ने बताया कि वह 15 फरवरी शाम करीब 5 बजे वह मोटर साइकिल से अपने गांव लौट रहे थे, तभी सफेद बोलेरो ने रास्ता रोककर घेर लिया। गाड़ी में सवार रघुनाथगढ़ और रामसर निवासी भागचंद, परमेश्वर, पूरण, रोडू, प्रधान और मूला ने उतरकर लाठी, सरिये और चाकू हमला किया। उन्होंने बताया कि हमलावरों ने जबरन मोटरसाइकिल से गिराकर बेरहमी से पीटा और उन्हें जबरन गाड़ी में डालकर करीब एक किलोमीटर दूर ले गए, जहां हत्या की कोशिश भी की। हमलावरों ने पीड़ित की जेब से रखे 65 हजार रुपए नगद और कान में पहनने वाली सोने की मुरकी छीन कर फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पास से गुजर रहे धीसालाल खारोल ने उनकी चीख-पुकार सुनकर मोटरसाइकिल से रास्ता रोक दिया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई, आरोपियों ने उन्हें गाड़ी से नीचे फेंक दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर सराना थाना पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ अपहरण, लूट, मारपीट और हत्या के प्रयास की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तीन माह से अटकी लेक्चरर की काउंसलिंग

**बीकानेर,** (निसं)। राज्य के शिक्षा विभाग में लंबे समय बाद वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता के पद पर पदोन्नत हुए 10515 लेक्चरर को तीन माह बाद भी पोस्टिंग नहीं मिल पाई है। तीसरी बार स्थगित की गई काउंसलिंग सप्ताहभर बाद भी शुरू नहीं हो सकी है। राज्य के शहरी क्षेत्र में स्थित सरकारी स्कूलों में रिक्त व्याख्याता के पदों को तबादलों से भरा जाए या पदोन्नति से इसको लेकर स्थिति अभी तक स्पष्ट नहीं हुई है। इस वजह से काउंसलिंग तीसरी बार स्थगित की गई है।पिछले साल 20 नवम्बर को शिक्षा विभाग ने वरिष्ठ अध्यापक से व्याख्याता पदों की बकाया वर्ष 2021-22 में 2022-23 की डीपीसी की थी।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड-करौली**

क्रमांक-4136-4156 दिनांक-05.02.2025

**ई-निविदा सूचना संख्या-17/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से विभिन्न कार्यो के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि के पंजीकृत संवेदकों जो कि राज्य सरकार के एए ए बी सी डी श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदाओं से संबंधित विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

NIB CODE-PWD2425A4068

| UBN NO. | S.NO. | UBN NO. | S.NO. |
|---|---|---|---|
| 1. PWD2425WSOB14614 | 01 | 2. PWD2425WSOB14615 | 02. |
| 3. PWD2425WSOB14616 | 03 | 4.PWD2425WSOB14617 | 04, |

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि. खण्ड करौली

DIPR/C/1827/2025



**कार्यालय अधीक्षक एवं सदस्य सचिव, आर.एम.आर.एस., एम.बी.एस. चिकित्सालय, कोटा**

क्रमांक-लेखा/क्रय-आर.एम.आर.एस./2024-25/1007 दिनांक-07.02.2025

**निविदा सूचना 05/2024-25**

Bids for below items are invited from 07.02.2025, 10.00 AM upto 26.02.2025, 5.00 PM from interested bidders, other particulars of bids may be visited on www.eproc.rajasthan.gov.in or www.sppp.rajasthan.nic.in

| क्र.सं. | आईटम का नाम | अनुमानित मूल्य (लाखों में) |
|---|---|---|
| 01 | एम.बी.एस. चिकित्सालय में स्थित नवीन ओ.पी.डी. भवन में निश्चेतना विभाग हेतु ऑक्सीजन पाईप लाईन मय कवर्ड प्लेटफार्म डिन शेड (एम.जी.पी.एस.) सिस्टम एवं Third Party Inspection करवाने के कार्य (on Turn key Basis) बाबत। UBN NO. CMK2425WSOB00284 | 95.00 लाख |

अधीक्षक एवं सदस्य सचिव
आर.एम.आर.एस. महाराव भीमसिंह चिकित्सालय, कोटा

DIPR/C/1779/2025



राजस्थान सरकार

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य**
राजकीय जनाना चिकित्सालय परिसर, मोरी चार बाग-भरतपुर 321 001 (राज.)

eemhbharatpur@gmail.com
ee-mh-bharatpur@gov.in
Mob. 9602097030

क्रमाक/M&H/2024-25/135 दिनांक-05.02.2025

**निविदा सूचना संख्या 19/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत विभिन्न कार्य जिला भरतपुर/डीग/धौलपुर/करौली में रू. 500.05 लाख के निर्माण कार्य हेतु राजस्थान सरकार के समकक्ष उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में सिविल कार्यों हेतु पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्राक्यूरमेंट निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण DIPR की वेब साईट www.dipronline.Org, http://eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय वेब साईट http://rajswasthya.nic.in पर देखा जा सकता है।

**NIB NO. MHS2425A3351**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Electric repair & maintcnance work in compliance of electrical power audit at CHC Bayana & Weir Distt. Bharatpur CHC Kaman (Distt.Deeg) | UBN NO. MHS2425WSOB04788 |
| 2 | Electric repair & maintcnance work in compliance of electrical power audit at CHC Roopwas, Uchhain. Rudawal, Khanwa, Bansipaharpur, Chiksana (Distt-Bharatpur)& Gopalgarh (Distt-Deeg) | UBN NO. MHS2425WSOB04789 |
| 3 | Electric repair & maintcnance work in compliance of electrical power audit at CHC Todabheem, Masalpur, Keladevi, Prita, Godachandra ji, Nadoti, Sapotra, Balghat, Karanpur & Suroth (Distt-Karauli) | UBN NO. MHS2425WSOB04790 |
| 4 | Electric repair & maintcnance work in compliance of electrical power audit at CHC Rajakhera, Basedi, Mania, Kanchanpur, Sarmathura, Basai Nawab & Sepau, (Distt-Dholpur) | UBN NO. MHS2425WSOB04791 |
| 5 | Electric repair & maintcnance work in compliance of electrical power audit at CHC Khedli Gudasiya, Bhuswar, Halena, Nadbai (Distt-Bharatpur) & Jurhera. Kumher, Punchri Ka Lota & Sikri Patti (Distt-Deeg) | UBN NO. MHS2425WSOB04792 |
| 6 | Const. of BPHU CHC Gulpada, Distt-Deeg | UBN NO. MHS2425WSOB04793 |
| 7 | Const. of PHC Building Tanda, Distt-Dholpur | UBN NO. MHS2425WSOB04794 |
| 8 | Const. of DDC at SH Bdi Distt-Dholpur | UBN NO. MHS2425WSOB04795 |
| 9 | SITC of acccess CCTV & UPS work at BPHU Punchhari, Distt-Deeg | UBN NO. MHS2425WSOB04796 |
| 10 | SITC of access CCTV & UPS work at BPHU Kaman Distt-Deeg | UBN NO. MHS2425WSOB04797 |
| 11 | Electric work at Trauma Centre Gulpada, Distt-Deeg | UBN NO. MHS2425WSOB04798 |

(एल.के.अग्रवाल)
अधिशाषी अभियन्ता
चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, भरतपुर

DIPR/C/1899/2025

# निवेशकों को भूमि आवंटन समेत अन्य तमाम सुविधाएं मुहैया करवाएं : वैभव गालरिया

## यूडीएच सचिव ने प्राप्त एमओयू के कार्यान्वयन और निपटान के संबंध में दिशा निर्देश दिए

**जयपुर।** राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान के तहत प्राप्त एमओयू के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन पर कमर कस ली है। प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने मंगलवार को शासन सचिवालय में इस संबंध में समीक्षा बैठक ली । उन्होंने अधिकारियों को निवेशकों के साथ नियमित रूप से संपर्क बनाये रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के दूरदर्शी एवं सक्रिय नेतृत्व में राजस्थान में निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जाना संभव हो रहा है ।

यूडीएच सचिव वैभव गालरिया ने राइजिंग राजस्थान के दौरान प्राप्त एमओयू के जिलेवार कार्यान्वयन और निपटान के संबंध में वीसी के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।



प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया ने शासन सचिवालय में समीक्षा बैठक ली ।

- **नगरीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव ने राइजिंग राजस्थान में प्राप्त एमओयू की प्रगति पर समीक्षा बैठक ली**
- **मुख्यमंत्री के दूरदर्शी एवं सक्रिय नेतृत्व में राजस्थान में निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जाना संभव हो रहा है**

वीडियो कांफ्रेंस में नोडल अधिकारी राकेश शर्मा द्वारा निवेशकों को भूमि आवंटन और एमओयू के निस्तारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा किस तरह से राजनिवेश पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है, इसके बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई । बैठक में निवेशकों और सरकार दोनों की सुविधा के लिए राजनिवेश पोर्टल में जोड़ी गई विभिन्न विशेषताओं पर भी प्रकाश डाला गया। गालरिया ने बताया की पोर्टल का उपयोग एमओयू के कार्यान्वयन से संबंधित डेटा के रियल-टाइम अपडेट के लिए किया जा रहा है। प्रक्रिया को और अधिक कारगर बनाने के लिए शिकायत, फीडबैक और एमओयू प्रबंधन जैसी कुछ नई सुविधाएँ जोड़ी गई हैं।

उल्लेखनीय है की सभी एमओयू के लिए एक समीक्षा प्रणाली स्थापित की गई है जिसके तहत मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मासिक समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। अगली मसिक समीक्षा बैठक दिनांक 11 मार्च, 2025 को प्रस्तावित है। साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा बैठकें भी विभागीय स्तर पर होती हैं। गलारिया ने अधिकारियों को यूडीएच विभाग के संबंध में विधान सभा की कार्यवाही में उठाए गए प्रश्नों और मुद्दों पर समय पर कार्यवाही सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

इस बैठक में आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा, उप शासन सचिव रवि विजय, राकेश गुप्ता सहित अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित रहे ।

# एटीएम से बैटरियां चुराने वाली गैंग के दो आरोपी पकड़े

**जयपुर।** शास्त्री नगर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एटीएम से बैटरियां चुराने वाली गैंग के दो आरोपियों को पकड़ा है । आरोपित दिन मे रैकी कर रात्री मे वारदात को अंजाम देते है । पुलिस पड़ताल में आरोपियों ने 32 वारदातों का खुलासा किया है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

- **आरोपी दिन में रैकी कर रात्री में वारदात को अंजाम देते हैं**

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर राशि डोगरा डूडी ने बताया कि शास्त्री नगर नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एटीएम से बैटरियां चुराने वाली गैंग के शातिर बदमाश मनोज कुमार स्वामी उर्फ मनु निवासी सिंधी कैम्प जयपुर और निरंजन स्वामी उर्फ निंजा निवासी सिंधी कैम्प जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित मनोज कुमार उर्फ मनु है थाना सिंधी कैंप का हिस्ट्रीशीटर भी है।



शास्त्री नगर नगर थाना पुलिस ने एटीएम से बैटरियां चुराने वाली गैंग के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों ने बनीपार्क, जालुपुरा, सोडाला, मानसरोवर, विद्याधर नगर, ब्रह्मपुरी, झोटवाड़ा, शिप्रापथ, रामगंज, वैशाली नगर, करधनी, मुरलीपुरा, विश्वकर्मा, कानोता, सदर जयपुर, विधायकपुरी, माणक चौक, सिंधी कैंप, करणी विहार थाना इलाके मे एटीएम से बैटरियां चोरी करने की वारदातें कबूल की है। आरोपित चोरी की गई बैटरिया कबाडी शरीफ निवासी जालुपुरा को बेच देते है। आरोपियों के खिलाफ कई थानों में आपराधिक मामले दर्ज है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# एलआईसी ने किया "एकल कार्मिक कार्यालय" का अनावरण

**जयपुर।** एलआईसी ने आज अपनी सेल्स टीम को सशक्त बनाने और पॉलिसीधारकों को 247 डिजिटल माध्यम से निर्बाध सेवाएं सुनिश्चित करने के निरंतर प्रयासों के रूप में अपने एजेंटों के माध्यम से "एकल कार्मिक कार्यालय" ऑनलाइन सेवा का अनावरण किया। एकल कार्मिक कार्यालय के माध्यम से एलआईसी का लक्ष्य अपने सेल्सफोर्स के लिए एक व्यापक डिजिटल इकोसिस्टम प्रदान करना है, जिसमें एजेंट, विकास अधिकारी, वरिष्ठ व्यवसाय सहयोगी), मुख्य जीवन बीमा सलाहकार , एलआईसी सहयोगी और चीफ़ ऑर्गनाइज़र शामिल हैं, जो उनके दिन-प्रतिदिन के कार्यों में सहायता प्रदान करेगा, उनकी दक्षता और उत्पादकता को मजबूत बनाएगा तथा हमारे ठााहकों को बेहतर सेवाएं देना सुनिश्चित करेगा। यह सेवा 17-02-2025 को आरंभ की गई है। भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ और एमडी श्री सिद्धार्थ महान्ति ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि यह जीवन बीमा को बढ़ावा देने और एलआईसी के ठााहकों को कभी भी और कहीं भी सेवा प्रदान करने के लिए सेल्स फोर्स के हाथों में एक महत्वपूर्ण उपकरण होगा। यह 2047 तक सभी के लिए बीमा के उद्देश्य को प्राप्त करने में भी सहायक होगा। एकल कार्मिक कार्यालय का उद्देश्य हमारे एजेंटों को पॉलिसियों की डिजिटल बिक्री, बिक्री के पश्चात ठााहको को विभिन्न प्रकार की सेवाएं, अपने व्यवसाय पर नज़र रखने और उस हेतु प्रशिक्षण और ज्ञान पूल के रूप में कार्य करने में सहायता करना है।

# हरिके बैराज से पानी लेकर किसानों को दिया 5 बारी पानी : मुकेश दाधीच

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर पलटवार करते हुए कहा है कि अशोक गहलोत उपचुनाव में पार्टी की बुरी तरह हार के गम से अब तक उबर नहीं पाए है। इसके कारण वे आए दिन अनर्गल बयानबाजी कर रहे है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सिर्फ सोशल मीडिया पर चल रही भ्रामक जानकारी के आधार पर सोशल मीडिया पर बयान दे रहे हैं जबकि सच्चाई इससे कोसो दूर है। उन्होंने गहलोत को तथ्यों के आधार पर बयानबाजी की सलाह देते हुए कहा कि उत्तरी राजस्थान के नहरी क्षेत्र की नहरों से 32 लाख किसानों को रबी की फसलों के लिए इस बार हरिके डेम में पानी कम होने के बाद भी पांच बारी पानी दिया गया है।

- **किसानों के लिए समझौते के अनुसार राजस्थान को मिला पूरा पानी : मुकेश दाधीच**
- **बौखलाहट में अनर्गल बयानबाजी करना छोडे अशोक गहलोत : मुकेश दाधीच**

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि इस बार हरिके डेम में अपेक्षा के अनुरूप पानी नहीं आने के कारण 51 फीसदी ही भर पाया था। इसके बाद भी राज्य सरकार ने समय से पहले अपने हिस्से का पानी लेकर किसानों को पानी की आपूर्ति करवाई है। वर्तमान में हरिके डेम से 4 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डेम में पानी की कमी देखते हुए किसानों को 4 बारी पानी देने का सुझाव था लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने किसानों के दर्द को समझते हुए अधिकारियों को किसानों के लिए पूरा पानी देने के निर्देश दिए थे। इसके चलते समय से पहले ही इस बार इंदिरा गांधी नहर परियोजना के तहत इतिहास में पहली बार समय से पहले बांध से पानी लेकर पूरे पानी की आपूर्ति की गई है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने कहा कि इन दिनों सरहिन्द कैनाल का मरम्मत कार्य किया जा रहा है, ऐसे में इस नहर में ज्यादा पानी चलाया तो इसके टूटने का खतरा पैदा हो जाएगा।

# अमित गोयल जयपुर शहर जिला अध्यक्ष निर्वाचित

**जयपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के तहत मंगलवार को भाजपा जयपुर शहर जिला अध्यक्ष की घोषणा की गई। संगठन पर्व 2024 के प्रदेश चुनाव अधिकारी नारायण पंचारिया के निर्देशानुसार जयपुर शहर निर्वाचन अधिकारी नारायण सिंह देवल ने बताया कि जयपुर शहर जिला अध्यक्ष पद पर भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अमित गोयल निर्वाचित हुए हैं। जिला संगठन चुनाव के दौरान जिला प्रवासी के रूप में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर भी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने जयपुर शहर नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष अमित गोयल को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया और शुभकामनाएं दी।

# ओवरलोड वाहनों से वसूला 30 लाख रुपये का जुर्माना

**जयपुर,** 18 फरवरी।जयपुर जिले में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जयपुर (द्वितीय) ने 26 घंटे के सघन जांच अभियान के तहत ओवरलोड वाहनों की जांच की।

प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जयपुर (द्वितीय) श्री धर्मेन्द्र चौधरी ने बताया कि अभियान के तहत दिनांक 16 फरवरी, 2025 को प्रातः 6 बजे से दिनांक 17 फरवरी 2025 प्रातः 8 बजे तक रेनवाल, कालवाड़, जोबनेर, चौमूं, कालाडेरा, जाटावाली सहित अन्य क्षेत्रों में ओवरलोड वाहनों की जांच की गई। इस दौरान कुल 71 ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई एवं 30 लाख रुपये की जुर्माना राशि वसूल की गई।

सघन जांच अभियान के लिए गठित दल में जिला परिवहन अधिकारी, जयपुर द्वितीय श्री संजय शर्मा, जिला परिवहन अधिकारी चौमूं श्री अनूप सहरिया, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय जयपुर द्वितीय के परिवहन निरीक्षक एवं उप निरीक्षक श्री राजेश कुमार चौधरी, श्री बिजेन्द्र कुमार, श्री बलवीर सिंह, श्री अनिल बसवाल, श्री अविनाश चौहान जिला परिवहन कार्यालय शाहपुरा के परिवहन निरीक्षक श्री बाबूलाल मीणा, श्री भारतेन्दु पचौरी, श्री सुनील अठावाल तथा जिला परिवहन कार्यालय चौमूं के परिवहन निरीक्षक श्री बिजेन्द्र मीणा, श्री हंसराज टेपन एवं श्री अरविन्द सिंह शामिल रहे।

# जनआकांक्षाओं के मुताबिक होगा राजस्थान का बजट : मदन राठौड

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा है कि गत वर्ष की भांति इस बार राज्य सरकार का बजट ऐतिहासिक और जनआकांक्षाओं के अनुरूप होगा। बजट के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सभी वर्गो से सुझाव लिए गए है और आशा है कि आने वाले बजट में सभी सुझावों का समावेश देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं सामान्य परिवार से आकर इस पद पर आए हैं। उन्हें आम आदमी का दर्द पता है। वे संगठन के कई वर्षों तक महामंत्री भी रहे हैं और उन्होंने पूरे प्रदेश का दौरा भी किया है। ऐसे में सभी क्षेत्रों के अभाव उनकी नजर में हैं। ऐसे में उनके नेतृत्व में जनहितकारी और प्रदेश के विकास के नए आयाम लिखने वाला बजट पेश किया जाएगा।

- **बजट में होगा सभी वर्गो से मिले सुझावों का समावेशः मदन राठौड**

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि इस बजट में आमजन के साथ ही सभी वर्गो की आकांक्षाओं का भी ध्यान रखा जाएगा। इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सभी विधायकों, पूर्व विधायकों, सांसदों, पूर्व सांसदों के साथ ही प्रोफेशनर्स के साथ संवाद कर बजट की परिकल्पना तैयार की है। इन सभी से मिले सुझावों को बजट में पूरा ध्यान रखा जाएगा। ऐसे में इस बार राज्य सरकार का बजट प्रदेश के विकास के द्वार खोल देगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि राज्य सरकार भी केन्द्र की नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के कदमों पर चल रही है। हाल ही केन्द्र सरकार का बजट भी ऐतिहासिक रहा है। इसमें एमएसएमई को बडी राहत दी गई है वहीं केन्द्र के बजट से आम आदमी ने जो उम्मीद की थी उससे बेहतर दिया गया गया है। ऐसे में राज्य सरकार का बजट भी जनहितकारी और आमजन की अपेक्षा के अनुरूप ही होगा। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि जिस प्रकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राइजिंग राजस्थान का सफल आयोजन किया गया है उसी तर्ज पर इस बजट में कुटीर उद्योगों को बढावा देने के लिए कई घोषणाएं किए जाने की उम्मीद है। कुटीर उद्योगों को बढावा दिए जाने से प्रतिभाओं का पलायन रुकेगा और उनकी प्रतिभाओं को पूरा उपयोग भी यहीं हो सकेगा।

# भाजपा विधायक दल की बैठक

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राजस्थान विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। हमारी सरकार ने पिछले बजट में सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए विभिन्न घोषणाएं की और अल्प समय में ही उन घोषणाओं को धरातल पर शुरू करने का काम किया। उन्होंने कहा कि पिछले बजट की घोषणाओं के भूमि आवंटन संबंधी प्रकरणों में लगभग 99 प्रतिशत प्रकरणों में भूमि आवंटन किया जा चुका है। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर बजट पूर्व संध्या पर भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने वाले बजट में विकास की इसी कडी को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने सभी विधायकों से कहा कि अपने क्षेत्र से संबंधित बजट घोषणाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा आमजन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाए।

# सीएम भजनलाल व केन्द्रीय मंत्री पाटिल ने जल संचय अभियान का शुभारंभ किया

## उदयपुर में भी प्रताप गौरव केन्द्र परिसर में वर्षा जल संचय के लिए रिचार्ज वैल का निर्माण किया गया है

**उदयपुर,** (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल मंगलवार को प्रताप गौरव केन्द्र "राष्ट्रीय तीर्थ" पहुंचे और उन्होंने महाराणा प्रताप की विशाल बैठक प्रतिमा पर पुष्पांजलि नमन के साथ केन्द्र के परिसर पर "कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान" के तहत जल संचय-जन भागीदारी के अन्तर्गत बोरवैल का विधिवत पूजन कर शुभारंभ किया।




महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि नमन के साथ केन्द्र परिसर पर कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान का शुभारंभ करते मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल।

जल संरक्षण हेतु जनभागीदारी सुनिश्चित करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस महत्वाकांक्षी अभियान के तहत आमजन एवं संस्थाओं को जोड़ने के क्रम में प्रताप गौरव केन्द्र में रिचार्ज वैल का निर्माण किया जा रहा है। इस अवसर पर राजस्थान के जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। अतिथियों के केन्द्र पहुंचने वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप समिति के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रसाद शर्मा, केन्द्र के निदेशक अनुराग सक्सेना, सचिव महावीर चपलोत, वरिष्ठ इतिहासविद डॉ. देव कोठारी, जल विशेषज्ञ डॉ. अनिल मेहता, जयदीप आमेटा, लघु उद्योग भारती के जिलाध्यक्ष मनोज जोशी, प्रताप गौरव शोध केन्द्र के निदेशक डॉ. विवेक भटनागर, कैलाश हकीम, दिनेश राजपुरोहित, अनुराग कोठारी, समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़, उप जिला प्रमुख पुष्कर तेली, बड़गांव प्रधान प्रतिभा नागदा, समाजसेवी शंभू गमेती, आर्किटेक्ट सुनील लढ्ढा आदि ने स्वागत किया।

- **संकल्प के तहत गौरव केन्द्र परिसर में रिचार्ज वैल के कार्य का शुभारंभ हुआ**

प्रधानमंत्रीं नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू किये गये कर्म भूमि से मातृभूमि अभियान के तहत जल संचय-जन भागीदारी के अन्तर्गत कई लोग भूजल पुनर्भरण के लिए रिचार्ज वैल बनाने में योगदान दे रहे हैं। उदयपुर में भी प्रताप गौरव केन्द्र परिसर में वर्षा जल संचय के लिए रिचार्ज वैल का निर्णय किया गया। इस संकल्प के तहत गौरव केन्द्र परिसर में रिचार्ज वैल के कार्य का मंगलवार से श्रीगणेश हुआ।

6 सितंबर, 2024 को गुजरात के सूरत में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा "जल संचय जन भागीदारी" अभियान प्रारंभ किया गया। इसके तहत सरकारी और गैर-सरकारी संसाधन सहायता के माध्यम से वर्षा जल संचयन, जलभृत पुनर्भरण, बोरवेल पुनर्भरण, रिचार्ज शाफ्ट निर्माण कर भूजल पुनर्भरण किया जाना है। साथ ही भारत सरकार ने जल शक्ति अभियान, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआर जीएस) और अटल भूजल योजना सहित क कार्यक्रम लागू किए हैं, जिनका उद्देश्य जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना है। इन सामूहिक प्रयास के माध्यम से व्यापक जागरूकता पैदा करते हुए दस लाख संरचनाओं का निर्माण किया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रदेश में 45 हजार जल संचय संरचनाओं के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में प्रदेश के सिरोही, पाली, जोधपुर, भीलवाड़ा, झुंझुनूं, जयपुर व बीकानेर जिलों में कुल 337 कार्य प्रस्तावित है।

# आर्टिस्ट की कला को निहारने पहुंचे कई कॉलेजों के स्टूडेंट्स

**जयपुर।** शिल्पांजलि आर्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में आकेड़ा डूंगर स्थित वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी में चल रही दस दिवसीय तीसरी नेशनल सिम्पोजियम ऑन मेटल स्कल्पचर में जाने-माने आर्टिस्ट की कला को जाने व समझने के लिए बडी संख्या में स्टूडेंट्स पहुंच रहे हैं।

- **तीसरी नेशनल सिम्पोजियम ऑन मेटल स्कल्पचर में जाने-माने आर्टिस्ट की कला को जाने व समझने के लिए बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स पहुंच रहे हैं**



एलन कॉलेज ऑफ डिजाइन, जयपुर के 50 स्टूडेंट्स ने सिम्पोजियम की विजिट की।

इसी के तहत मंगलवार को एलन कॉलेज ऑफ डिजाइन, जयपुर के करीब 50 स्टूडेंट्स ने सिम्पोजियम की विजिट की। विश्व प्रसिद्ध मूर्तिकार राजकुमार पंडित के दिशा-निर्देशन में बडोदरा, गुजरात के आर्टिस्ट गणेश गोहिन व तिरूअनंतपुरम्, केरल के आर्टिस्ट डी राजशेखरन नैय्यर ने अपने अनुभव साझा किये। फाउंडेशन की अध्यक्ष अंजली पंडित ने बताया कि पद्मश्री राजेंद्र टिकू सिम्पोजियम के क्यूरेटर हैं। लगातार तीसरे वर्ष यह आयोजन किया जा रहा है। इस बार सीमा कोहली, विभा गहलोत्रा, दीपाली दरोज, गणेश गोहिन, मनीषा पारीख, डी राजशेखरन नैयर ने बेहतरीन डेमो तैयार किए हैं। इस डेमो को वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी के आर्टिस्ट की ओर से मेटल (धातु) से बनाकर संठाहलय में रखा जाएगा। इस सिम्पोजियम का उदेश्य आर्ट एंड कल्चर से जुडे स्टूडेंट्स को मोटिवेट करना है।

सिम्पोजियम के संयोजक सन्नी पंडित ने बताया कि प्रसिद्ध आर्टिस्ट की कला को निहारने के लिए स्टूंडेट्स आ रहे हैं। अब तक आईसीजी कॉलेज, जयपुर व एलन कॉलेज ऑफ डिजाइन, जयपुर के करीब 60 स्टूडेंटस ने विजिट कर कला की बारीकियों को सीख रहे हैं। विश्व प्रसिद्धमूर्तिकार राजकुमार पंडित ने बताया कि फाइन आर्ट के स्टूडेंटस के लिए भी वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। पदमश्री राजेंद्र टिकू ने बताया कि यह वर्क्स फॉर आर्टिस्ट फाउंडरी का अनूठा प्रयास है। इस आयोजन का कोई व्यावसायिक मकसद नहीं है। सभी कलाकारों को यहां हर तरह की सुविधा निशुल्क मुहैया करवाई जा रही है।

# दो वाहन चोर गिरफ्तार

**जयपुर।** खोह नागोरियान थाना पुलिस ने दो शातिर वाहन चोर गिरफ्तार किए है जो कि चेन और मोबाइल स्नेचिंग भी करते थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने 4 दोपहिया वाहन और 7 मोबाइल भी बरामद किए है। आरोपी चोरी के सामानों को सस्ते में बेचकर अपने नशे की आदत को पुरा करते थे। बदमाश चोरी के वाहनों से मोबाइल व चेन स्नेचिंग की वारदातें करते थे। पुलिस ने चोरी के मामले में संजय उर्फ डेमू गुर्जर और गीतम उर्फ नैना बैरवा को गिरफ्तार किया है।

# सरकारी इंजीनियर के लॉकर्स से मिला 50 लाख का सोना-चांदी

**जयपुर।**जोधपुर में सार्वजनिक निर्माण विभाग के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर दीपक कुमार मित्तल के दो बैंक लॉकर खोलने के लिए एसीबी की टीम गंगापुर सिटी पहुंची। दोनों लॉकर में मिले सोने के गहनों का कुल वजन 850 ठााम है। वहीं चांदी के गहनों का वजन सवा किलो हैं। इसकी बाजार कीमत 50 लाख रुपए है। इसके साथ ही एसीबी की कार्रवाई पूरी हो गई है। डिप्टी अभिषेक की सुपरविजन में दोनों बैंक लॉकर खोले गए। इस दौरान मित्तल के परिवार का एक व्यक्ति एसीबी की टीम के साथ मौजूद रहा। इससे पहले सोमवार को एसीबी को मित्तल के जयपुर स्थित बैंक लॉकर से डेढ़ किलो सोने और 5 किलो चांदी के जेवरात मिले थे। एसीबी के डीजी रवि प्रकाश ने बताया कि दीपक कुमार मित्तल के जयपुर स्थित घर पर एसीबी ने रविवार को छापेमारी की थी। रविवार को कार्रवाई में एक्सईएन के घर से करीब 50 लाख कैश, आधा किलो सोने के गहने और 1.5 किलो चांदी के गहने मिले थे। कार्रवाई के दौरान एक्सईएन और उसके परिजनों के नाम जयपुर में करीब 1 करोड़ रुपए कीमत के 4 प्लॉट, उदयपुर में 9 प्लॉट (1 करोड़ 34 लाख रुपए), ब्यावर व अजमेर में 6.50 लाख रुपए के 3 प्लॉट मिले थे।

# सूने मकान पर चोरों ने धावा बोला, पांच लाख की नगदी सहित जेवर पार किये

## मकान निर्माण के लिए पीड़ित ने अपने रिश्तेदारों से पांच लाख रुपए उधार लिए थे

**अजमेर, (कासं)।** सिंधी तोपदड़ा स्थित गुजराती समाज मोहल्ले में एक सूने मकान पर चोरों ने धावा बोला और पांच लाख की नकदी सहित सोने-चांदी के जेवरात पर हाथ साफ कर फरार हो गए। पीड़ित परिवार के लोगों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

पीड़िता परिवार की सदस्य वर्षा ने बताया कि मकान निर्माण के लिए उन्होंने अपने रिश्तेदारों से 5 लाख रुपए उधार लिए थे। यह रकम उन्होंने एक बैग में रखकर पलंग के नीचे सुरक्षित रख दी थी। बीते दिनों पूरा परिवार गुजरात में एक रिश्तेदार की शादी में गया हुआ था, जब वे वापस लौटे तो घर के ताले टूटे मिले, अंदर का सामान बिखरा हुआ था और पलंग में रखा बैग गायब था। पीडित् परिवार ने क्लॉक टावर थाने में जाकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करानी चाही, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाए कहा कि वे शायद खुद ही रुपए रखकर भूल गए होंगे। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक वंदीता राणा को भी शिकायत की, लेकिन उन्हें वहां से भी राहत नहीं मिली। परिवार चोरी के बाद से मानसिक तनाव में हैं और बार-बार थाने के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।



चोरों की वारदात की परिजन ने जानकारी दी।

■ बीते दिनों पूरा परिवार गुजरात में एक रिश्तेदार की शादी में गया हुआ था, पिछे से हुई वारदात

**हादसे में स्कूली छात्र की मौत :** उदयपुर में स्कूल से घर लौटते समय नप्चे गिरने पर पीकअप वाहन से कुचला जाने से घायल स्कूली छात्र की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार खेरवाड़ा थाना क्षेत्र नया गांव रोड़ पर स्कूल से घर जाते समय फाटक खुलने पर जीप से निचे गिरने से घायल हुए सरेरा पहाड़ा निवासी नीर (17) पुत्र अमृतलाल मेघवाल की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई। नीर खेरवाडा राजकीय विद्यालय में पढ़ता था एवं सांय स्कूल से जीप में बैठ कर घर लौट रहा था। जहां बीच रास्ते हादसा हो गया। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल दानवीरसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

# हिंसक टकराव के विरोध में सकल हिंदू समाज का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

## एसपी को सौंपा आईजी के नाम ज्ञापन, घुसपैठियों को बेदखल करने की मांग

**अजमेर, (कासं)।** गंज थाना क्षेत्र के नागफणी इलाके के लोंगिया क्षेत्र में दो पक्षों में हुए हिंसक टकराव मामले को लेकर मंगलवार को सकल हिंदू समाज की ओर से जिला कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया और हिंदू समाज के लोगों पर हुए हमले की निंदा की। संकल हिंदू समाज के प्रतिनिधियों ने अजमेर एसपी वंदिता राणा को रेंज आईजी ओम प्रकाश के नाम ज्ञापन सौंप कर अजमेर में रह रहे घुसपैठियों को बेदखल करने की मांग की।

**सकल हिंदू समाज का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन :-**सोमवार देर रात नागफणी क्षेत्र में हुई सांप्रदायिक घटना के बाद मंगलवार को सकल हिंदू समाज के सैकड़ों लोगों ने जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी-रोहिंग्या हटाओ, अजमेर बचाओ के नारे लगाए और डीआईजी, एसपी और जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अवैध घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें तुरंत बेदखल करने की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के नेता शशि प्रकाश ने कहा कि हिंदू समाज पर होने वाले हमले अब बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। हिंदूवादी नेता सुनील दत्त जैन ने कहा कि अजमेर बारूद के ढेर पर बैठा है। अगर समय रहते प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो स्थिति नियंत्रण से बाहर हो सकती है।

■ सोमवार देर रात को नागफणी इलाके में बच्चों के कंचा खेलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था

**बांग्लादेशी- रोहिंग्या घुसपैठियों को बेदखल की मांग:-** सोमवार देर रात हुई हिंसक घटना को लेकर मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट पर सकल हिंदू समाज द्वारा प्रदर्शन कर एसपी को सौंपे ज्ञापन में आरोप लगाया कि अजमेर के नागफणी मोहल्ला दरगाह संपर्क मार्ग, लौंगिया, अंदर कोट, लोहाखान, दौराई, सोमलपुर सहित अन्य कई क्षेत्रों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लोदशी व रोहिंग्या अवैध घुसपैठिए अपराधों में संलिप्त हैं और हिंदू समाज की महिलाओं को निशाना बना कर आए दिन वारदातें अंजाम देते रहे हैं। उन्होंने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू समाज आंदोलन करेगा। मालूम हो कि सोमवार देर रात को नागफणी इलाके में बच्चों के कंचा खेलने को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ा की दोनों पक्षों में तलवारें, लाठी, डंडे और सरियों में तब्दील हो गया। इस झड़प में करीब 8 लोग घायल हुए थे। स्थानीय लोगों ने बताया कि दूसरे पक्ष के लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो भीड़ ने पुलिस पर भी पथराव कर दिया।

**अजमेर में हुई घटना के बाद पुलिस व जिला प्रशासन सतर्क : -** अजमेर में हुई घटना के बाद पुलिस व जिला प्रशासन सतर्क हो गया है। एसपी द्वारा शांति व्यवस्थाए बनाए रखने के लिए शहर के 9 थानों की पुलिस को संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात किया गया। पुलिस ने मौके से आधा दर्जन से अधिक लोगों को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार भी किया है। पुलिस ने पीडित् पक्षों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बिजली विभाग के कर्मचारी की खेत पर बने कुएं में गिरने से मौत

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर के खाजपुरा गांव में बिजली विभाग के कर्मचारी की कुएं में गिरने से मौत हो गई। हादसा बीती देर रात हुआ जब वह अपने घर के पास स्थित अपने खेत में कुएं पर बिजली की मोटर बंद करने गया था, तभी पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक युवक विजय सिंह खाजपुरा गांव का रहने वाला था और बिजली विभाग (आरएसईबी) नसीराबाद में कार्यरत था, देर रात वह करीब 11:30 बजे अपने घर के पास स्थित खेत में कुए पर पानी की मोटर बंद करने के गया था, देर रात तक घर नहीं लौटने पर उसकी पत्नी ने परिजन को जानकारी दी। परिजन और पड़ोसियों ने उसकी तलाश शुरू की। जब कुएं के पास पहुंचे तो अंदर कुए में विजय गिरा हुआ था। इसकी सूचना परिजन ने आदर्श नगर थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाने के हेड कांस्टेबल श्रीकिशन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से कुएं विजय सिंह को बाहर निकाला गया और अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# नौ किलो अवैध डोडा-चूरा बरामद

**उदयपुर।** शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन कर उसके कब्जे से अवैध डोडा-चूरा बरामद किया।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान अम्बामाता थाना एसआई मुगलाराम ने गश्त के दौरान देवाली टी पोईन्ट से विधी से संघर्षरत एक बाल अपचारी को डिटेन कर उसके कब्जे से 9 किलो अवैध डोडा चुरा जब्त कर प्रकरण दर्ज किया। पूछताछ में उसने बरामद डोडा-चूरा एक व्यक्ति ने दूसरे को देने के लिए दिया था। जिसे सौंपने के लिए टी पोईंट पर आया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मसूदा क्षेत्र में अवैध कोयला बनाने का कारोबार फल फूल रहा है

## जंगलों से कटी हरी लकड़ियों की आरा मशीनों पर हो रही है कटाई

**मसूदा, (निसं)।** मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र में हजारों हरे पेड़ काटकर उनके अवैध रूप से कोयला बनाने का कारोबार फल फूल रहा है। जैसे की बजरी माफिया की तर्ज पर लकड़ी माफिया की ट्रैक्टर ट्रॉलियां पर ओवरलोड होकर सड़कों पर घूमती रहती है। आरा मशीन पर कटाई होकर जगह-जगह बनी अवैध भट्टीयों पर भेजी जा रही है। जिन्हें जलाकर कोयला बनाया जा रहा है लेकिन संबंधित विभाग व पुलिस मौन है।

जानकारी के अनुसार मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र के चारों ओर यह भट्टियां सैकड़ो की तादाद में है। क्षेत्र में वायु प्रदूषण चरम पर है और बच्चों गर्भवती माता तथा बुजुर्गों के साथ-साथ श्वास रोगियों के लिए जानलेवा बना हुआ है। मसूदा पंचायत समिति क्षेत्र के आसपास बढ़ते विलायती बबूल की लकड़ियों से कोयले बनाने का व्यवसाय इन दिनों खूब फलफूल रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारी की मार झेल रहे लोग इन दिनों जंगलों व खेत खलियानों में लगे बबुलों की लकड़ियों से कोयले बनाने जुटे हुए हैं। क्षेत्र के कई कालबेलिया समाज एवं अन्य कोयले के भट्टे चलने वाले परिवार आदि ने बताया है कि पक्की ईटों से बने कोयल बनाने की भट्टी की एक बार में 20 से 25 हजार रुपए की लागत आती है। इससे एक बार दस क्विंटल कोयला बनकर तैयार किए जाते हैं। 45 क्विंटल विलायती बबलू की लड़कियों को भट्टीयों में डाला जाता है। जो एक से दो सप्ताह के अंतराल के बाद कोयले बनकर तैयार हो जाते हैं। तैयार कोयलों को मध्यप्रदेश, गुजरात, हरियाणा, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली आदि प्रदेशों के मील फैक्ट्री, निजी बिजली कंपनियों व कैमिकल संयंत्र उत्पादकों के ठेकेदार खरीदारी कर ले जाते हैं। जहां बढ़ती मंहगाई के चलते लगी लागत के पैसे भी नहीं मिलते, लेकिन बढ़ती बेरोजगारी के चलते बबूलों की लकड़ियों से कोयले बनाना एक अच्छा विकल्प है। क्षेत्र के दर्जनों गांवों में विलायती बबूलों की लकड़ियों से कोयलें बनाने का व्यवसाय खूब फल-फूल रहा है।

■ सैकड़ों ट्रैक्टर ट्रॉलियां पहुंच रहे हैं भट्टियों पर, धुएं के प्रदूषण से लोग परेशान

# जनरल स्टोर में हुई चोरी का खुलासा, पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया

## घटनास्थल के आसपास के 250 सीसीटीवी फुटेज चैक कर वारदात का खुलासा किया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के कोतवाली थाना इलाके के गत दिनों एक जनरल स्टोर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

■ पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर चोरी का माल बरामद करने का प्रयास कर रही है

कोतवाली पुलिस के अनुसार, 15 फरवरी को चिराग मानवानी ने थाने में रिपोर्ट दी कि उसकी दुकान प्रदीप जनरल स्टोर पर कुछ दिनो से किसी जानकार द्वारा चोरी की जा रही है। 9 फरवरी को माल की आवश्यकता पड़ने पर वह माल लेने उपर दुकान मे गया था तो माल नहीं मिला। चिराग ने रिपोर्ट में बताया कि उसने शंका होने पर जानकारी की तो 3, 4 व 5 फरवरी को उसकी दुकान से अज्ञात व्यक्ति पिछले 6 महीने से विमल के बोरे, सिगरेट के डिब्बे, तेल, शैम्पू आदि सामग्री चोरी करके ले गये हैं। पुलिस ने इस रिपोर्ट पर केस दर्ज कर जांच शुरू की।



कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में पांच जनों को गिरफ्तार किया।

विशेष टीम ने तकनीकी आधार पर आसूचनाओं का संकलन कर, परम्परागत पुलिसिंग करते हुये, घटनास्थल के आसपास के 250 सीसीटीवी फुटेज चैक करते हुए वारदात का खुलासा कर पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन आरोपितों में विवेकानंद नगर निवासी किशनलाल (20) पुत्र खेमराज भांबी, नगोला केकड़ी हल मीरा नगर भीलवाड़ा निवासी नमन (19) पुत्र सुरेश मेवाड़ा, शिवनगर निवासी हिमांशु (20) पुत्र हनुमान मेवाड़ा, रामनगर निवासी राहुल (23) पुत्र शांतिलाल तंबोली और निंबार्क आश्रम रोड रामनगर निवासी छोटू उर्फ पोटिया शामिल है। पुलिस इन आरोपितो से पूछताछ कर चोरी का माल बरामद करने का प्रयास कर रही है।

# बजरी के अवैध परिवहन में लिप्त नौ वाहन जब्त किए

**भीलवाड़ा, (निसं)।** खान विभाग की भीलवाड़ा और बिजौलिया टीमों ने अवैध बजरी गतिविधियों पर कार्रवाई करते हुए नौ वाहन जब्त कर संबंधित पुलिस थानों को सुपुर्द कर दिया।

एसएमई ओपी काबरा ने बताया कि विभाग की टीम ने बड़लियास में तीन ट्रैक्टर और एक ट्रेलर जब्त कर बड़लियास थाने में सुपुर्द किया गया। इसी तरह से बजरी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर 1 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर बागौर पुलिस थाने के सुपुर्द की गई। भीलवाड़ा एमई टीम द्वारा ही 1 ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर रायपुर थाने के सुपुर्द की गई।

■ खान विभाग की टीमों ने टीमों ने बड़लियास, बागौर, रायपुर और माण्डलगढ़ में कार्रवाई की

भीलवाड़ा के अधीक्षण अभियंता ओपी काबरा के निर्देशन में एमई भीलवाड़ा महेश शर्मा और एमई बिजौलिया प्रवीण अग्रवाल की टीमों ने सुबह तड़के औचक चैकिंग के दौरान इन वाहनों को जब्त किया। भीलवाड़ा के अधीक्षण अभियंता ओपी काबरा ने बताया कि एमई बिजौलिया प्रवीण अग्रवाल ने नेतृत्व में फोरमेन गिरिराज मीणा की टीम ने माण्डलगढ़ थाना क्षेत्र में तीन ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त कर माण्डलगढ़ थाने की सुपुर्द की गई। काबरा ने बताया कि क्षेत्र के सभी खनिज अभियंताओं और सहायक खनिज अभियंताओं को अवैध खनन गतिविधियों पर सख्ती से कार्रवाई करने के लिए औचक निरीक्षण व रात्रिकालीन गश्त करने के निर्देशित दिए हैं।

# चार पिस्तौल व तीन कारतूस सहित चार आरोपी पकड़े

## बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने वाले थे

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** जिला पुलिस की ओर से की गई चार कार्रवाइयों में चार युवकों को पिस्तौल सहित पकड़ा है। तीन कार्रवाइयां सदर श्रीगंगानगर व एक लालगढ़ जाटान थाना पुलिस की ओर से की गई। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

डीआईजी गौरव यादव ने बताया कि आईपीएस बी आदित्य के नेतृत्व में गठित चार टीमों ने आरोपियों से चार पिस्तौल व तीन कारतूस बरामद किए गए हैं। आरोपियों से की गई प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि उनके द्वारा बरामद किए गए हथियार को किन्हीं संगीन वारदातों में उपयोग किया जाना था। आरोपियों द्वारा बरामद किया गया असला किस से व किस उद्देश्य से खरीद किया गया एवं वारदातों में किस प्रकार उपयोग किया जाना था, इसके बारे में गहनता से पूछताछ जारी है। सभी कार्रवाइयों में डीएसटी प्रथम टीम के एएसआई सुरेंद्र ज्याणी व कांस्टेबल अश्विनीकुमार की विशेष भूमिका रही है।

**सदर पुलिस की तीन टीमों ने पकड़े पिस्तौल, कारतूस :** रीको चौकी प्रभारी जाकिर हुसैन ने गश्त के दौरान गंगनहर के पुल के निकट युवक को 12 बोर देसी पिस्तौल सहित पकड़ा। आरोपी 28 वर्षीय विशाल पुत्र कैलाश निवासी वार्ड नंबर 5 राधा स्वामी डेरा के पास पुरानी आबादी हाल देवीलाल की चक्की के पास पुरानी आबादी श्रीगंगानगर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच हैड कांस्टेबल राजूसिंह को सौंपी गई है। दूसरी कार्रवाई एएसआई बिरजूसिंह की ओर से की गई। गश्त के दौरान सूरतगढ़-पदमपुर बाइपास पर आरोपी 22 वर्षीय गौतम भाटिया पुत्र ओमप्रकाश निवासी कृष्णा टाकीज के पास श्रीगंगानगर के कब्जे से एक देशी पिस्तौल 12 बोर व एक कारतूस 12 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

आरोपी के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे की जांच एएसआई धर्मवीर मीणा को सौंपी गई है। तीसरी कार्रवाई हैड कांस्टेबल निहालचंद ने गश्त के दौरान पालिका बाजार क्षेत्र में की। आरोपी 26 वर्षीय मिथलेश पुत्र राम अखिलेश दास निवासी वार्ड 5 शक्तिनगर पुरानी आबादी के कब्जे से कंपनी निर्मित एक रिवाल्वर 32 बोर व 2 कारतूस 32 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ दर्ज किए गए मुकदमे की जांच हैड कांस्टेबल उदयभान को सौंपी गई है। पिस्तौल सहित गिरफ्तार तीनों आरोपी सदर पुलिस की हिरासत में है।

**इवेंटकर्मी की मौत :** उदयपुर में गत दिनों मीनी लोडिंग वाहन पलटी खाने से घायल इवेंट कर्मी की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के सुखेर थाना क्षेत्र कैलाशपुरी शनिमहाराज मंदिर के पास मीनी वाहन पलटने से सामान के निचे दबने से घायल उपला चोटिया कुराबड़ निवासी सोहनलाल (30) पुत्र दलीचंद मीणा की एमबी चिकित्सालय में उपचार के दौरान मौत हो गई।

# सरवाड़ नगर पालिका का 35.2 करोड़ का बजट सर्वसम्मति से पारित

**सरवाड़, (निसं)।** नगर पालिका अध्यक्ष उर्वशी जैन की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक मंगलवार को आयोजित हुई। वहीं बैठक का शुभारंभ मां शारदा की समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। वहीं बैठक में 35 करोड़ 2 लाख 23 हजार का बजट सर्वसम्मति से पारित हुआ।

■ सरवाड़ नगर पालिका की साधारण सभा की बैठक आयोजित

गणेश पाल पर चौपाटी निर्माण कार्य व सूर्य तलाई का गणेश तालाब शिव तलाब का सौंदर्यीकरण व चमन चौराहा पर स्वागत द्वार बस स्टैंड पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति पीएमश्री विद्यालय के बाहर दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति की स्वीकृति व नगर पालिका से रात्रि नाका पानी की टंकी तक डिवाइडर विभिन्न क्षेत्रों में नाला निर्माण कचरा संग्रहण के लिए ऑटो टिप्पर क्रय मोबाइल टॉयलेट नगर पालिका भवन में सोलर सिस्टम रावण चौक समेलिया रोड़ और अराबा मार्ग पालिका के अन्य भूखंडों की नीलामी अग्निशमन कार्यालय के लिए भूमि आवंटन सदर बाजार स्थित पटवार घर को अस्वामित्व में लेकर सुलभ शौचालय निर्माण सहित विभिन्न बिंदुओं पर हुई सहमति से चर्चा की गई। वहीं पालिका कार्मिकों के प्रमोशन पर ध्वनिमत से सहमति हुई । इस अवसर पर बैठक में सरवाड़ शहर मण्डल अध्यक्ष प्यारेलाल खींची, पार्षद जावेद सिलावट, विशाल मेवाड़ा, इमरान, आसाम, मीनाक्षी जेतवाल, शमसुद्दीन कुरेशी, गणेश माली, प्रहलाद रैगर, रेनू गुर्जर, ममता रेगर व जीवराज भील मौजूद रहे। नगर पालिका कार्मिक भागचंद खटीक, रईस गौरी, नन्द किशोर पोरवाल, महावीर धोबी, चेतन शर्मा, नरेन्द्र सिंह, हर्षवर्धन सिंह, वीरेन्द्र कुमार, संदीप कुमार, गोविंद सिंह, सत्यनारायण लखन व हरि प्रसाद सेवता सहित अन्य मौजूद रहे। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी भगवंत परमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।



सरवाड़ नगर पालिका की साधारण सभा की आयोजित बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा की गई।



मैने इस्तीफा नहीं दिया है। मैं अपना कार्यकाल (2026 के अंत तक) पूरा करूंगी।''उन्होंने कहा ,'' मैं अपने साथी सदस्यों (खिलाड़ियों के आयोग में) से इतना ही कह रही थी कि आगे से ऐसा हुआ तो मैं इस्तीफा दे सकती हूं। -एमसी मैरीकॉम

भारतीय मुक्केबाज, हलद्वानी में एक 'खराब होटल' में ठहराये जाने पर नाराजगी जताते हुए।

# खेल जगत

आज का खिलाड़ी

## मनु भाकर



भारत की स्टार शूटर मनु भाकर 18 फरवरी को अपना 23वां जन्मदिन मना रही हैं। 18 फरवरी 2002 को हरियाणा के झज्जर जिले के गोरिया गांव में जन्मी मनु ने अपनी पढ़ाई यूनिवर्सल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल से की। उनके पिच मर्चेंट नेवी में इंजीनियर हैं और उनकी मां एक टीचर हैं। शूटिंग खेल में अपना भविष्य बनाने वाले मनु ने देश के लिए काफी नाम कमाया है। हालांकि, अपनी मां की ख्वाहिश को पूरा करने अभी भी उनके लिए बाकी है। शायद आपको नहीं पता कि मनु की मां अपनी बेटी को शूटिंग के साथ-साथ एक खास फील्ड में भी देखना चाहती हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** टी-20 अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप का पहला शतक (117 रन)क्रिस गेलने 2007 में प्रथम आईसीसी विश्व ट्वेंटी-20 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बनाया था।

## चोटिल लॉकी फर्ग्यूसन चैम्पियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

लाहौर, 18 फरवरी। न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी की पूर्व संध्या पर उस समय बड़ा झटका लगा जब उसके प्रमुख तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। फर्ग्यूसन दाहिने पैर में चोट के कारण आठ टीमों के टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे। उनकी जगह न्यूजीलैंड की टीम में तेज गेंदबाज काइल जैमीसन को शामिल किया गया है। फर्ग्यूसन के जाने से चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की उम्मीदों को बड़ा झटका लगा है। इस सप्ताह की शुरुआत में चोट के कारण टीम को तेज गेंदबाज बेन सियर्स टूर्नामेंट से बाहर हो गये और उनकी जगह जैकब डफी को टीम में शामिल किया गया।

## मोहम्मद अजहरूद्दीन की नाबाद शतकीय पारी से केरल का विशाल स्कोर

अहमदाबाद, 18 फरवरी। मोहम्मद अजहरुद्दीन (नाबाद 149) की शतकीय, सचिन बेबी (69) और सलमान निजार (52) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत केरल ने रणजी ट्राफी के पहले सेमीफाइनल के दूसरे दिन मंगलवार को सात विकेट पर 418 रन का विशाल स्कोर बना लिया है। केरल ने कल के चार विकेट पर 206 रन आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र की शुरुआत में अरजान नागवासवाला ने सचिन बेबी (69) को आउट कर गुजरात को पांचवीं सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये सलमान निजार ने मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच छठे विकेट के 149 रनों की साझेदारी हुई। विशाल जायसवाल ने सलमान निजार (52) को आउटकर इस साझेदारी को अंत किया। अहमद इमरान (24) रन बनाकर आउट हुये। दिन का खेल समाप्त होने के समय केरल ने सात विकेट पर 418 रन बना लिये हैं। स्टंप के समय मोहम्मद अजरुद्दीन (नाबाद 149) और आदित्य सरवटे (नाबाद 10) क्रीज पर मौजूद थे। गुजरात की ओर से अरजान नागवासवाला ने तीन विकेट लिये। प्रियजीत सिंह जाडेजा, विशाल जायसवाल और रवि बिश्नोई ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## लखनऊ छावनी में शुरू हुआ डीएडी बैडमिंटन टूर्नामेंट

लखनऊ, 18 फरवरी। लखनऊ में 11वें अखिल भारतीय रक्षा लेखा विभाग (डीएडी) बैडमिंटन टूर्नामेंट की विधिवत शुरुआत मंगलवार को हो गयी। सूर्या खेल परिसर (एसकेपी) में टूर्नामेंट का उद्घाटन रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) देविका रघुवंशी ने किया। इस मौके पर मध्य कमान के चीफ ऑफ स्टाफ (सीओएस) लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा, एसके चौधरी, आईडीएएस, हरि हर मिश्रा, आईडीएएस के साथ-साथ सशस्त्र बलों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और सेवानिवृत्त आईडीएएस अधिकारी भी मौजूद थे। इस मौके पर सभी खिलाड़ियों ने बैंड प्रदर्शन के साथ मार्च-पास किया। टूर्नामेंट में कुल 184 खिलाड़ी (127 पुरुष और 57 महिलाएं) भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट को स्पोर्ट्स कोटा श्रेणी,ओपन श्रेणी और आईडीएएस अधिकारी श्रेणी में विभाजित किया गया है। इसमें खेल कोटा के तहत 12 खिलाड़ी , आईडीएएस अधिकारी श्रेणी के तहत 37 अधिकारी और ओपन श्रेणी के तहत 135 खिलाड़ी भाग लेंगे।

## लेक्रोज यूथ एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम रवाना

उदयपुर, 18 फरवरी। जापान के ओकिनावा में 20 से 23 फरवरी तक आयोजित होने वाली लेक्रोज यूथ एशियन गेम्स के लिए भारतीय टीम मंगलवार को रवाना हुई। इस टीम में राजस्थान से चयनित तीनों खिलाडि़यों के टीशर्ट का लांच टीम प्रमोटर राजस्थान स्टेट माइन्स एंड मिनिरल्स लिमिटेड के निदेशक भगवती प्रसाद कलाल ने किया। श्री कलाल ने भारतीय टीम में चयनित मोहनलाल गमेती, खुमाराम गमेती एवं प्रणय त्रिपाठी को टीशर्ट सौंपकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जनरल मैनेजर राजेंद्र राव, सेंट्रल मार्केटिंग हेड हनुमत सिंह, डिप्टी जनरल मैनेजर बी एस पत्राबत, अधिकारीगण प्रशिक्षक नीरज बत्रा आदि उपस्थित थे।

## स्पेन की महिला टीम ने भारत को 4-3 से हराया

भुवनेश्वर, 18 फरवरी। स्पेन की महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग में भारत को 4-3 से हराया। आज यहां भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारतीय टीम की ओर से बलजीत कौर ने (19वें) मिनट में, साक्षी राणा ने (38वें) मिनट और रुताजा दादासो पिसल ने (45वें) मिनट में गोल किए। स्पेन की ओर से एस्टेल पेटचैम ने (25वें और 49वें) मिनट, सोफिया रोगोस्की ने (21वें) और कैप्टन लूसिया जिमेनेज ने (52वें) मिनट में गोल दागे। पहला क्वार्टर कड़े मुकाबले के बीच गोल राहित रहा। दूसरे क्वार्टर में मैच की शुरुआत हुई, जिसमें छह मिनट के अंतराल में तीन गोल हुए। 21वें मिनट में दीपिका ने बाईं ओर से रिवर्स हिट मारा, जिसे बिना निशान वाले बलजीत ने गोल में पहुंचा कर अपना पहला अंतरराष्ट्रीय गोल किया। इसके दो मिनट बाद स्पेन ने रोगोस्की के गोल से स्कोर 1-1 से बराबर कर लिया। इसके बाद स्पेन की एस्टेल पेटचैम ने 25वें मिनट में गोल दाग कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। तीसरे क्वार्टर के 38वें मिनट में साक्षा राणा ने गोल कर स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। चौथे क्वार्टर में भारत ने एक और स्पेन ने दो गोल किये। बराबरी का गोल करने की बेताबी में भारत ने मैच के आखिरी चार मिनट तक अपने गोलकीपर के बिना खेला।

## चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम इंडिया की जर्सी पर दिखा पाक का नाम

दुबई, 18 फरवरी। कल से आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने जा रहा है। पाकिस्तान की मेजबानी में खेले जाने वाले इस मेगा टूर्नामेंट के लिए टीम इंडिया ने अपनी जर्सी लॉन्च कर दिया है। इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया नई जर्सी में नजर आएगी जिसमें पाकिस्तान का नाम प्रिंट है।भारतीय क्रिकेट टीम ने सोमवार 17 फरवरी को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए अपनी जर्सी का अनावरण किया। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, हार्दिक पंड्या और पेसर अर्शदीप सिंह नई जर्सी में दिखे। हालांकि, जिस चीज ने सबका ध्यान खींचा, वह था उनकी जर्सी पर पाकिस्तान का नाम। दरअसल, पाकिस्तान का नाम जर्सी पर इसलिए है, क्योंकि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी का आधिकारिक मेजबान पाकिस्तान है।



आईसीसी के नियमों के अनुसार सभी टीमों को अपनी जर्सी पर दाहिने ओर छाती पर आईसीसी इवेंट का लोगो और मेजबान देश का नाम लिखना होता है। यही कारण है कि भारतीय टीम को भी भले ही दुबई में अपने मैच खेलने हैं। लेकिन पाकिस्तान का नाम आधिकारिक मेजबान की वजह से लिखना पड़ा है। खुद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने ये तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें रोहित, जडेजा, पंड्या और अर्शदीप आईसीसी अवॉर्ड्स के साथ नजर आ रहे हैं।

ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि भारत टूर्नामेंट के आधिकारिक लोगों को अपनी जर्सी पर यूज करेगा, लेकिन पाकिस्तान के नाम को हटा देगा। हालांकि, ऐसा देखने को नहीं मिला। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने इंडिया टुडे से पुष्टि की है कि भारतीय टीम आईसीसी के दिशा-निर्देशों का पालन करेगी और ऐसा ही देखने को मिला है। हालांकि, एशिया कप 2023 के दौरान भारत ने ऐसा नहीं किया था लेकिन यहां एसीसी नहीं, बल्कि आईसीसी के नियम लागू होते हैं।

## भारत-पाकिस्तान मैच में किसे मिलेगी जीत?

दुबई, 18 फरवरी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज होने में अब बस कुछ ही घंटे शेष हैं। लेकिन इस टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा इंतजार अगर किसी मुकाबले का किया जा रहा है तो वो है भारत बनाम पाकिस्तान मैच जिसका आयोजन 23 फरवरी को दुबई में किया जाएगा। इस मुकाबले को लेकर पूर्व दिग्गज क्रिकेटर्स कई तरह की भविष्यवाणी कर रहे हैं साथ ही साथ ये भी बता रहे हैं कि किसी जीत की संभावना ज्यादा है।अब पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद यूसुफ ने भी बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मैच में किस टीम की जीत की संभावना ज्यादा है और कौन टीम इस बार चैंपियन बनेगी। मोहम्मद यूसुफ का मानना है कि पाकिस्तान की टीम अपने खिताब की रक्षा करने में कामयाब रहेगी और इसके अलावा उनका ये भी मानना है कि भारत-पाकिस्तान मुकाबले में उनकी टीम का पलड़ा भारत केखिलाफ भारी रहेगा।यूसुफ ने कहा कि पाकिस्तान की टीम इस बार मेरी फेवरिट टीम है।

## गेंदबाजी कोच ने अचानक बीच में टीम को छोड़ा

दुबई, 18 फरवरी। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत को अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलना है। लेकिन उससे पहले टीम इंडिया की परेशानियां लगातार बढ़ती जा रही हैं। पहले जसप्रीत बुमराह के बिना कमजोर नजर आ रही टीम इंडिया के एक और झटका लगा है। दरअसल, टीम के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल पारिवारिक इमरजेंसी के कारण दक्षिण अफ्रीका अपने घर रवाना हो गए। इस नाजुक मौके पर टीम का मनोबल गिरा हुआ है। मोर्ने मोर्कल को पिछले साल सितंबर में भारत का गेंदबाजी कोच बनाया गया था। वह शनिवार को भारतीय टीम के साथ दुबई पहुंचे और बुधवार से शुरू हो रही चैंपियंस ट्रॉफी से पहले शुरुआती सत्र में भी मौजूद थे। वह सोमवार को दूसरे अभ्यास सत्र में भारतीय टीम के साथ नहीं थे। मोर्कल टीम के साथ दोबारा कब जुडेंगे। वह चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई आएंगे भी या नहीं फिलहाल इस बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।लोअर बैक इंजरी से जूझ रहे जसप्रीत बुमराह टूर्नामेंट से बाहर है, जिससे तेज आक्रमण का दारोमदार मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और हर्षित राणा पर है जबकि हार्दिक पंड्या चौथा विकल्प हैं। शमी खुद चोट से वापसी कर रहे हैं, जो नवंबर 2023 में हुए वनडे वर्ल्ड कप के बाद से इक्का-दुक्का मैच ही मैच पाए हैं। वर्ल्ड कप के समान कठिन माने जाने वाले टूर्नामेंट में आठ टीमें खिताब के लिए जोर आजमाइश करेंगी और अपने क्रिकेट इतिहास का सुनहरा अध्याय लिखने की कोशिश में होंगी। टीम इंडिया के मैच दुबई में होंगे जबकि बाकी अन्य टीमें अपने सभी मैच पाकिस्तान के तीन शहर रावलपिंडी, लाहौर और कराची में खेलेंगी।

## ड्रेपर, अल्काराज ने कतर ओपन में अंतिम 16 में जगह बनाई

दोहा, 18 फरवरी। स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशियाई टेनिस खिलाड़ी मारिन सिलिक को तथा ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने रूस के एलेक्सी पोपिरिन को हराकर कतर ओपन में अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है। सोमवार को खेले गये मुकाबले में ब्रिटेन के टेनिस खिलाड़ी ड्रेपर ने कतर ओपन के दूसरे दौर में रूस के एलेक्सी पोपिरिन के खिलाफ 6-2 7-6 (7-4) की जीत दर्ज की। वहीं स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने क्रोएशियाई टेनिस खिलाड़ी मारिन सिलिक को 6-4, 6-4 से हराकर अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की की। अगले दौर में अल्काराज का मुकाबला झांग झिझेन या लुका नारदी से होगा।

## थाईलैंड को हराकर दक्षिण कोरिया एएफसी अंडर-20 एशियाई कप क्वार्टरफाईनल में

शेन्ज़ेन, (चीन) 18 फरवरी। दक्षिण कोरिया ने ग्रुप डी में थाईलैंड को 4-1 से हराकर एएफसी अंडर-20 एशियाई कप के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। सोमवार को खेले गये मुकाबले में योत्सकोन बुराफा के बॉक्स से बाहर के शॉट ने थाईलैंड को 23वें मिनट में बढ़त दिलाई। इसके बाद दक्षिण कोरिया के यूं डो-योंग ने 32वें मिनट में गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। दक्षिण कोरिया के किम ताए-वोन ने 59वें और 86वें मिनट में दो गोल किए। स्थानापन्न पार्क सेउंग-सू की ओर से किये गये चौथे गोल ने दक्षिण कोरिया की जीत पक्की कर दी। इसी के साथ दक्षिण कोरिया ने अंतिम आठ में जगह बना ली हैं। इससे पहले हुये जापान और सीरिया के बीच मुकाबला 2-2 से बराबरी पर छूटा।

## बेन कर्रन का शतक, जिम्बाब्वे ने आयरलैंड को नौ विकेट से हराया

हरारे, 18 फरवरी। बेन कर्रन (नाबाद 118) की शतकीय और कप्तान क्रेग एर्विन (नाबाद 69) की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने मंगलवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में 63 गेंदे शेष रहते आयरलैंड को नौ विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने तीन मैचों की सीरीज 2-1 से जीत ली।

241 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 124 रन जोड़े। 20वें ओवर में ग्रेम ह्यूम ने ब्रायन बेनेट (48) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये कप्तान क्रेग एर्विन ने बेन कर्रन के पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। बेन कर्रन ने 130 गेंदों में 14 चौकों की मदद से (नाबाद 118) रनों की पारी खेली। वही क्रेग एर्विन ने 59 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (नाबाद 69)रन बनाये। जिम्बाब्वे ने 39.3ओवर में 246 रन बनाकर नौ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले आज यहां जिम्बाब्वे ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही उसने 42 के स्कोर तक अपने दो विकेट गवां दिये। कप्तान पॉल स्टर्लिंग (नौ) और कर्टिस कैमफर (11) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये हैरी टेक्टर ने एंडी बैलबर्नी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच 86 रनों की साझेदारी हुई। 33वें ओवर में वेलिंग्टन मसाकाट्जा एंडी बैलबर्नी को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एंडी बैलबर्नी ने 99 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए (64) रनों की पारी खेली।

इसके बाद 39वें ओवर में रिचर्ड एन्गरावा ने हैरी टेक्टर (51) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। जॉर्ज डॉकरेल (दो) रन बनाकर आउट हुये। लोर्कान टकर ने 54 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। उन्हें 50वें ओवर में ब्लेसिंग मुजरबानी ने बोल्ड आउट किया। आयरलैंड ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 240 रन का स्कोर खड़ा किया। जिम्बाब्वे की ओर से रिचर्ड एन्गरावा और ट्रेवर ग्वांडू ने दो-दो विकेट लिये। ब्लेसिंग मुजरबानी और वेलिंग्टन मसाकाट्जा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## राहुल ने चैम्पियंस ट्रॉफी से पहले नेट पर बड़े शॉट लगाने पर ध्यान केंद्रित किया

दुबई, 17 फरवरी। फिनिशर की भूमिका के लिए तैयारी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल ने बांग्लादेश के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के अपने पहले मैच से पहले सोमवार को भारतीय टीम के दूसरे अभ्यास सत्र में अपने बड़े शॉट लगाने के कौशल पर काम किया। अपनी तकनीकी रूप से मजबूत बल्लेबाजी के लिए पहचाने जाने वाले राहुल ने आक्रामक शॉट खेलने पर ध्यान केंद्रित किया। ऋषभ पंत एकादश में जगह बनाने के लिए जोर लगा रहे हैं और ऐसे में 32 वर्षीय राहुल अधिक सक्रिय और पावर हिटिंग मानसिकता को अपनाते हुए दिखाई दिए। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में 29 गेंद पर 40 रन की तेज पारी खेलने वाले राहुल को लगभग हर गेंद पर छक्के लगाने का अभ्यास करते हुए देखा गया। पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार राहुल की भूमिका अंतिम ओवरों में महत्वपूर्ण होगी जहां उन्हें शुरू से ही पारी को गति देने की जरूरत पड़ सकती है और उन्हें 'रेंज हिटिंग' का अभ्यास करते हुए देखा जा सकता था।

## राजस्थान में होंगे इरफान पठान, शिखर धवन, यूसुफ पठान सहित एशिया के जाने-माने क्रिकेटर्स



जयपुर, 18 फरवरी। एशिया के जाने-माने क्रिकेट के खिलाड़ी एक ही ग्राउंड पर अपने फैन्स को फिर एक बार चौकों छक्कों की गूंज सुनाएंगे। मौका होगा नाथद्वारा, उदयपुर में एमपीएमएससी ग्राउंड में आयोजित होने जा रहे एशियाई लीजेंड्स लीग 2025 टी20 टूर्नामेंट का। 10 मार्च से 18 मार्च तक होने वाले इस टूर्नामेंट में पांच सबसे बड़े एशियाई क्रिकेट देशों - भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, क़तर, यूएई और अफगानिस्तान के दिग्गज खिलाड़ियों से बनी टीमें रोमांचक टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसी कड़ी में लीग की ड्राफ्टिंग कार्यक्रम का शहर में आयोजन हुआ, जिसमें 300 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान पांच टीम मेंबर्स का गठन हुआ। इस दौरान लीग कमिश्नर, बीसीसीआई के पूर्वसेलेक्टरऔर पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा, मिराज ग्रुप केवाईसचेयरमैनमंत्राराजपालीवाल,एमप ीएमएससीके लक्ष्मण दीवान और लीग के सीईओ महावीर प्रसाद शर्मा, जयपुर केईएमसीएलफाउंडर और लीग आयोजक रवि कुमार यादव और ऑल टी20 डायरेक्टर नीरज कुकरेजा ने पांचों टीम के प्लेयर्स की घोषणा की। कार्यक्रम में बॉलीवुड एक्टर और क्रिकेट एक्सपर्ट समीर कोचर और स्टार स्पोर्ट्स कमेंटेटरसागारिकाछेत्री उपस्थित रही। कार्यक्रम के बारे में जयपुर से लीगआयोजकरवि यादव ने बताया कि पांच टीमइंडियनरॉयल्स, श्रीलंका लायंस, अफगानिस्तानपग्रन्स, एशियाई स्टार्स और बांग्लादेश टाइगर्स केप्लेयर्सका चयन और जर्सी लांच हुआ। जिसमें भारत के पूर्वऑल राउंडर इरफ़ानपठान, बैट्समैन शिखर धवन, ऑल राउंडर युसूफ पठान इंडियन रॉयल्स के लिए खेलेंगे। वहीं श्रीलंका लायंस के लिए ऑलराउंडर थिसारा परेरा, बैट्समैन तिलकरत्ने दिलशान,उपलथरंगा मैदान पर आएंगे। जबकि अफगानिस्तान पठान्स के लिए अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान, एम शहज़ाद, समीउल्लाह शिनवारी वहीं बांग्लादेश टाइगर्स के लिए मोहम्मद अशरफुल, तमीम इक़बाल, नईम इस्लाम और एशियाई स्टार्स के लिए भारत के केदार झादव, सौरभ तिवारी, ओमान के मेहरान खान और यूएई के अब्दुल शकूर शामिल रहेंगे। इस 9 दिवसीय लीग में 15 मैचेस खेले जाएंगे जिसका लाइव टेलीकास्ट स्टार स्पोर्ट्स पर किया जाएगा। टूर्नामेंट के बारे मेंमंत्राराजपालीवाल ने बताया कि ये टूर्नामेंट नाथद्वारा के लिए बहुत से अवसर और उपलब्धियां लाएगा। ये पहली बार होगा जब इस तरह काअंतर्राष्ट्रीयटूर्नामेंट 'श्रीनाथ जी' की नगरी में होने जा रहा है। सभी खेल प्रेमियों के लिए ये एक खास अनुभव हो उसकी काफी तैयारियां की जा रही है जिसके लिए 10 मार्च को होने वाली ओपनिंग नाईट अपने आप में यादगार होगी। ओपनिंग सेरेमनी में कई बॉलीवुड सितारे, सिंगर्स और एक्टर्स उपस्थित होंगे इसी के साथ रंगा-रंग रौशनी के बीच फायरवर्क्स और 100 से अधिकडांसर्स, ड्रोन शो आदि माहौल में चार चांद लगा देंगे। इस लीग में अपने पसंदीदाक्रिकेटर्स इरफ़ानपठान, सुरेश रैना,वीरेंदर सेहवाग, युसूफ पठान जैसे मशहूर खिलाड़ियों की मौजूदगी क्रिकेट प्रेमियों को रोमांच से भर देगी।

## जयपुर ओपन फॉर ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह एमवीसी पोलो कप आज से

जयपुर, 18 फरवरी। जयपुर पोलो सीजन 2025, जयपुर ओपन फ़ॉर ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह एमवीसी पोलो कप (12 गोल), के मैच 17 से 23 फरवरी तक खेले जाएंगे। इंटरनेशनल खिलाड़ियों ओर भारत के बेहतरीन खिलाड़ियों के आपसी खेल का तालमेल देखने को मिलेगा। बुधवार को दो मैच खेले जाएंगे। रामबाग पोलो ग्राउंड पर दो मैच खेले जाएंगे। जिसमे पहला मैच दोपहर 3 बजे डेल्टा/चांदना पोलो ओर जयपुर सुजान के बीच और दूसरा मैच विमल एरिओन अचीवर्स बनाम अरावली पोलो के बीच शाम 4 बजे खेल जाएगा। जयपुर ओपन फ़ॉर ब्रिगेडियर महाराजा सवाई भवानी सिंह एमवीसी पोलो कप (12 गोल), की चार टीमों को दो पूलों में बांटा गया है। पूल ए और बी में दो-दो टीमो को रखा गया है। जोकि निम्न प्रकार है। पूल-ए: डेल्टा/चांदना पोलो ओर जयपुर सुजान। पूल-बी: विमल एरिओन अचीवर्स और अरावली पोलो को रखा गया है।

## नन्हें खा मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग
## नीरजा मोदी की जीत में निखिल कोहली का पंजा

जयपुर, 18 फरवरी। चंबल स्पोर्ट्स क्लब द्वारा आयोजित 4 नन्हें खा मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में आज संस्कार ग्राउंड पर खेले गए मैच में नीरजा मोदी एकेडमी ने बग़ड़ क्रिकेट एकेडमी को 9 विकेट से हराया। नीरजा मोदी ने टॉस जीतकर बगड़ एकेडमी को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया। नीरजा मोदी के तेज गेंदबाज निखिल कोहली की गेंदबाजी के सामने मात्र 21 ओवर में 90 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मोदी की ओर से निखिल कोहली ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट लिए। बगड़ एकेडमी की ओर से कार्तिक शेखावत ने 29 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए नीरजा मोदी ने मोहम्मद गाजी 39 रनों के सहयोग से 9 ओवर में 91 रन बनाकर जीत दर्ज की। आज के मैच के मैन ऑफ़ द मैच निखिल कोहली रहे। कल का मैच जयपुर ब्लूज बनाम बगड़ एकेडमी के बीच खेला जाएगा।

## आरसीबी ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया

वडोदरा, 18 फरवरी। कप्तान स्मृति मंधाना (81) और डेनिएल वायट (42) की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के चौथे मुकाबले में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स को 22 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। दिल्ली कैपिटल्स के 141 के स्कोर के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी के लिए स्मृति मांधना और डेनिएल वायट की सलामी जोड़ी ने तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए तेजी के साथ रन बटोरे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पहले विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। 11वें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने डेनिएल वायट को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। डेनिएल वायट ने 33 गेंदों में सात चौके लगाते हुए (42) रन बनाये। स्मृति मंधाना ने 46 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुए (81) रनों की पारी खेली। उन्हें 16वें ओवर में शिखा पांड़े ने आउट किया।

## ब्रिस्बेन ओलंपिक 2032 के लिए मुख्य स्टेडियम की घोषणा मार्च में होगी

सिडनी, 18 फरवरी। ऑस्ट्रेलिया क्वींसलैंड प्रांत की सरकार ने मंगलवार को कहा कि ब्रिस्बेन ओलंपिक 2032 और पैरालिंपिक खेलों के लिए मुख्य स्टेडियम के जगह की घोषणा मार्च में की जाएगी। क्वींसलैंड के उप प्रधानमंत्री जारोड ब्लेजी ने बताया कि चर्चा के बाद 25 मार्च को सरकार मुख्य स्टेडियम की जगह बारे में घोषणा करेगी। उन्होंने कहा कि खेलों के लिए बुनियादी ढांचे प्रदान करने के लिए चल रही स्वतंत्र समीक्षा में 08 मार्च को सरकार को अपनी अंतिम रिपोर्ट सौंपने वाली है। रिपोर्ट में इस बात की सिफारिश की जाएगी कि नया स्टेडियम बनाया जाए या नहीं।

## बल्लेबाजी में शिवम दुबे, सूर्यकुमार विफल, मुंबई को मिला आकाश का सहारा

नागपुर, 18 फरवरी। रणजी ट्राफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में मंगलवार को शिवम दुबे, सूर्यकुमार यादव और कप्तान अजिंक्य रहाणे बल्लेबाजी में विफल रहे और मुम्बई की लड़खड़ाती पारी को आकाश आनंद का सहारा मिला। बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत खराब रही और उसने आयुष म्हात्रे (नौ) का विकेट गवां दिया। इसके बाद सिद्धेश लाड ने आकाश आनंद के साथ पारी को संभाला। यश ठाकुर ने सिद्धेश लाड (35) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। कप्तान अजिंक्य रहाणे (18), शिवम दुबे (शून्य), सूर्यकुमार यादव (शून्य) और शम्स मुलानी (चार) रन बनाकर पवेलियन लौट गये।

### जयदीप बियानी के खिलाफ नागौर क्रिकेट संघ के सचिव ने सीएम और खेल मंत्री को लिखा पत्र

## आईपीएल आयोजन का जिम्मा राज्य सरकार निर्वहन करे : नान्दू

जयपुर, 18 फरवरी। नागौर क्रिकेट संघ के सचिव राजेन्द्र सिंह नान्दू ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को आईपीएल के सफल आयोजन करवाने को लेकर पत्र लिखा है। नान्दू ने आरसीए कन्वीनर जयदीप बियानी द्वारा आईपीएल राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा करवाने की मांग की निंदा की है। उन्होंने लिखा कि राज्य सरकार ने पिछली बार आईपीएल का शानदार आयोजन खेल मंत्री की देखरेख में किया था, जिससे सम्पूर्ण राजस्थान के खेल प्रेमियों में खुले मन से राज्य सरकार की प्रशंसा की थी।



राजेन्द्र सिंह नान्दू



जयदीप बियानी

जिला क्रिकेट संघ का सचिव होने के नाते में जयदीप बियानी द्वारा पूर्व में भी खुद को आरसीए का बोस ओर मालिक बताना, जिला संघ के पदाधिकारियो के साथ बत्तमीजी करना व आरसीए का चुनाव स्पोर्ट्स कॉउन्सिल करवायेगी, जैसे बेतुके बयान देकर राजस्थान क्रिकेट संघ की छवि धूमिल कर चुके है। इस बयान से खेल परिषद व राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन के बीच जयदीप बियानी दरार पैदा करने की कोशिश की है। आरसीए द्वारा करवाये जाने सम्बंधी माँग का विरोध करता हूँ। इसके समर्थन में खेल मन्त्री को पत्र लिखकर अपनी भावनाओं से अवगत कराये। मेरा आग्रह है जिला संघो से कि यह पत्र जल्दी से जल्दी खेल मंत्री को लिखें। कहीं खेल परिषद व आरसीए के विवाद में मैच राज्य से बहार शिफ्ट नहीं हो जाये। फिलहाल ना तो आरसीए के पास ग्राउड का एमओयू है और न ही आरसीए के चुनाव सम्पन हुए है।

ऐसी स्थिति में आरसीए किसी भी आईपीएल का सफल आयोजन नही करवा सकता। जयदीप बियानी द्वारा आईपीएल का आयोजन सम्बंधी बयान उनका व्यक्तिगत मत है। इस बयान से पूर्व जयदीप बियानी द्वारा आईपीएल आयोजन के लिए ना तो एडहोक कमेटी के सदस्यों से पूछा गया, ना ही साथी जिला संघो के पदाधिकारियों से राय ली गई। एडहोक कमेटी के सदस्यों से मांग करता है कि व जल्द से जल्द आईपीएल आयोजन संबंधी अपने विचारों से राज्य सरकार को अवगत करवाये तथा यह स्पष्ट करे कि जयदीप बियानी द्वारा आईपीएल आयोजन संबंधी दिया गया बयान उनका व्यक्तिगत विचार है। एडहोक कमेटी के बाकी सदस्य यह स्पष्ट करे कि यह बयान जयदीप बियानी द्वारा व्यक्तिगत रूप से दिया गया है। इस बयान से एडहोक कमेटी के सदस्यों का कोई लेना-देना नहीं है।



## सिमरनजीत सिंह और ओवेस के बीच फाइनल

जयपुर,18 फरवरी। राजापार्क स्थित सिंह बिलियर्ड्स में आयोजित 5वां रोशन लाल नैयर मेमोरियल राजस्थान ओपन टूर्नामेंट में सोमवार को खिलाडियों का प्रदर्शन में उलटफेर देखने को मिला। सिमरनजीत सिंह ने मनीष टाक को 40-49, 08-63, 56-49 से हरा फाइनल में जगह बनाई। ओवेस ने ध्रुपद सरपाल को 69-20, 25-60, 64-37,88-22 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मनीष टाक ने निखिल को 89-29,49-60, 55-45 से हराया। टूर्नामेंट का फाइनल मैच शाम 4 बजे खेल जायेगा, जिसके मुख्य अतिथि जयपुर कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी होंगे।



*उदयपुर में आयोजित राज्य जल मंत्रियों के दूसरे अखिल भारतीय सम्मेलन में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जल कलश सेरेमनी में प्रतिरूपी घड़ों में पानी भरा।*

# एस.आई. भर्ती परीक्षा पेपरलीक मामले में राज्य सरकार की अंतरिम रोक हटाने की मांग अनसुनी की हाईकोर्ट ने

## अदालत ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि परीक्षा रद्द करने के मुद्दे पर फैसला शीघ्र लें

■ **अदालत ने कहा कि वह उक्त परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को फील्ड पोस्टिंग देने पर लगाई गई अंतरिम रोक नहीं हटाएगी व सुनवाई जारी रखेगी।**

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 18 फरवरी। राजस्थान हाईकोर्ट में एसआई भर्ती-2022 पेपर लीक मामले पर सुनवाई जारी रहा, और राज्य सरकार ने भर्ती परीक्षा को रद्द नहीं करने के सम्बन्ध में तर्क-वितर्क करना जारी रखा। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता ने कहा कि अगर राज्य सरकार यह मानते हुए कार्यवाही करती है कि सभी अभ्यर्थियों ने पेपर लीक से अवांछिक फायदा लिया था, तो कानून के अनुसार राजस्थान पुलिस सर्विस रूल्स, 1989, की धारा 15 के तहत, जिन अभ्यर्थियों ने परीक्षा में भाग लिया था, वे सभी अभ्यर्थी अन्य किसी भी सरकारी परीक्षा में बैठ नहीं पाएंगे। उन्होंने कहा कि अगर अदालत परीक्षा को याचिकाकर्ताओं के अनुरोध पर खारिज करती है तो पूरी जांच ना होने के कारण परीक्षा में पुन: पेपरलीक होने का खतरा रहेगा। वहीं, अदालत की ओर से मौखिक टिप्पणी में कहा गया कि पेपरलीक परीक्षा से 35 दिन पूर्व ही हो गया था, इससे ऐसे में यह आंकलन करना कि पूरी परीक्षा ही प्रभावित थी, गलत नहीं होगा। अदालत ने राज्य सरकार को बुधवार को बहस जारी रखने को कहा है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने ये आदेश कैलाश चन्द्र शर्मा की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

सुनवाई के दौरान, राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने अदालत को बताया कि मामले में जांच जारी है और अभी तक पूरी तरह से यह पता नहीं चला है कि पेपर लीक में अन्य और कौन-कौन शामिल है। वहीं, मामले में उच्च स्तर पर मंथन चल रहा है। महाधिवक्ता और अन्य की राय मानना राज्य सरकार के लिए बाध्यकारी भी नहीं है। वहीं अदालती रोक के चलते, राज्य सरकार दोषियों पर कार्रवाई नहीं कर पा रही है। इस पर अदालत ने कहा कि वे तीन माह का टाइम ले लें, लेकिन भर्ती रद्द करने को लेकर ठोस जवाब दें। एएजी ने कहा कि अदालती रोक के चलते कार्रवाई नहीं हो पा रही है। ऐसे में अदालत को रोक हटानी चाहिए।

एएजी की ओर से यह भी कहा गया कि हम आरोपियों पर कार्रवाई चाहते हैं। पूरी भर्ती रद्द होने से, जिसने अपराध नहीं किया, वह भी अपराधी माना जाएगा। अदालती समय पूरा होने पर अदालत ने मामले की सुनवाई बुधवार को जारी रखने को कहा और अंतरिम रोक हटाने की मांग को स्वीकार नहीं किया। उल्लेखनीय है कि अदालत ने चयनित अभ्यर्थियों की फील्ड-पास्टिंग पर अन्तरिम रोक लगाने के आदेश पहले ही दे रखे हैं।

# 'हमें जल संरक्षण से जल आत्मनिर्भरता की दिशा में बढ़ना है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उदयपुर में राज्यों के जल मंत्रियों के सम्मेलन को संबोधित किया

■ **उन्होंने कहा कि संविधान में जल राज्यों का विषय है, लेकिन प्रधानमंत्री के प्रयासों से जल राज्यों के बीच समन्वय एवं सहयोग का विषय बन गया है।**

■ **केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि रामजल सेतु परियोजना के तहत राजस्थान को ज्यादा पानी मिलेगा। यमुना जल समझौते से यमुना का सरप्लस वॉटर राजस्थान में आ पायेगा।**

उदयपुर, 18 फरवरी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमें जल संरक्षण के उपायों को अपनाकर जल-आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर होना चाहिए, जिससे आने वाली पीढियों को एक सुरक्षित और समृद्ध भविष्य प्रदान किया जा सके। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को उदयपुर कोडियात स्थित एक रिसोर्ट में आयोजित राज्य जल मंत्रियों के दूसरे अखिल भारतीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमारी संवैधानिक व्यवस्था में जल राज्यों का एक विषय है,लेकिन प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों से जल राज्यों के बीच समन्वय एवं सहयोग का विषय बन गया है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत 2047 के सपने को साकार करने में जल आत्मनिर्भरता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

सम्मेलन में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने कहा कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी ने कहा था कि तीसरा विश्व युद्ध होगा, वो पानी के लिए होगा। मैं मानता हूं कि तीसरा विश्व युद्ध अगर पानी के लिए हुआ तो भारत उसमें कहीं नहीं होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पानी का प्रबंध विश्व युद्ध के पहले देश में करेंगे। इसमें हम सबको भी योगदान देना होगा। हम बात सुनकर बैठे रहेंगे तो कुछ नहीं होगा। हम सब मिलकर संकल्प के साथ काम करेंगे तो परिणाम आएंगे।

केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल ने कहा कि रामजल सेतु परियोजना (संशोधित पीकेसी लिंक परियोजना) के तहत राजस्थान को ज्यादा पानी मिलेगा। परियोजना के तहत, आने वाले समय में राजस्थान को बड़ी मात्रा में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते के तहत भी राजस्थान तथा हरियाणा राज्यों के त्वरित निर्णय से यमुना का सरप्लस वॉटर राजस्थान में आना संभव हो पाएगा।

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी ने कहा कि ओडिशा में होकर महानदी,गोदावरी,नर्मदा जैसी बड़ी नदियाँ बहती हैं, जो जल संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को बढ़ाती है।

कार्यक्रम में कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, हिमाचल प्रदेश के उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरूण साव, केन्द्रीय सचिव,जल संसाधन देबाश्री मुखर्जी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने जल कलश सेरेमनी में सहभागिता की। साथ ही, उन्होंने नारी शक्ति से जल शक्ति, मोनोग्राफ वाटर हैरिटैज साइट ऑफ इंडिया, जल जीवन मिशन ब्रेकिंग द सोशल बेरियर का ई.लॉन्च तथा जल संचय जनभागीदारी फिल्म तथा गीत का ई.लॉन्च किया। कार्यक्रम में केन्द्रीय जल शक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी,जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल, विभिन्न राज्यों के जल संसाधन मंत्री, वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

### एचएआई ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

जमीन पर है और उसे एनएचएआई ही हटाएगा। सुनवाई के दौरान एनएचएआई की ओर से रिपोर्ट पेश कर कहा गया कि बगरू तक कुल 338 अतिक्रमण पाए गए हैं। कुछ अतिक्रमण हटाए गए हैं और शेष को नोटिस देकर हटाया जाएगा। जनहित याचिका में अधिवक्ता कमलेश रोज ने अदालत को बताया कि जयपुर-अजमेर हाइवे पर बन रहे पुल का निर्माण समय पर नहीं हुआ है, जिसके चलते हाईवे पर जगह-जगह घंटों तक जाम लगा रहता है। इसलिए एनएचएआई और जेडीए सहित अन्य विभागों को यहां से अतिक्रमण हटाकर जल्दी निर्माण करने और यातायात सुचारू करने के निर्देश दिए जाएं।

### तेज रफ्तार...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

सोमवार को थी। इसमें शामिल होने के लिए भवानीपुरा गांव से उनके ससुराल पक्ष के लोग भी आए थे। आज सुबह सभी भवानीपुरा लौटने के लिए लोडिंग वाहन में बैठ रहे थे। उनको छोड़ने आए लोग भी वहीं खड़े थे। इसी दौरान डंपर ने टक्कर मार दी।

# 'आधी रात को मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करना असभ्यता है'

## विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा, उनकी असहमति पर ध्यान दिये बिना नियुक्ति की गई

■ **राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने देश के मुख्य न्यायाधीश को हटाकर गृह मंत्री अमित शाह को सदस्य बनाने पर आपत्ति की थी तथा सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आने तक मुद्दे को स्थगित करने का आग्रह किया था।**

नयी दिल्ली, 18 फरवरी। लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने आधी रात को नये मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर सबको चौंकाया ही नहीं है बल्कि संवैधानिक कदम उठाकर असभ्य होने का भी परिचय दिया है ।

गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए सोमवार को हुई बैठक में अपनी असहमति यह कहते हुए व्यक्त की थी कि समिति से देश के मुख्य न्यायाधीश को हटाना गलत है और उनकी जगह गृहमंत्री अमित शाह को समिति में रखना अनुचित है। यह मामला न्यायालय में है और बुधवार को इस बारे में उच्चतम न्यायालय को फैसला देना है इसलिए इस मुद्दे को 19 फरवरी तक स्थगित किया जाना चाहिए, लेकिन सरकार ने उनकी असहमति पर ध्यान दिए बिना आधी रात को नये चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी, इस कदम को सभ्य नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा अगले चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को एक असहमति नोट प्रस्तुत किया जिसमें कहा गया है कि एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर सरकार ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंता को बढ़ा दिया है।

गांधी ने लिखा, नेता प्रतिपक्ष के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं बाबा साहेब अम्बेडकर और हमारे देश के संस्थापक नेताओं के आदर्शों को कायम रखूं और सरकार को जिम्मेदार ठहराऊं। नयी सीईसी का चयन करने के लिए आधी रात को निर्णय लेना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए अपमानजनक और असभ्य दोनों है, जब समिति की संरचना और प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा रही है, ऐसे में जबकि, अड़तालीस घंटे से भी कम समय में सुनवाई होनी है।

### 'महाकुंभ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

(भगदड़ की) घटना में इतने लोग मर गये, लेकिन सरकार उनकी सही संख्या के आँकड़े जारी नहीं कर रही है। सरकार ने इस आयोजन का इतना ज्यादा प्रचार-प्रसार और विज्ञापन तो किया, लेकिन कुंभ स्थल पर समुचित व्यवस्थाएं नहीं कीं।" बनर्जी ने इस भगदड़ में मरे पश्चिम बंगाल के निवासियों की दुर्दशा भी बताई तथा आरोप लगाया कि उनके शव समुचित "डॉक्यूमेन्टेशन" के बिना ही भेज दिये गये, जिसके कारण परिजनों को मुआवजा प्राप्त करने में बहुत मुश्किलें आईं। उन्होंने कहा, "हमने मृतकों का पोस्टमार्टम कराया, जिससे उनके परिजनों को मृत्यु प्रमाण पत्र मिलना सुनिश्चित हो सके।"

मुख्यमंत्री ने महाकुंभ में "वीआईपी संस्कृति" पर भी कड़े प्रहार किये।

बनर्जी ने कहा, "आम लोगों की असुविधा का ध्यान रखते हुये, मैं पवित्र डुबकी लगाने के लिये नहीं गई, क्योंकि कुंभ में वीआईपी वर्ग के लिये विशेष व्यवस्थाएं थीं।"

उन्होंने यह भी कहा कि भगदड़ की घटना के बाद, उत्तर प्रदेश सरकार ने कोई जाँच-समिति गठित नहीं की, जबकि, इसके उलट, पश्चिम बंगाल में ऐसी दुखांतिकाओं के बाद जाँच समितियाँ गठित की जाती हैं। विपक्ष के नेता सुवेन्दु अधिकारी के नेतृत्व में , राज्य भाजपा ने बनर्जी के बयानों की निंदा की है तथा कहा है कि इस आयोजन का ऐसा अपमान बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

ममता बनर्जी के भाषण के बाद, भाजपा विधायकों ने उनके खिलाफ नारेबाजी की। उस समय, वे भगवा पगड़ी पहने हुये थे। भाजपा विधायकों ने बनर्जी पर "हिन्दू-विरोधी मुख्यमंत्री" होने का आरोप लगाया तथा कहा कि भारत की जनता महाकुंभ का कथित अपमान बर्दाश्त नहीं करेगी।

### गुजरात निकाय ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

उन्होंने कहा यह विकास की राजनीति की एक और बड़ी जीत है। कांग्रेस मात्र एक नगरपालिका जीतने में सफल हो सकी। आम आदमी पार्टी का खाता तक नहीं खुला। गुजरात के निकाय चुनाव में कांग्रेस से बेहतर प्रदर्शन समाजवादी पार्टी का रहा। सपा ने यहां दो 2 नगर पालिकाओं पर कब्जा जमाया। इसके अलावा, 3 नगर पालिकाओं में टाई की स्थिति रही। एक में निर्दलीय ने बाजी मारी तो 1 नगर पालिका में किसी को बहुमत नहीं मिला।

# मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के कानून पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

## अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह किया था कि इन याचिकाओं की प्राथमिकता से सुनवाई हो

■ **प्रशांत भूषण ने कहा कि 2023 के नए अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में पेंडिंग हैं, दूसरी ओर उसी अधिनियम पर केन्द्र सरकार ने सोमवार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया।**

नयी दिल्ली, 18 फरवरी। केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, वर्ष 2023 के जिस नए कानून पर भरोसा जताते हुए की है, उस कानून की वैधता को चुनौती देने वाली विचारधाराधीन याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय बुधवार को प्राथमिकता से सुनवाई कर सकता है।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष मंगलवार को गुहार लगाते हुए एनजीओ, एसोसिएशन फॉर डैमोक्रैटिक रिफॉर्म्स (ए.डी.आर.) की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सुनवाई करने करने के लिए दलीलें दीं। उन्होंने दलील दी कि याचिका पर बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह हमारे लोकतंत्र के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।

उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सर्वोच्च प्राथमिकता से विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने दलील देते हुए आरोप लगाया कि केंद्र सरकार कथित रूप से अनूप बरनवाल मामले में संविधान पीठ के फैसले का मजाक उड़ा रही है। उन्होंने कहा, नए अधिनियम 2023 को हमने और कई अन्य लोगों ने शीर्ष अदालत में चुनौती दी है और यह विचाराधीन है। केंद्र सरकार ने नए 2023 अधिनियम पर भरोसा करते हुए सोमवार 17 फरवरी 2025 को ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया।

हालांकि, पीठ ने अधिवक्ता प्रशांत भूषण से बुधवार को मामले का उल्लेख करने को कहा। इसने यह भी बताया कि न्यायालय ने पहले 2023 कानून के क्रियान्वयन पर रोक लगाने की याचिका को अस्वीकार कर दिया था।

इस पर भूषण ने कहा कि मामले को आइटम नंबर 41 के रूप में सूचीबद्ध किया गया है, इसलिए इसे तब सुनवाई के लिए नहीं लिया जा सकता है।

याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया कि 2023 के इस कानून ने शीर्ष न्यायालय के पिछले फैसले को प्रभावी रूप से कमजोर कर दिया है, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) से मिलकर एक स्वतंत्र चयन पैनल का गठन अनिवार्य किया गया था। इसके बजाय, नए कानून ने सीजेआई की जगह एक केंद्रीय मंत्री को नियुक्त किया, जिससे चुनाव आयोग पर कार्यकारी प्रभुत्व के बारे में चिंताएँ पैदा हुईं। केंद्र ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 को दिसंबर 2023 में अधिनियमित किया। नए कानून ने सीईसी और ईसी के चयन के उद्देश्य से गठित किए जाने वाले पैनल में भारत के मुख्य न्यायाधीश की जगह एक मंत्री को नियुक्त किया है।

### 'मुस्लिम ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भाजपा की आई टी सैल के प्रमुख "अमित मालवीय ने एक्स पर कांग्रेस सरकार के फैसले की आलोचना की और कहा कि हिंदू जब नवरात्रि में व्रत रखते हैं तब उन्हें तो ऐसी छूट नहीं दी जाती।"

### क्या अपने ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

असंभव होगा। अमेरिका अपने समीकरणों, कूटनीतिक लक्ष्यों के कारण युद्ध खत्म करने का समझौता कराने के लिए किसी भी हद तक जाने पर आमादा है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है कि अमेरिका यूक्रेन में मिलने वाले विशाल अप्रयुक्त संसाधनों को हासिल करने के इच्छुक है, और युद्ध का अंत इसे इन अप्रयुक्त खनिजों और संसाधनों पर कब्जा करने का अवसर देगा।

संयुक्त राज्य अमेरिका का वार्ता की मेज पर आने का अंतर्निहित उद्देश्य मुख्य रूप से अमेरिका और रूस के बीच अवरुद्ध संवाद और कूटनीतिक चैनलों को फिर से खोलना है। वार्ता की शुरुआत में अमेरिकी प्रतिनिधियों ने कहा कि यूक्रेन युद्ध का अंत रूस और अमेरिका के बीच सहयोग और साझेदारी के विशाल अवसर खोल सकता है। दोनों देशों के लिए वैश्विक स्तर पर कई "भूराजनीतिक" अवसर पैदा हो सकते हैं।

यह सभी घटनाएँ यूरोपियन यूनियन को साथ लिए बिना हो रही है। यहाँ तक कि यूनाइटेड किंगडम भी अब कहीं दिखाई नहीं दे रहा है।

हालांकि, द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से ब्रिटेन हमेशा से अमेरिका के साथ विशिष्ट संबंधों का दावा करता रहा है। कई ईयू कमिश्नर्स ने कहा कि यूरोपियन यूनियन वार्ताओं में अपनी प्रासंगिकता बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

# 'यू ट्यूबर और उनके कार्यक्रमों पर कुछ करना होगा, हम छोड़ेंगे नहीं'

■ **सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर इलाहबादिया मामले में टिप्पणी की, हालांकि नियमों की कमी के कारण उन्हें यू ट्यूबर रणवीर को गिरफ्तारी से राहत देनी पड़ी।**

नई दिल्ली, 18 फरवरी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि ऑनलाइन सामग्री को लेकर कानून में खाली जगह है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि यूट्यूब जैसे मंचों पर हर तरह की चीजें चल रही हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन. कोटिस्वर सिंह की बेंच ने एक यूट्ययूबर से जुड़े मामले का जिक्र करते हुए यह टिप्पणी। इस मामले में केंद्र भी एक पक्ष था। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, "हर तरह की चीजें चल रही है। ये यूट्ययूबर और उनके कार्यक्रम...इसको लेकर कुछ करना होगा और हम करेंगे। हम इसे इस तरह नहीं छोड़ने वाले हैं। हमने (रणवीर अल्लाहबादिया मामले में) नोटिस जारी किया है। हम कुछ करना चाहते हैं।"

जस्टिस सूर्यकांत के मुताबिक, इस क्षेत्र में नियमों की कमी दिखाई दे रही है और कथित यूट्ययूब चैनल द्वारा इस का गलत इस्तेमाल चिंता का विषय है। बेंच ने इससे पहले दोपहर में रणवीर अल्लाहबादिया को उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी में गिरफ्तारी से राहत दी थी। इंडिया गॉट लेटेंट कार्यक्रम में माता-पिता और यौन सम्बंधों पर टिप्पणी करने को लेकर अल्लाहबादिया के खिलाफ विभिन्न जगहों पर प्राथमिकियां दर्ज की गईं थीं।

बेंच ने अल्लाहबादिया के कार्यक्रम में की गई टिप्पणियों को अस्वीकार्य बताते हुए फटकार लगाई और कहा कि उनके दिमाग में कुछ गंदा था, जो उन्होंने यूट्ययूब कार्यक्रम में उगल दिया।कोर्ट ने यह भी कहा कि आपके चुने हुए शब्दों से माता-पिता को शर्म आएगी, बेटियां और बहनें शर्म महसूस करेंगी, आपका छोटा भाई शर्मिंदा होगा और समूचा समाज शर्मिंदा होगा।

## युवा कांग्रेस ने रेल मंत्री का इस्तीफा मांगा

नयी दिल्ली, 18 फरवरी। युवा कांग्रेस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में कई लोगों के मारे जाने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए तथा इस घटना के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को जिम्मेदार बताते हुए, मंगलवार को यहां प्रदर्शन किया और वैष्णव से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की।युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनकारी युवाओं ने जबरन रेल मंत्रालय की तरफ जाने का प्रयास किया, लेकिन भारी पुलिस बंदोबस्त के कारण उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने रेल मंत्री का पुतला फूंका और उनसे इस्तीफ़ा मांगा।

### 4340 करोड़...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

में 83.85 प्रतिशत वृद्धि दर्शाई गई है। उसकी आय 2022-23 में 2360.844 करोड़ रूपए थी, जो बढ़कर 2023-24 में 4340.473 करोड़ रूपए हो गई। कांग्रेस की आय में भी लगभग 170 प्रतिशत की बढ़त दर्शाई गई है। 2022-23 में 1225.119 करोड़ रूपए हो गई। राष्ट्रीय राजनैतिक दलों की सर्वाधिक आय दान एवं चंदे से हुई दिखाई गई है। रिपोर्ट कहती है कि तीन राष्ट्रीय दल- भाजपा, कांग्रेस तथा आप ने 2023-24 में कुल आय का 43 प्रतिशत भाग इलैक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से प्राप्त दान से एकत्रित किया है।

### सत्येन्द्र जैन ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

आधार पर जैन के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के लिए राष्ट्रपति से अनुरोध किया था। बता दें कि जांच एजेंसी ने कथित हवाला लेनदेन से जुड़े मनी-लॉन्ड्रिंग मामले में जैन पर मामला दर्ज किया था।

# रेलवे पुलिस ने कहा, प्लेटफॉर्म बदलने से मची अफरातफरी और उससे हादसा हुआ

## आरपीएफ चौकी नई दिल्ली के प्रभारी निरीक्षक ने वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त को विस्तृत रिपोर्ट सौंपी

■ **आरपीएफ के सहायक सुरक्षा आयुक्त ने भीड़ का आंकलन कर स्टेशन मास्टर को और टिकट बेचने से मना किया।**

नयी दिल्ली, 18 फरवरी। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गत शनिवार को नई दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर अपनी रिपोर्ट में कहा है कि स्टेशन पर प्रयागराज के लिए चलने वाली विशेष ट्रेन के प्लेटफॉर्म में परिवर्तन की घोषणा के बाद अफरातफरी में फुटओवर ब्रिज पर लोगों में धक्का-मुक्की के बाद यात्री एक दूसरे पर गिरने लगे, जिससे 20 यात्रियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए। आरपीएफ चौकी नई दिल्ली के प्रभारी निरीक्षक द्वारा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (समन्वय) को रविवार को सौंपी गई रिपोर्ट में विस्तार से घटना की जानकारी दी गई। हालांकि, हताहतों की संख्या के बारे में रेल अधिकारियों और आरपीएफ रिपोर्ट के दावे अलग-अलग हैं।

रिपोर्ट में प्रभारी निरीक्षक ने लिखा है कि दिनांक 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नम्बर 12 से गाड़ी संख्या 12560 शिवगंगा के प्रस्थान होने के बाद अचानक से स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी जिससे फुटओवर ब्रिज 2 और 3 चोक हो गए तथा प्लेटफॉर्म 12-13,14-15 एवं 16 पर जाम की स्थिति पैदा हो गयी। मौके पर ही सहायक सुरक्षा आयुक्त (नई दिल्ली) फुटओवर ब्रिज 2 पर आये और भीड़ का आंकलन कर स्टेशन डायरेक्टर को और अधिक टिकट बेचने से मना किया और अधिक भीड़ होने का अंदेशा जताते हुए सतर्कता बरतने के लिए कहा गया। इसी दौरान सहायक सुरक्षा आयुक्त (नई दिल्ली) स्वयं फुटओवर ब्रिज 3 पर पहुंचे और स्टाफ के साथ मिलकर फुटओवर ब्रिज 3 को क्लियर करने का प्रयास किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब रेलवे सुरक्षा बल द्वारा फुटओवर ब्रिज 2 और 3 को क्लियर करवाने का प्रयास किया जा रहा था उसी दौरान समय करीब 20:45 बजे उद्घोषणा हुई कि प्रयागराज को जाने वाली कुम्भ स्पेशल प्लेटफॉर्म 12 से जाएगी लेकिन उसके कुछ समय बाद स्टेशन पर दोबारा उद्घोषणा की गई कि कुम्भ स्पेशल प्लेटफॉर्म 16 से जाएगी जिसके चलते यात्रिओं में भगदड़ की स्थिति उत्पन हो गयी जबकि उस समय प्लेटफॉर्म 14 पर गाड़ी संख्या 20802 मगध एक्सप्रेस व प्लेटफॉर्म 15 पर गाड़ी संख्या 12445 उत्तर सम्पर्क क्रांति खड़ी थी तथा गाड़ी संख्या 12418 प्रयागराज एक्सप्रेस के यात्रियों की भी भीड़ प्लेटफॉर्म 14 पर मौजूद होने के कारण यात्रियों का आवागमन रुक गया था। उक्त उद्घोषणा सुनने के बाद यात्री प्लेटफॉर्म -12-13 एवं 14-15 से सीढि यों के रास्ते फुटओवर ब्रिज 2 और 3 पर चढ़ने का प्रयास करने लगे तथा गाड़ी संख्या 20802 मगध एक्सप्रेस, 12445 उत्तर सम्पर्क क्रांति तथा 12418 प्रयागराज एक्सप्रेस के यात्री जो सीढि यों से नीचे उतर रहे थे इन सबके बीच धक्का-मुक्की के दौरान कुछ यात्री सीढि यों पर फिसल कर गिरकर घायल हो गये जिनके ऊपर से अन्य यात्री गुजरने लगे।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालयः सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालयः राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908